भोपाल
बुधवार, 13 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष-4/5
वर्ष : 12, अंक : 134
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यून. 24

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

डिजिटल हेल्थ सेवाओं में बड़ी उपलब्धि

## 79.91 करोड़ आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट्स बने




**नई दिल्ली।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने देशभर में 79.91 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट्स बनाकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने आज मंगलवार को राज्यसभा में यह जानकारी दी। इस मिशन का उद्देश्य एक मजबूत डिजिटल हेल्थ इकोसिस्टम बनाना ▸▸ शेष पेज 6 पर



केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन और डेयरी राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने संसद में स्पष्ट किया

# केंद्र सरकार के पास गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का कोई प्रस्ताव लंबित नहीं

***अनुच्छेद 246(3) के तहत पशुओं के संरक्षण से जुड़े कानून बनाने का अधिकार पूरी तरह राज्य विधानमंडलों के पास***

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देशभर में गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देने को लेकर समय-समय पर उठने वाली मांगों और राजनीतिक बहसों पर संसद में केंद्र सरकार ने अपना रुख बेहद साफ शब्दों में रख दिया। लोकसभा में हुई कार्यवाही के दौरान केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन और डेयरी राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने इस विषय पर स्थिति स्पष्ट कर दी। उन्होंने अनुच्छेद 246(3) का उल्लेख करते हुए कहा कि पशुओं के संरक्षण से जुड़े कानून बनाने का अधिकार पूरी तरह राज्य विधानमंडलों के पास है, और फिलहाल केंद्र के पास गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है। बघेल ने बताया कि केंद्र सरकार ने दिसंबर 2014 से राष्ट्रीय गोकुल मिशन लागू किया हुआ है। इस योजना का उद्देश्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रयासों को मजबूत करना है ताकि गायों का संरक्षण, संवर्धन और पालन-पोषण बेहतर तरीके से किया जा सके। इसके तहत देशभर में देसी नस्ल की गायों के संरक्षण, डेयरी उत्पादन बढ़ाने और पशुपालन को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। केंद्र का यह बयान न केवल इस मुद्दे पर चल रही चर्चाओं को दिशा देता है, बल्कि यह भी स्पष्ट करता है कि आने वाले समय में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का रास्ता राजनीतिक से ज्यादा संवैधानिक और कानूनी होगा।

### दूध उत्पादन में गाय का बड़ा योगदान



संसद में पेश आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2024 में देश में कुल 239.30 मिलियन टन दूध का उत्पादन हुआ। इसमें गाय के दूध का योगदान 53.12% रहा, जबकि भैंस के दूध का हिस्सा 43.62% था। यह आंकड़े बताते हैं कि भारत के डेयरी सेक्टर में गाय का महत्व बेहद अहम है।

### गाय पर फैसला राज्यों के हाथ में


गाय को राष्ट्रीय पशु बनाने की मांग समय-समय पर विभिन्न संगठनों और समूहों द्वारा उठाई जाती रही है। लेकिन केंद्र ने साफ कर दिया है कि इस विषय पर फैसला लेना राज्यों का अधिकार है। ऐसे में, मौजूदा संवैधानिक ढांचे के तहत केंद्र के पास सीधे कानून बनाने का अधिकार नहीं है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 8 साल में सबसे कम खुदरा महंगाई दर

**नई दिल्ली।** आम जनता के लिए सबसे बड़ी खबर आई है। खुदरा महंगाई में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई है, यह 8 साल के निचले स्तर पर चला गया है। जुलाई के दौरान महंगाई दर घटकर 1.55 फीसदी पर आ चुकी है। जबकि जून 2025 में खुदरा महंगाई दर 2.1% रही थी। वहीं मई 2025 में खुदरा महंगाई दर 2.82% दर्ज की गई थी। जुलाई के दौरान 1.55 फीसदी रही।



### कार्गो विमान के इंजन में लगी आग, सुरक्षित लैंडिंग

**नई दिल्ली।** चेन्नई में मंगलवार को एक कार्गो विमान के इंजन में अचानक आग गई। पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए विमान को सुरक्षित लैंड करा लिया। विमान के उतरने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। ये विमान मलेशिया के कुआलालंपुर शहर से आ रहा था।



### 6,115 रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सेवा

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे देश भर के 6,115 रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सुविधाएं प्रदान कर रहा है। यह जानकारी सरकार द्वारा मंगलवार को संसद को दी गई। रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सेवा सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य शहरी-ग्रामीण डिजिटल अंतर को समाप्त करना है।



मप्र में सरकारी भर्तियों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के 13% पद होल्ड होने का मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने मप्र सरकार से पूछा- ओबीसी के 13% होल्ड पदों पर 6 साल में क्या किया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मध्यप्रदेश में सरकारी भर्तियों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के 13% पद होल्ड होने के मामले में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने मप्र सरकार से जवाब-तलब किया।

ओबीसी महासभा के वकील वरुण ठाकुर ने बताया कि कोर्ट ने कहा है कि ओबीसी के 13% होल्ड पदों पर 6 साल में सरकार ने क्या किया? ठाकुर ने बताया- याचिका एमपीपीएससी के चयनित अभ्यर्थियों ने लगाई है, जिनको नियुक्ति नहीं दी जा रही है। मामले में मध्यप्रदेश सरकार ने 29 सितंबर 2022 को एक नोटिफिकेशन जारी किया था, इसे कोर्ट में चैलेंज किया गया है। सरकार ने कोर्ट में कहा था कि हम भी रिजर्वेशन देना चाहते हैं। ऐसे में ऑर्डिनेंस पर जो स्टे है, उसे वैकेट किया जाए। इस पर कोर्ट ने कहा- सबसे बड़ी बात ये है कि मप्र सरकार के जो जनप्रतिनिधि कहते हैं कि हम ओबीसी को 27% आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, उनके वकील सुनवाई में तब पहुंचते हैं, जब ऑर्डर डिक्टेट हो जाता है। फिर ये नेता कहते हैं कि ऑर्डिनेंस पर स्टे वैकेट नहीं होने से प्रशासनिक परेशानियां आ रही हैं। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सीनियर वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) के चयनित अभ्यर्थियों की तरफ से कोर्ट के सामने पक्ष रखा। कोर्ट ने इस ▸▸ शेष पेज 6 पर

**इस मामले की सुनवाई 23 सितंबर से रोजाना होगी**

*कोर्ट ने कहा कि मप्र सरकार के वकील सुनवाई में तब पहुंचते हैं, जब ऑर्डर डिक्टेट हो जाता है। फिर भी कहते हैं कि ऑर्डिनेंस पर स्टे वैकेट नहीं होने से प्रशासनिक परेशानियां आ रही हैं*

***याचिका एमपीपीएससी के चयनित अभ्यर्थियों ने लगाई है, जिनको नियुक्ति नहीं दी जा रही है***

***सरकार ने कोर्ट में कहा था कि हम भी रिजर्वेशन देना चाहते हैं। ऐसे में ऑर्डिनेंस पर जो स्टे है, उसे वैकेट किया जाए***

### हाईकोर्ट ने आरक्षण सीमा 14% तक सीमित की थी




मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने 4 मई 2022 के अंतरिम आदेश में ओबीसी आरक्षण की सीमा 14% तक सीमित कर दी थी। इसके बाद से यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है। 5 अगस्त को हुई सुनवाई में ओबीसी महासभा की ओर से कहा गया था कि परीक्षा के बाद भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, ▸▸ शेष पेज 6 पर

### 22 जुलाई को सरकार ने मांगी थी राहत

#### कहा था- 58% आरक्षण को को मान्यता दी जाए

इस मामले में 22 जुलाई को हुई सुनवाई में मध्यप्रदेश सरकार ने राहत की मांग की थी। सरकार की ओर से कहा गया था कि जैसे छत्तीसगढ़ में 58% आरक्षण को सुप्रीम कोर्ट ने मान्यता दी है, वैसे ही मप्र को भी राहत दी जाए, ताकि भर्ती प्रक्रिया पूरी हो सके। ओबीसी पक्षकार ने भी एक्ट को लागू करने की मांग की थी जबकि अनारक्षित पक्ष ने आपत्ति जताते हुए कहा था कि ▸▸ शेष पेज 6 पर

#### सरकार के आदेश पर स्टे हटाने की मांग

मध्यप्रदेश सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दी गई जानकारी के मुताबिक प्रदेश में 2019 में ओबीसी को 27% आरक्षण देने का बिल पारित हुआ था। उसके बाद जब 27% ओबीसी आरक्षण के क्रियान्वयन आदेश जारी हुए तो 4 मई 2022 में अभ्यर्थी शिवम गौतम ने मप्र हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। हाईकोर्ट ने ओबीसी को 27% आरक्षण के क्रियान्वयन आदेश पर स्टे दे दिया। इसके साथ ही राज्य सरकार के संशोधित कानून और नियम पर रोक लगा दी गई थी। इन संशोधनों से आरक्षण की कुल सीमा 73% तक ▸▸ शेष पेज 6 पर

#### मुख्यमंत्री ने दोहराई 27% आरक्षण देने की प्रतिबद्धता



**भोपाल।** सीएम डॉ. मोहन यादव पहले ही विधानसभा में स्पष्ट कर चुके हैं कि प्रदेश सरकार 27% ओबीसी आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने इस मुद्दे पर दोहरा रवैया अपनाया और कमजोर तथ्यों के आधार पर अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन विभागों में स्थगन आदेश नहीं है, वहां पहले ही 27% आरक्षण लागू कर दिया गया है और जहां मामला अदालत में लंबित है, वहां भी ▸▸ शेष पेज 6 पर

146 सांसदों की ओर से न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने का आया था प्रस्ताव

# लोकसभा अध्यक्ष ने जस्टिस वर्मा को हटाने का प्रस्ताव स्वीकार किया

**3 सदस्यीय समिति गठित**



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने के नोटिस को स्वीकार कर लिया। उन्होंने जज के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति भी गठित की।

लोकसभा में यह ऐलान करते हुए ओम बिरला ने कहा कि न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने की प्रक्रिया शुरू होनी चाहिए, क्योंकि उनके खिलाफ लगे आरोप गंभीर प्रकृति के हैं। अब इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हो गई। इस जांच समिति में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बीवी आचार्य ▸▸ शेष पेज 6 पर

### बिरला बोले- केस से जुड़े तथ्य भ्रष्टाचार की ओर इशारा करते हैं

बिरला ने कहा कि बेदाग चरित्र, वित्तीय और बौद्धिक ईमानदारी न्यायपालिका में एक आम व्यक्ति के विश्वास की नींव है। उन्होंने कहा कि मौजूदा मामले से जुड़े तथ्य भ्रष्टाचार की ओर इशारा करते हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124, अनुच्छेद 217 और अनुच्छेद 218 के अनुसार कार्रवाई के योग्य हैं। संसद को इस मुद्दे पर एक स्वर में बोलने की जरूरत है। इस देश के प्रत्येक नागरिक को भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की अपनी प्रतिबद्धता का स्पष्ट संदेश देना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है और न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 की धारा 3(2) के अनुसार न्यायमूर्ति वर्मा को पद से हटाने के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है।

**क्या है मामला ?:** यह मामला 14 मार्च को उनके दिल्ली स्थित आवास पर आग लगने के दौरान दमकल की गाड़ियों की ओर से कथित तौर पर नकदी पाए जाने के बाद सामने आया था, जब वे दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। न्यायाधीश अपने घर पर मौजूद नहीं थे। 28 जुलाई को एक सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए कई सवाल पूछे थे।

100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले

## बैंक में 15 करोड़ की लूट करने वालों का सुराग नहीं

**जबलपुर।** सिहोरा के इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में हुई लूट मामले में 24 घंटे बीत जाने के बावजूद भी पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। स्मॉल फाइनेंस बैंक में घुसे 5 बदमाश 15 करोड़ का सोना लेकर फरार हो गए लेकिन अपने पीछे कोई भी सुराग नहीं छोड़ा। खितौला तिराहे पर स्थित स्मॉल फाइनेंस बैंक में डकैतों ने पूरी योजनाबद्ध तरीके से अपनी वारदात को अंजाम दिया था। शातिर बदमाशों ने वारदात के दौरान केवल हेलमेट ▸▸ शेष पेज 6 पर




■ बदमाश हाइवे के रास्ते ही हुए फरार

130 किमी दूर सवाई माधोपुर में घुसी

## कूनो पार्क की मादा चीता ज्वाला राजस्थान पहुंची

**भरतपुर।** कूनो नेशनल पार्क की मादा चीता ज्वाला एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार उसने सीमाएं पार करते हुए राजस्थान का रुख किया करीब 130 किलोमीटर का सफर तय कर वह सवाई माधोपुर जिले के बालेर गांव मे घुस गई। यह इलाका मप्र के श्योपुर जिले से बिल्कुल सटा हुआ है। और रणथंभौर टाइगर रिजर्व के दायरे में आता है। जब गांव वालों ने बकरी के बाड़े में ज्वाला को देखा तब वह वह एक बकरी का शिकार ▸▸ शेष पेज 6 पर



■ ज्वाला के गले में रेडियो कॉलर

राजगढ़ के एक स्कूल में शर्मनाक मामला

## छात्रों ने क्लास में एलईडी पर देखी अश्लील फिल्म

**राजगढ़।** जिले के सुठालिया में पीएम श्री स्कूल में कुछ छात्रों ने क्लास के दौरान एलईडी स्क्रीन पर अश्लील फिल्म चला दी। इस दौरान बाकी छात्र कुर्सियों पर बैठकर फिल्म देख रहे थे। इनमें से एक छात्र ने इसका वीडियो बना लिया। सोशल मीडिया पर ये वीडियो वायरल होने के लोगों ने इस पर विरोध जताया। मामला पुलिस और प्रशासन तक भी पहुंचा। जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला ▸▸ शेष पेज 6 पर




■ वीडियो भी बनाया, प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग

पीएम मोदी और जेपी नड्डा पर उम्मीदवार चयन का जिम्मा छोड़ा गया है

# एनडीए गठबंधन जल्द घोषित कर सकता है उपराष्ट्रपति पद के लिए 'अपना' उम्मीदवार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश के अगले उपराष्ट्रपति कौन होंगे? इस बात की चर्चा उसी दिन से शुरू हो गई है, जिस दिन जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा दिया था। इंडी गठबंधन की ओर से अभी तक यह नहीं बताया गया है कि उनका उम्मीदवार कौन होगा। इस बीच, एनडीए की तरफ से उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार की घोषणा जल्दी ही की जा सकती है।

**उपराष्ट्रपति पद के लिए 9 सितंबर को चुनाव होगा**



फाइल फोटो

### 4 लोगों के चल रहे हैं नाम

हालांकि, इसे लेकर सरकार या सहयोगी दलों की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं बताया गया है। लेकिन, हाल ही में एनडीए की बैठक हुई थी, जिसमें पीएम मोदी और जेपी नड्डा पर उम्मीदवार चयन का जिम्मा छोड़ा गया है। 7 अगस्त को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अगुआई में एनडीए की बैठक हुई थी। बता दें, उपराष्ट्रपति पद के लिए 9 सितंबर को चुनाव होगा। धनखड़ के इस्तीफे के बाद अगले उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार को ▸▸ शेष पेज 6 पर

फर्जी जाति प्रमाण पत्र का मामला

# मप्र एसटीएफ ने की 25 कर्मचारियों और अधिकारियों पर एफआईआर

**अधिकांश फर्जी जाति प्रमाण पत्र ग्वालियर, भिंड, मुरैना से जारी हुए**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ग्वालियर

यहां फर्जी जाति प्रमाण पत्र के जरिए नौकरी पाने के मामले में मप्र एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) ने बड़ी कार्रवाई की है।

प्रदेशभर में 25 कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। ग्वालियर में तीन डॉक्टर और एक इंजीनियर पर भी एफआईआर की गई है, जिन्होंने फर्जी जाति प्रमाण पत्र का उपयोग कर नौकरी हासिल की थी। जयारोग्य अस्पताल के तीन डॉक्टर, डॉ. विनोद मांझी, डॉ. दिनेश मांझी और डॉ. सुमन मांझी के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। इसके अलावा एग्जीक्यूटिव इंजीनियर रजनीश कुमार का नाम भी इस सूची में शामिल है।



जांच में पाया गया कि ये फर्जी जाति प्रमाण पत्र ग्वालियर से बनवाए गए थे। एसटीएफ की तरफ से दर्ज एफआईआर में इंदौर, शाजापुर, विदिशा, होशंगाबाद और बैतूल में पदस्थ अधिकारियों के नाम भी शामिल हैं। इस मामले में शिकायत गौरीशंकर राजपूत द्वारा की गई थी, जिसके आधार पर कार्रवाई की गई है। हैरान करने वाली बात ▸▸ शेष पेज 6 पर

### कन्वेक्टिव एक्टीविटीज (संवहनीय गतिविधि) का अर्थ

वायुमंडल में होने वाली संवहन प्रक्रिया, जो आमतौर पर बादल, बारिश, तूफान, और अन्य मौसम की घटनाओं का कारण बनती है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें गर्म, हल्की हवा ऊपर उठती है और ठंडी, भारी हवा नीचे उतरती है, जिससे एक चक्र बनता है। संवहनीय गतिविधि वायुमंडल में तापमान और घनत्व के अंतर के कारण होती है। जब हवा गर्म होती है, तो वह हल्की हो जाती है और ऊपर उठने लगती है। जैसे-जैसे यह ऊपर जाती है, यह ठंडी होती जाती है और भारी हो जाती है, जिससे यह नीचे उतरने लगती है। इस प्रक्रिया को संवहन कहा जाता है।

आज कन्वेक्टिव एक्टीविटीज से बारिश, 12 दिन में आधी घट गई औसत वर्षा

# प्रदेश में अब सामान्य से केवल 28 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज, एक अगस्त को थी 55 फीसदी ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के कुछ हिस्सों में अभी बादल, बौछारें और कुछ जगह तेज बारिश का दौर चल रहा है। यह मौसम फिलहाल कन्वेक्टिव एक्टिविटीज से बना हुआ है, लेकिन 13 अगस्त को सिस्टम सक्रिय होने से बारिश बढ़ेगी।

पहले पूर्वी मप्र में बारिश रफ्तार पकड़ेगी, जो दो दिन में प्रदेश के अधिकांश जिलों में शुरू होने का अनुमान है। इस बीच भोपाल में भी 14 से 15 अगस्त के बीच बारिश शुरू हो जाएगी। बारिश का दौर शुरू होने से प्रदेशभर में दिन का पारा तेजी से गिरेगा। इससे ▸▸ शेष पेज 6 पर

रानी कमलापति ब्रिज से ली गई तस्वीर



**आज यहां बारिश की उम्मीद**

बुधवार को रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, रीवा, सतना, अनूपपुर, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, पांढुर्णा जिलों में कहीं कहीं तेज बारिश हो सकती है। भोपाल, विदिशा, सीहोर, ▸▸ शेष पेज 6 पर

### बारिश के आंकड़े गुरुवार से बढ़ेंगे

अगस्त की शुरूआत में प्रदेश में बारिश के आंकड़े औसत से करीब 55 फीसदी अधिक थे। मंगलवार को यह 28 फीसदी रह गई है। सिस्टम की बारिश में कमी से औसत बारिश के आंकड़े तेजी से घटे हैं, जो गुरुवार से बढ़ने शुरू हो जाएंगे। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार तक प्रदेश में कुल 753.8 मिमी बारिश हुई है। यह 28 फीसदी अधिक है। अब तक सामान्य तौर पर 588.2 मिमी बारिश होती है। हालांकि, ▸▸ शेष पेज 6 पर

# हलषष्ठी कल, माताएं रखेंगी संतान के दीघार्यु के लिए व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



संतान के दीघार्यु व कुटुम्ब की सुख समृद्वि के लिए गुरुवार को महिलाएं व्रत रखकर हलछठ की पूजा करेंगी। इस व्रत की तैयारियों को लेकर महिलाओं द्वारा मंगलवार को बाजार में पहुंचकर पूजन सामग्री खासकर महुए का पत्ता, कुश आदि की खरीदारी करना शुरू कर दी है। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि भाद्र मास के कृष्ण पक्ष षष्ठी गुरुवार को हरछठ व्रत मनाया जाएगा। इस दिन माताएं दिनभर उपवास रखने के बाद हलषष्ठी का पूजा कर कथा सुनकर शाम को बिना हल चले अनाज ग्रहण करेंगी। इसमें पसाई के चावल का विशेष महत्व होता है। महिला व्रत के दौरान इसी की खीर आदि बनाकर खाती है। हलषष्ठी में हल का उपयोग किए बिना लगे अन्न व फलों का उपयोग किया जाता है। इस दिन माताएं भगवान शंकर व माता पर्वती की मूर्ति बनाकर पूजा करती है और माता रानी व भगवान शंकर से यह कामना करती हैं ।

### भैंस के दूध से होता है पूजन

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि हलषष्ठी में भैंस के दूध से बने घी और दही का उपयोग किया जाता है। इसके साथ ही हल की जोताई और बोवाई से उत्पन्न अन्न का त्याग किया जाता है। इस पर्व पर महुवा, आम, पलास की पत्ती, कांसी के फूल, नारियल, मिठाई, रोली-अक्षत, फल, फूल सहित अन्य पूजन सामग्री से विधि-विधान से पूजन करने की परंपरा है। शास्त्रों में संतान की रक्षा के लिए माताओं के लिए यह व्रत श्रेष्ठ बताया गया है।

## श्री हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष पद के लिए कई लोगों ने नामांकन पत्र किया जमा



**भोपाल।** श्री हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र श्री साहू धर्मशाला घोड़ा नक्कास में पूर्व अध्यक्ष सन्तोष साहू, अनिल चौधरी प्रस्तावक, गणेश राठौर, चेतन भार्गव, हेमंत शर्मा, महेंद्र दवे, निलेश नामदेव, आशुतोष तिवारी, दिलीप गुप्ता के सहयोग से मुख्य चुनाव अधिकारी पीसी कोठारी के समक्ष जमा किया।

# विश्वकर्मा जयंती की तैयारियों को लेकर परिषद की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



श्रीश्री विश्वकर्मा मंदिर जागरुकता कल्याण परिषद द्वारा विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूजन से संबंधित सभी आवश्यक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा कार्यक्रम को सफल एवं भव्य रूप से संपन्न कराने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया, जिसमें श्री विश्वकर्मा भगवान की पूजा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विशाल भंडारा तथा अतिथियों का सम्मान किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष कमलेश पंडित ने किया, वहीं संचालन प्रबंधक सुरेन्द्र पंडित, रमेश प्रशाद सैनी, कुवर प्रसाद जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर परिषद के सचिव- सरोज पंडित व सूरज चोराशिया, बिट्टु पंडित, अरुण पंडित, राजेश पंडित, आनंद भगत, मुकेश पंडित, सतेंदर पंडित, रोशन शाह, विकाश ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

# मैनिटः छात्रों ने रैगिंग को समाप्त करने और संस्थान में अनुकूल शिक्षण वातावरण बनाने की शपथ ली



- रैगिंग विरोधी दिवस समारोह मनाया, घर-घर तिरंगा रैली की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित मैनिट के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों ने मंगलवार को मैनिट से रैगिंग को समाप्त करने और संस्थान में अनुकूल शिक्षण वातावरण बनाने की शपथ ली। दरअसल, मैनिट में 12 से 18 अगस्त 2025 तक रैगिंग विरोधी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत मैनिट परिसर में रैगिंग विरोधी दिवस मनाया गया। इस बैठक में संकाय सदस्यों और 250 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। अध्यक्ष (एआरसी), प्रो. सीएम कृष्णा ने छात्रों से रैगिंग का विरोध करने और एक ऐसा परिसर विकसित करने की अपील की। जहां सभी छात्रों के साथ सम्मान, सुरक्षा और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाए। डीन (स्वच्छ भारत), प्रो. शैलेंद्र जैन ने शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व पर बल दिया और छात्रों को रैगिंग जैसी गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी।

### रैगिंग संबंधी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी

संस्थान के निदेशक प्रो. केके शुक्ला ने कहा कि मैनिट रैगिंग के प्रति शून्य सहिष्णुता रखता है और संस्थान रैगिंग संबंधी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखता है। उन्होंने यह भी बताया कि मैनिट ने परिसर में कई प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग, बैनर, पोस्टर आदि लगाकर रैगिंग के खिलाफ एक सशक्त जागरुकता अभियान शुरू किया है। संस्थान के इंस्पायर और पर्ज क्लब ने पोस्टर प्रतियोगिता और सेल्फी पॉइंट आयोजित किए। संस्थान की एनएसएस शाखा ने डॉ. रवींद्र जिल्टे के नेतृत्व में घर-घर तिरंगा के अवसर पर एक रैली का आयोजन किया। डॉ. ज्ञानेश्वर कुशवाहा के नेतृत्व में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मैनिट के छात्रों में रैगिंग विरोधी जागरुकता पैदा करने के लिए एक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।

## सांची, विदिशा और बीना स्टेशनों सहित मेमू शेड, लॉबी एवं रनिंग रूम की सुविधाओं की समीक्षा

# मंडल रेल प्रबंधक ने रानी कमलापति बीना रूट का किया निरीक्षण, सुरक्षा संकेतों की सघनता से की जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने मंगलवार को रानी कमलापति-बीना सेक्शन तक का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। उन्होंने रेलखंड की संरचना और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्लेटफॉर्म किनारे सुरक्षा संकेतों की जांच की। फाटक संचालन और सिग्नल इंटरलॉकिंग की स्थिति देखी। स्टेशन यार्ड की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन किया।

### जल निकासी व्यवस्था देखी

डीआरएम सबसे पहले सुबह आरकेएमपी स्टेशन पहुंचे, जहां पर रेलवे पटरियों, समपार फाटकों, सिग्नलिंग प्रणाली, जल निकासी व्यवस्था एवं ट्रैक अनुरक्षण से जुड़ी प्रक्रियाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया। इसके बाद विशेष ट्रेन में सवार होकर वह सांची स्टेशन पहुंचे। जहां अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत प्रगति पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा की गई। मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन परिसर, प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, प्लेटफॉर्म स्तर तथा स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

विदिशा स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक ने यार्ड की संरचना, ट्रैक प्वाइंट्स की स्थिति, संरक्षा लॉगबुक, सिग्नलिंग प्रणाली एवं सर्कुलेटिंग एरिया का गहन परीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों को बेहतर अनुभव प्रदान करने हेतु सुविधाओं को और अधिक समृद्ध एवं सुव्यवस्थित करने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से संवाद करते हुए अमृत भारत योजना के प्रस्तावित कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली एवं तत्परता से योजनाओं के क्रियान्वयन के निर्देश दिए। तो वहीं बीना स्टेशन यार्ड, प्लेटफॉर्म सुविधाएं, सर्कुलेटिंग एरिया, संकेत एवं नियंत्रण कक्ष की कार्यप्रणाली का परीक्षण किया। इसके बाद बीना स्थित मेमू शेड का निरीक्षण किया गया, जिसमें लोकोमोटिव की मरम्मत प्रक्रिया, दैनिक अनुरक्षण मानक, सफाई व्यवस्था एवं कार्यकुशलता की समीक्षा की गई।

चेन पुलिंग के दो हजार से ज्यादा आरोपियों पर हुई कार्रवाई

## भोपाल रेल मंडल में चेन पुलिंग के मामले बढ़े, पिछले 7 महीने में तीन हजार तीन सौ मामले आए सामने

भोपाल रेल मंडल में चेनपुलिंग के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इस साल भोपाल रेल मंडल में ट्रेनों में चेन पुलिंग करने के 3300 मामले सामने आए हैं। ये केस जनवरी से जुलाई तक की अवधि के हैं। इनमें 2,981 यात्रियों को पकड़कर रेलवे कोर्ट भोपाल में पेश किया गया। वहां से इन पर जुर्माना व सजा की कार्रवाई की गई। तो वहीं 402 मामलों की जांच जारी है। कई मामलों में दोषियों को जेल की सजा भी सुनाई जा चुकी हैं।

अभियान के दौरान यात्रियों को बताया जा रहा है कि अनावश्यक रूप से चेन पुलिंग करना अपराध है। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ. अभिषेक के मार्गदर्शन में भोपाल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा विशेष जागरुकता एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान यात्रियों को नियमों की जानकारी देने के साथ-साथ अलार्म चेन के अनुचित उपयोग पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। डॉ. अभिषेक ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता के उद्देश्य से रेल प्रत्येक यात्री कोच में इमरजेंसी अलार्म चेन की सुविधा प्रदान करती है। यह सुविधा केवल गंभीर एवं वास्तविक आपात स्थिति में ट्रेन को रोककर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए है। लेकिन इस सुविधा के अनुचित उपयोग के मामले चिंताजनक रूप से बढ़ गए हैं, जिससे न केवल ट्रेनों का समयबद्ध संचालन प्रभावित हो रहा है, बल्कि अन्य यात्रियों को भी अनावश्यक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

### 5 मिनट से 1 घंटे तक होती हैं लेट

इसका कारण यात्रियों का देरी से स्टेशन पहुंचना, नींद लगना, गलत ट्रेन में सवार होना आदि है। इसके कारण चेन पुलिंग के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इससे उन लोगों को दिक्कत होती है, जिन्हें समय से अपने डेस्टिनेशन तक पहुंचना होता है। एक बार की चेन पुलिंग होने पर ट्रेन 5 से 7 मिनट तक लेट होती है। यदि दो से तीन बार चेन पुलिंग कर दी जाए और रास्ते भर के कुछ स्टेशनों पर भी ऐसे घटनाक्रम हों, तो ट्रेन का एक घंटे तक लेट होना आम है। चेन पुलिंग के कारण संबंधित ट्रेन के अलावा उसके पीछे चलने वाली ट्रेनों पर भी देरी का असर होता है। उदाहरण के लिए यदि छत्तीसगढ़ और समता एक्सप्रेस भोपाल स्टेशन पर आगे-पीछे पहुंचती हैं। यदि आगे चल रही छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस की चेन पुलिंग हो जाती है, तो उसके पीछे आ रही समता भी उतनी ही लेट हो जाती है। आरपीएफ ऐसे मामलों में रेलवे एक्ट के तहत संबंधित यात्रियों पर कार्रवाई और जुर्माना करती है।

### एक दर्जन से अधिक लोगों को कारावास

इस साल 2025 में अनधिकृत रूप से चेन पुलिंग के 3300 मामले पाए जाने पर आरपीएफ ने धारा 141 रेल एक्ट के तहत केस दर्ज कर शत प्रतिशत लोगों को पकड़ा। इन यात्रियों को पकड़कर रेलवे कोर्ट भोपाल में पेश किया गया। वहां से इन पर जुर्माना व सजा की कार्रवाई की गई। इस साल अब तक एक दर्जन से अधिक लोगों को कारावास भी हो चुका है।

### लगातार समझाइश दे रहे

आरपीएफ के सीनियर कमांडेंट डॉ.अभिषेक का कहना है कि आरपीएफ द्वारा प्रभावित स्टेशन/ ट्रेनों को चिह्नित कर अनधिकृत रूप से चेन पुलिंग की रोकथाम करने के उपाय किए जा रहे हैं। रेलवे के सिस्टम से चेन पुलिंग को लेकर लगातार एनाउंसमेंट करने और जागरुकता के लिए अभियान चलाकर समझाइश दी जाती है।

## खबर संक्षेप



### एमसीयूः अकादमिक गुणवत्ता हासिल करने संबद्ध संस्थाओं से संवाद

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में नए अकादमिक सत्र के अवसर पर संबद्ध अध्ययन संस्थाओं की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर विवि की संबद्ध अध्ययन संस्थाओं के साथ मिलकर अकादमिक गुणवत्ता हासिल करने चर्चा की गई। बैठक के विषय को निदेशक संबद्ध अध्ययन संस्थाएं, डॉ. आशीष जोशी ने रखा। इसके बाद संभागों तथा जिलों से आए संस्था प्रमुखों ने कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी का स्वागत किया। कउन्होंने कहा कि हमारा संस्थान परंपरागत विश्वविद्यालयों से हटकर एक विशिष्ट प्रकृति का संस्थान है।

### हज के लिए आज होगा डिजिटल कुर्रा, 20 तक जमा होगी पहली किस्त

**भोपाल।** हज-2026 के लिए चयन प्रक्रिया डिजिटल कुर्रा आज सुबह 11:30 बजे रखा गया है। कार्यक्रम कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई में होगा और इसका सीधा प्रसारण हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर किया जाएगा।इस वर्ष प्रदेश से हज यात्रा के लिए 10 हजार से अधिक लोगों ने आवेदन किया है। कुर्रा के बाद प्राविधिक चयनित और प्रतीक्षा सूची में शामिल आवेदकों की लिस्ट वेबसाइट पर अपलोड होगी। चयनित हज यात्रियों को प्रति यात्री 1 लाख 52 हजार 300 रुपए की पहली किस्त 20 अगस्त तक जमा करनी होगी। मप्र राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष रफत वारसी ने बताया कि आवेदन अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के फोन नंबर 0755-2530139 पर संपर्क कर सकते हैं।

# सोशल मीडिया पर अपशब्द कहना भी रैगिंगः डॉ काकोली राय

- बीएमएचआरसी में एंटी रैगिंग वीक की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रैगिंग केवल शारीरिक या प्रत्यक्ष उत्पीड़न तक सीमित नहीं है, बल्कि मोबाइल मैसेज, व्हाट्सऐप, फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपशब्द कहना या परेशान करना भी रैगिंग की श्रेणी में आता है। रैगिंग केवल शारीरिक या प्रत्यक्ष उत्पीड़न तक सीमित नहीं है, बल्कि मोबाइल मैसेज, व्हाट्सऐप, फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपशब्द कहना या परेशान करना भी रैगिंग की श्रेणी में आता है। यह बात मंगलवार को 'एंटी रैगिंग डे' के अवसर पर बीएमएचआरसी आयोजित एंटी रैगिंग वीक को संबोधित करते हुए प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक डॉ. काकोली राय ने कही। डॉ. काकोली राय ने कहा कि किसी भी रूप में रैगिंग पीड़ित छात्र की मानसिक स्थिति पर गहरा असर डालती है, जिससे अनिद्रा, व्यग्रता, डिप्रेशन और यहां तक कि आत्महत्या जैसी प्रवृत्तियां भी विकसित हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी विद्यार्थी के साथ रैगिंग हो रही है, तो उसे कभी भी चुप नहीं रहना चाहिए, बल्कि तुरंत अपने शिक्षकों, दोस्तों, शुभचिंतकों को बताना चाहिए ।

### बीएमएचआरसी में अब तक नहीं हुई रैगिंग की कोई घटनाः डॉ. मनीषा



बीएमएचआरसी की निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि बीएमएचआरसी में अब तक रैगिंग की कोई घटना सामने नहीं आई है और यहां सभी विद्यार्थियों के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल है। उन्होंने विद्यार्थियों से अस्पताल में आने वाले मरीजों की मदद को प्राथमिकता देने के साथ संवेदनशील व्यवहार रखेंने की अपील की। बीएमएचआरसी की डीन एकेडेमिक्स डॉ. सुरभि सहाय ने बताया कि संस्थान में रैगिंग को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं और फैकल्टी सदस्य हमेशा छात्रों के लिए उपलब्ध रहते हैं।

# मासिक धर्म शर्म नहीं जीवन का स्वाभाविक हिस्सा : शालिनी विश्वकर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मासिक धर्म कोई शर्म की बात नहीं, बल्कि महिलाओं के जीवन का एक स्वाभाविक और महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस पहल का उद्देश्य न केवल स्वच्छता सामग्री उपलब्ध कराना है, बल्कि समाज में इससे जुड़ी चुप्पी को तोड़ना भी है।"

यह बात शालिनी फाउंडेशन की सचिव श्रीमती सोनू विश्वकर्मा ने जहांगीराबाद की अरेरा हिल्स स्थित स्लम बस्ती राजीव नगर में कही। फाउंडेशन द्वारा बड़ी संख्या में निःशुल्क सेनेटरी पैड का वितरण भी महिलाओं को किया गया।

मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में यूनिचार्म एवं शालिनी फाउंडेशन, जहांगीराबाद, भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में बस्ती की 14 वर्ष एवं उससे अधिक उम्र की लड़कियों और महिलाओं को लगभग 2000 सेनेटरी पैड वितरित किए गए। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सावित्री एवं आशा कार्यकर्ता श्रीमती सुचिला की सहायता से पैड वितरण संपन्न हुआ।

शालिनी फाउंडेशन की सचिव, श्रीमती सोनू विश्वकर्मा, इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं और उन्होंने स्वयं भी महिलाओं एवं बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए।

# एसपीएम कॉलेज में योग प्रशिक्षण शिविर, 15 दिन सीखेंगे आसन



- कॉलेज के स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज में मंगलवार से महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए योग प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हुई। कॉलेज के स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस (29 अगस्त) के अवसर पर इस 15 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर की शुरुआत के बाद प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. आशा वर्मा ने कार्यक्रम की विषय वस्तु योग एवं अध्यात्म पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वेदों एवं विधान से पूर्व ही योग का उद्भव हुआ। साथ ही उन्होंने वर्तमान में अष्टांग योग की महत्ता की प्रासंगिकता पर भी अपने विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना ने विद्यार्थियों को योग से प्राप्त होने वाले शारीरिक लाभों को रेखांकित किया। संयोजक डॉ. सतीश कुमार ने योग के दैनिक जीवन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. एसके मल्होत्रा ने योग द्वारा सकारात्मक विचारों के प्रवाह एवं जीवन मूल्यों में आने वाले परिवर्तन पर विचार व्यक्त किए।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर डॉ. राजेश श्रीवास्तव, डॉ. सुधांशु द्विवेदी, डॉ. सिंह, डॉ. निधि नेमा, डॉ. उमाशंकर, डॉ. सरला पटेल सहित अनेक प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. इला जैन ने किया।

# भोपाल के हैदर मुख्तार खान मिस्टर यूनिवर्स की दौड़ में, अब लखनऊ में दिखाएंगे अपना जलवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



राजधानी भोपाल के युवा हैदर मुख्तार खान मिस्टर यूनिवर्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए लखनऊ रवाना हो गए हैं। जहां 16 अगस्त तक यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित होगी। नेशनल डायरेक्टर प्रिया तिवारी ने उन्हें तिलक लगाकर रवाना किया। इस मौके पर परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी। हैदर मुख्तार खान की इस उपलब्धि से भोपाल और पूरे मध्य प्रदेश में गर्व का माहौल है। सभी को उम्मीद है कि वह मिस्टर यूनिवर्स प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का मान बढ़ाएंगे।

## 35 किमी लंबी तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे एक लाख देशभक्त

# कर्मश्री की तिरंगा यात्रा कलः तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे मुख्यमंत्री और प्रदेशाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




कर्मश्री की तिरंगा यात्रा 14 अगस्त को अखंड भारत के संकल्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर निकाली जाएगी। कर्मश्री संस्था के अध्यक्ष और विधायक रामेश्वर शर्मा ने मंगलवार को पत्रकारवार्ता में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से कर्मश्री द्वारा पिछले कई वर्षों से यह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इस वर्ष कर्मश्री की तिरंगा यात्रा के माध्यम से ऑपरेशन सिंदूर, हर घर तिरंगा अभियान और नक्सलवाद के सफाए की घोषणा पर हर भारतीय को गौरव का संदेश दिया जाएगा। रामेश्वर शर्मा ने बताया कि 14 अगस्त को कर्मश्री के तिरंगा यात्रा में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी शामिल होंगे। 35 किमी लंबी तिरंगा यात्रा मार्ग में लगभग 1100 से अधिक स्थानों पर स्थानीय नागरिक, सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों द्वारा बनाए गए स्वागत मंचों पर लगभग पांच लाख नागरिकों के एकत्र होने का अनुमान है। शर्मा ने बताया कि तिरंगायात्रा के दौरान पूरा भोपाल तिरंगामय नजर आएगा इस हेतु यात्रा मार्ग सहित प्रमुख स्थानों की आकर्षक साज-सज्जा कराई जा रही है।

### मदर टेरेसा स्कूल से प्रारंभ होगा तिरंगा यात्रा

रामेश्वर शर्मा ने बताया कि तिरंगा यात्रा 14 अगस्त को सुबह 10 बजे श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर कोलार सिक्स लेन स्थित मदर टेरेसा स्कूल से आरंभ होगी जो 35 किमी लंबा रूट तय कर भैंसाखेड़ी कृषि उपज मंडी प्रांगण संत हिरदाराम नगर में समाप्त होगी। इस यात्रा में 50 हजार दुपहिया वाहनों पर एक लाख देशभक्त हाथों मे तिरंगा लेकर शामिल होंगे। यात्रा मार्ग में 1100 से अधिक स्थानों पर स्वागत मंचों पर पाचं लाख से अधिक देशभक्त नागरिक तिरंगा यात्रियों का उत्साहवर्द्धन करने के लिए एकत्र होंगे।

# स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ पर होंगे आयोजन, मौसम का भी रखा जाएगा ध्यान

## शिक्षण संस्थाओं में मौसम का ध्यान रखते हुए प्रातः काल प्रभातफेरी का आयोजन किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ पर राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राजधानी के लाल परेड ग्राउंड पर होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे और प्रदेश की जनता के नाम संदेश देंगे। मुख्यमंत्री के संदेश का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालयों पर आयोजित समारोह में किया जाएगा।

मुख्य समारोह के पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा शौर्य स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। जिला स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन प्रातः 9 बजे से किया जाएगा, जिनमें विधानसभा अध्यक्ष, मंत्री और कलेक्टर्स द्वारा ध्वजारोहण और राष्ट्रगान होगा। परेड की सलामी ली जाएगी। मुख्यमंत्री द्वारा संदेश वाचन प्रातः 9:25 से 9:55 बजे तक किया जाएगा, जिसका सीधा प्रसारण राज्यस्तरीय मुख्य समारोह, भोपाल से किया जाएगा।

### खास बातें

- सीएम डॉ. यादव स्वतंत्रता दिवस पर लाल परेड ग्राउंड पर करेंगे झंडावंदन
- जिला स्तर पर आयोजन प्रातः 9 बजे से होगा
- सीधा प्रसारण राज्य स्तरीय मुख्य समारोह का होगा

### जनपदों में ऐसे होगा ध्वजारोहण



जनपद पंचायत मुख्यालय पर जनपद अध्यक्षों द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा तथा समारोह में सामूहिक राष्ट्र गान होगा। ऐसी नगर पालिका, नगर परिषद जिनका मुख्यालय ब्लॉक मुख्यालय पर नहीं है, उनमें नगर पालिका, नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और राष्ट्र गान गाया जाएगा। पंचायत मुख्यालय पर समारोह में सरपंचों द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और राष्ट्र गान गाया जाएगा। कार्यक्रमों में सभी संसद सदस्य, विधायक, महापौर, पार्षद और अन्य गणमान्य नागरिकों को सम्मान पूर्वक आमंत्रित किया जाएगा।

### सांस्कृतिक, साहित्यिक कार्यक्रम भी होंगे

*सभी शासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं में प्रातः 8 बजे या उसके पूर्व ध्वजारोहण होगा। इसके बाद सांस्कृतिक, साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी शिक्षण संस्थाओं में मौसम का ध्यान रखते हुए प्रातः काल प्रभातफेरी का आयोजन किया जाएगा। कॉलेज, स्कूलों में खेल-कूद, अन्य प्रकार के कौशलों का प्रदर्शन अन्तर्विद्यालय, अन्तर महाविद्यालय स्तर पर वाद विवाद प्रतियोगिताएं, 15 अगस्त के महत्व पर छात्र-छात्राओं द्वारा वार्ता, राष्ट्रीय एकता, लघु बचत, जनसंख्या स्थिरीकरण, स्वच्छता अभियान एवं पुरस्कारों, प्रमाण पत्रों, मैडल आदि का वितरण किया जाएगा। वृक्षारोपण भी आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को प्रभावी रूप से सम्पन्न कराने में वन विभाग का आवश्यक सहयोग प्राप्त किया जाएगा। स्कूल, कॉलेजों में जिला, संभाग और राज्य स्तर पर राष्ट्रीय एकता के समूह गान आयोजित किए जाएंगे। जिला मुख्यालयों पर स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा।*

### मेडिकल टीम होगी मौजूद

*कार्यक्रम स्थलों पर प्राथमिक चिकित्सा की आवश्यक व्यवस्था की जाएगी। स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर प्रदेश में स्थित मुख्य सार्वजनिक भवनों और राष्ट्रीय महत्व की इमारतों पर 14 और 15 अगस्त 2025 की रात में प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रमों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, कारगिल में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों एवं प्रदेश के लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान पूर्वक आमंत्रित किया जाएगा। वृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को कलेक्टर अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि घर जाकर शॉल, श्रीफल से सम्मानित करेंगे।*

## पिछड़े वर्ग के हित में सरकार की ऐतिहासिक सफलताः आशीष ऊषा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद पर अब अंतिम फैसला जल्द आ सकता है। राज्य सरकार के मजबूत तर्कों के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में रोजाना सुनवाई का निर्णय लिया है। 23 सितंबर 2025 से यह मामला 'टॉप ऑफ द बोर्ड' श्रेणी में रखा जाएगा, यानी रोज सुनवाई होगी जब तक कि अंतिम निर्णय नहीं आ जाता। इस निर्णय पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को हार्दिक बधाई, जिनके दूरदर्शी नेतृत्व, दृढ़ संकल्प और सतत प्रयासों से ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय में ऐतिहासिक सफलता मिली। यह मामला मध्यप्रदेश लोक सेवा संशोधन अधिनियम, 2019 की संवैधानिक वैधता से जुड़ा है। राज्य सरकार के तर्कों से सहमत होकर सर्वोच्च न्यायालय ने इसे 23 सितंबर 2025 से "बोर्ड के शीर्ष पर" पर प्रतिदिन सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। यह निर्णय न केवल कानूनी दृष्टि से मील का पत्थर है, बल्कि लाखों लोगों और पिछड़े वर्ग के लिए नई उम्मीद, नया विश्वास और न्याय की गारंटी है।

## नलखेड़ा के 204 परिवारों का पहली बार 360 डिग्री सर्वे

# 63 बीपीएल परिवारों के नाम मिली एक हेक्टेयर से ज्यादा की जमीन

एक आयकरदाता भी निकला बीपीएल परिवार | *70 से अधिक परिवार नहीं मिले, 37 एकल, 24 संयुक्त परिवार शामिल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में पहली बार बैरसिया क्षेत्र की नलखेड़ा पंचायत के 204 बीपीएल परिवारों का 360 डिग्री के आधार पर सर्वे किया गया है, जिसमें 63 परिवारों के पास एक हेक्टेयर से अधिक जमीन मिली है। जिसमें 37 एकल और 26 संयुक्त परिवार हैं।

गांव में एक आयकरदाता परिवार भी बीपीएल के दायरे में मिला है, जबकि 70 से अधिक परिवार गांव में नहीं मिले। दरअसल केंद्र सरकार ने पहली बार मध्यप्रदेश के भोपाल जिले की नलखेड़ा पंचायत के बीपीएल परिवारों का सर्वे कराया है, जिसके तहत फूड इंस्पेक्टर, पटवारी, पंचायत सचिव और ग्राम सेवक की टीम ने इन परिवारों का डोर-टू-डोर सर्वे किया है।



### जांच टीम ने घर-घर जाकर जुटाई जानकारी

*खाद्य विभाग को इनपुट मिला था कि गांव में कंपनी डायरेक्टर, सरकारी नौकरी, अधिक जमीन और आयकरदाता परिवारों के नाम बीपीएल में जुड़े हुए हैं। जिसके बाद भोपाल जिले के बैरसिया स्थित नलखेड़ा में पंचायत के सभी 204 बीपीएल परिवारों का 360 डिग्री पर सर्वे किया गया। एक हफ्ते चले सर्वे के आधार पर टीम ने घर-घर जाकर जानकारी जुटाई है। पंचायत के यह परिवार लंबे समय से पीडीएस का राशन ले रहे हैं। हालांकि इन परिवारों में अपात्र की केटगरी में आने वाले परिवारों का क्या होगा, इसका अभी तक पता नहीं चला है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि सर्वे रिपोर्ट शासन को भेजी गई है, जिसके आधार पर मिले निर्देशों का पालन किया जाएगा।*

### नहीं मिले 71 परिवार

भारत सरकार की वन नेशन वन राशन कार्ड की स्कीम है, जिसके तहत बीपीएल परिवार कहीं से भी अपनी पसंद की दुकान से राशन ले सकता है। ऐसे में गांव छोड़ने वाले परिवार दूसरे जिले या प्रदेश से भी राशन ले सकते हैं। खाद्य विभाग इसकी जांच कर रहा है कि यहां नहीं मिलने वाले परिवारों ने कब-कब राशन लिया है।

### ये है जांच के बाद की स्थिति

- एक हेक्टेयर से अधिक जमीन वाले 63 परिवार
- जमीन वाले 26 शामिल खाता, 37 अकेले
- एक हेक्टेयर जमीन 62
- बिना जमीन वाले 6 परिवार
- आयकर दाता 1
- मृत परिवार 1
- टोटल 133
- अनुपलब्ध 71

**कुल 204 परिवार**

### अनुपलब्ध लोगों की कर रहे तलाश

बैरसिया की नलखेड़ा पंचायत में बीपीएल परिवारों का डोर-टू-डोर सर्वे कराया गया है, जिसमें 70 से अधिक लोग अनुपलब्ध मिले थे, इनकी जानकारी जुटाई जा रही है।

**चंद्रभान सिंह जादौन, जिला आपूर्ति नियंत्रक**

# भोपाल स्टेशन पर बैगेज स्कैनर बंद बिना जांच स्टेशन में बेरोकटोक प्रवेश

## *सुरक्षा व्यवस्था को लेकर देखने मिली गंभीर लापरवाही*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

15 अगस्त को लेकर एक तरफ जहां देशभर में हाई अलर्ट है। भोपाल सहित मप्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शासन द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। तो वहीं इस बीच भोपाल स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर लापरवाही देखने को मिल रही है। दरअसल देशभर के रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं। भोपाल स्टेशन पर भी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दिल्ली की ओर जाने वाले पार्सल की बुकिंग अस्थाई रूप से रोक दी गई है। उद्देश्य यह था कि किसी भी तरह का संदिग्ध सामान या गतिविधि स्टेशन से होकर न गुजर सके। लेकिन भोपाल स्टेशन जमीनी हकीकत इन दावों के विपरीत तस्वीर पेश कर रहा है। यहां प्लेटफार्म नंबर एक पर यात्रियों के लिए लगाई गई बैगेज स्कैनर मशीन लंबे समय से बंद पड़ी है। नतीजतन, यात्रियों के बैग और अन्य सामान की जांच नहीं हो पा रही है। प्लेटफार्म नंबर छह की स्थिति इससे भी गंभीर है। यहां तो बैग जांच के लिए आवश्यक मशीन ही नहीं लगाई गई है, जिसके कारण यात्री बिना किसी जांच के प्लेटफार्म में प्रवेश कर रहे हैं। खासकर तब, जब स्वतंत्रता दिवस जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर सुरक्षा अलर्ट जारी किया गया हो।



### रोजाना आते हैं 40 हजार से अधिक यात्री

भोपाल रेलवे स्टेशन पर रोजाना 230 ट्रेनें आती-जाती है। इस दौरान लगभग 30 से 40 हजार यात्री रोजाना भोपाल रेलवे स्टेशन से सफर करते हैं। प्लेटफार्म छह की ओर से लगभग 15 से 20 हजार यात्री, वहीं प्लेटफार्म एक ही ओर से लगभग 10 हजार यात्री आते हैं।

### दूर होंगी खामियां

आरकेएमपी पर बैगेज स्कैनर संचालन शुरू कर दिया गया है। भोपाल स्टेशन पर भी जांच की जाएगी, और जो भी खामियां पाई जाएंगी, उन्हें दूर कर सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाएगा।

**- डॉ. अभिषेक, कमांडेंट, भोपाल मंडल**

## पर्यटन निगम को सौंपने की प्रक्रिया शुरू

# पर्यटन निगम बदलेगा मोती महल की सूरत, मिलेगी हेरिटेज की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

करीब 120 साल पुराने मोती महल को हेरिटेज होटल के रूप में डेवलप करने की कवायद शुरू हो गई है। दरअसल नवाब काल में जनता दरबार रही ऐतिहासिक इमारत सदर मंजिल के सामने स्थित जर्जर हो चुके मोती महल को संवारने की तैयारी की जा रही है। इसे एक हेरिटेज होटल के रूप में डेवलप किया जाएगा। जिसके लिए जिला प्रशासन ने यह महल पर्यटन निगम को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

एसडीएम दीपक पांडे ने बताया कि मोती महल पर्यटन विभाग को सौंपने के प्रस्ताव पर आम लोगों से सुझाव और आपत्ति मांगी थीं। जिसके आधार पर अब मोती महल को संवारने का जिम्मा पर्यटन विभाग को सौंपा जाएगा। बता दें कि इस महल में प्रशासनिक कार्य होता था, लेकिन दो साल पहले तेज बारिश के कारण उसका एक हिस्सा गिर गया था। इसके बाद से महल जर्जर पड़ा था और अब उसे संवारने की कवायद की जा रही है।



### ताज महल और बेनजीर महल की प्लानिंग

मिंटो हॉल को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर के रूप में डेवलप किया जा चुका है। सदर मंजिल को हेरिटेज होटल में तब्दील करने का काम भी पूरा हो गया है। मोती महल को हेरिटेज होटल में बदलने के लिए जिला प्रशासन इसे पर्यटन निगम को सौंपने जा रहा है। बेनजीर महल और ताज महल के लिए पहले से योजनाएं तैयार हैं, प्रयास भी जारी हैं।

## प्रजेंटेशन के बाद डिजाइन को मंजूरी

# *ऐशबाग आरओबी का 90 डिग्री एंगल सुधारने दो दिन में फाइनल होगा डिजाइन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

90 डिग्री ब्रिज के नाम से चर्चित हुए ऐशबाग रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के मोड़ को सुधारने की डिजाइन पर काम चल रहा है। पीडब्ल्यूडी ने नया डिजाइन बनाया है, जिसे दो दिन में फाइनल कर लिया जाएगा। इसके बाद शासन स्तर पर बनाई गई कमेटी को डिजाइन का प्रजेंटेशन दिखाया जाएगा। मंजूरी मिलते ही सुधार का काम शुरू होगा। इस आरओबी के 90 डिग्री मोड़ को लेकर पीडब्ल्यूडी के सात इंजीनियरों को निलंबित किया गया था। सुरक्षा को देखते हुए फिलहाल पुल के दोनों छोर पुल बोगदा और ऐशबाग की तरफ पर टीन लगाकर रास्ते बंद कर दिए गए हैं, जिससे कोई गलती से भी ब्रिज पर न चढ़ सके।

### एक नजर में ऐशबाग आरओबी

17 करोड़ 37 लाख प्रोजेक्ट की लागत

21 मई 2022 में शुरू हुआ प्रोजेक्ट का काम

2024 अगस्त प्रोजेक्ट की समय सीमा

648 मीटर लंबाई

08 मीटर चौड़ाई

# तीन मंजिला मकान के ग्राउंड फ्लोर में गैस सिलेंडर्स की रिफलिंग, 35 जब्त

## *घरेलू सिलेंडर को कमर्शियल में किया ट्रांसफर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जहांगीराबाद स्थित बरखेड़ी इलाके में मंगलवार को खाद्य विभाग की टीम ने एक 3 मंजिला मकान में दबिश देकर अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर पकड़ा है। टीम ने मौके से 35 सिलेंडर और रिफलिंग के उपकरण जब्त किए गए। यहां पर मकान के ग्राउंड फ्लोर के छोटे से कमरे में घरेलू सिलेंडर से कमर्शियल सिलेंडर में गैस रिफलिंग का काम चल रहा था। टीम जब मौके पर पहुंची तो मकान मालिक खालिद खुद ही रिफलिंग करा रहा था। इस मकान में तीस से अधिक लोग किराए से रहते हैं, ऐसे में हादसा होने पर बड़ी जनहानि हो सकती थी।

जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि खालिद घरेलू सिलेंडर की गैस को कमर्शियल सिलेंडर में ट्रांसफर कर 17 सौ रुपए प्रति सिलेंडर के हिसाब से बेचता था। टीम ने यहां से 18 घरेलू और 17 कमर्शियल सिलेंडर जब्त किए हैं। गैस रिफलिंग मशीन, गैस बंसी, इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा और गैस टंकी के कैप और सील भी जब्त की गई हैं।



### सहारा एजेंसी संचालक से पूछताछ

पकड़े गए सिलेंडर के बारे में जब श्रमदान रोड निवासी खालिद से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह सहारा एचपी गैस एजेंसी से घरेलू गैस सिलेंडर खरीदता था, जिसकी गैस कमर्शियल सिलेंडर में रिफिल की जाती थी। टीम एजेंसी संचालक से भी पूछताछ कर रही है।

## नोटिस का जवाब नहीं देने पर कार्रवाई

# कलखेड़ा में प्लॉटिंग, मुगालिया छाप में अवैध फार्म हाउस ढहाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में बिना परमिशन के प्लॉटिंग और फार्म हाउस काटने का काम जारी है।। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया ने कलखेड़ा में प्लॉटिंग औ मुगालिया छाप में अवैध फार्म हाउस काटने पर नोटिस जारी किए थे, जवाब नहीं मिलने पर मंगलवार को टीम ने मौके पर पहुंचकर सड़क, बाउंड्रीवॉल और खंबों को जेसीबी की मदद से तोड़ दिया। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया ने बताया कि कलखेड़ा में पप्पु सरोणिया सहित अन्य लोगों की 0.720 हेक्टेयर जमीन पर बरखेड़ा नाथु के रहने वाले सुदामा पटेल द्वारा अवैध कालोनी विकसित कर प्लाटिंग की जा रही थी। जिससे जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण तोड़े गए है। इसी तरह गांव मुगालिया छाप में सुदामा पटेल व प्रताप पटेल की करीब 1.770 हेक्टेयर जमीन पर अवैध रूप से फार्म हाउस बिना अनुमति के काटे जा रहे थे। जिस पर जेसीबी से निर्माण तोड़े गए हैं।

# होम डिलीवरी के साथ ऑनलाइन दवा ब्रिकी से नशे की गिरफ्त में आ रहे युवाः धाकड़

## *भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन ने गृह मंत्री को लिखा पत्र*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होम डिलीवरी के साथ ऑनलाइन दवाओं की ब्रिकी से युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे है। भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने बताया एआईओसीडी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर दवाओं की अवैध ऑनलाइन बिक्री और 10 मिनट में डिलीवरी के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ इस पर रोक लगाने की मांग की है। धाकड़ ने बताया कि एआईओसीडी के अध्यक्ष शिंदे और राजीव सिंघल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर कुछ ई-फार्मेसियों और क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म जैसे जेप्टो एवं ब्लिंकिट द्वारा दवाओं की अवैध ऑनलाइन बिक्री और तत्काल डिलीवरी पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

### नशीली दवाओं को मिल रहा बढ़ावा

*धाकड़ ने बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश और औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के स्पष्ट प्रावधानों के बावजूद ये प्लेटफॉर्म बिना उचित पर्चे की जांच के, अनुसूची की दवाओं को मिनटों में वितरित कर रहे हैं, जिससे जन स्वास्थ्य को गंभीर खतरा है और खासकर युवाओं में नशीली दवाओं के दुरुपयोग को बढ़ावा मिल रहा है। धाकड़ ने कहा कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम का उल्लंघन करने वाली ई-फार्मेसियों को बंद किया जाए।*

### 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई

ऑफलाइन दवा विक्रेताओं पर सख्त नियंत्रण है, लेकिन अवैध ऑनलाइन विक्रेताओं पर कोई अंकुश नहीं है, जिससे नशीली दवाओं के दुरुपयोग में 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**जितेंद्र धाकड़, अध्यक्ष, भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन**

## निगम अफसरों का तर्क, पकड़ने नहीं देते पेट लवर्स

# पेट लवर्स के विवाद से भोपाल में बढ़ गए स्ट्रीट डॉग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट ने दो दिन पहले दिल्ली और एनसीआर की सड़कों से आवारा स्ट्रीट डॉग को हटाकर एनिमल शेल्टर्स में रखने का फैसला दिया। इस फैसले को भोपाल में भी लागू करने की मांग सोशल मीडिया पर की जा रही है। वहीं पशु प्रेमी और पशुओं के लिए काम करने वाले संगठन पीएफए के मेंबरों का दावा है कि इस फैसले का स्टे लेने का प्रयास किया जा रहा है।

राजधानी के अलग-अलग इलाकों से स्ट्रीट डॉग को लेकर करीब 15 से 20 शिकायतें नगर निगम के पास पहुंचती हैं, लेकिन शिकायतों की तुलना में कार्रवाई का प्रतिशत 30 प्रतिशत ही रहता है। इसकी सबसे वजह निगम और शहर के पेट लवर्स के बीच का विवाद है। निगम का डॉग स्क्वॉड जब शिकायत पर इलाके में स्ट्रीट डॉग को पकड़ने जाता है, तो उसे पेट लवर्स के विरोध का सामना करना पड़ता है।

अयोध्या नगर थाने में इस मामले को लेकर एफआईआर दर्ज हुईं। जबकि दूसरे थानों में दोनों पक्ष की ओर से आवेदन दिए गए। नगर निगम में वेटनरी विभाग के डॉ. बीपी सिंह का कहना है कि तीनों सेंटरों पर महीनेभर में 600 से 700 प्रति सेंटर पर नसबंदी हो रही है। बीते साल की तुलना में डॉग बाइट की घटनाओं में कमी आई है। हम सेंटरों के विस्तार का भी प्लान बना रहे हैं।

### कुत्तों की भी बढ़ रही आबादी



नगर निगम के आंकड़े बताते हैं कि भोपाल में स्ट्रीट डॉग की आबादी में इजाफा हुआ है। हर साल 20 से 22 हजार स्ट्रीट डॉग की नसबंदी की जा रही है। इस हिसाब से बीते पांच सालों में निगम के एबीसी सेंटरों में लगभग एक लाख स्ट्रीट डॉग की नसबंदी हो चुकी है। वर्तमान में कोलार कजलीखेड़ा, अरवलिया और आदमपुर में निगम के एबीसी सेंटर संचालित हो रहे हैं।

### हमारे साथ मिलकर अभियान चलाए पीएफए

*पीपुल फॉर एनिमल (पीएफए) की मेंबर स्वाति गौरव का कहना है कि वर्तमान में निगम नसबंदी के नाम पर सही नहीं कर रहा है। अगर नसबंदी को सफल बनाना है, तो पायलट प्रोजेक्ट के तहत किन्हीं 5 वार्डों को सिलेक्ट करें और हमारे साथ अभियान चलाएं।*

## खबर संक्षेप



### अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर भाषण प्रतियोगिता

**संतनगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा निर्देशित किया गया था। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में राष्ट्र के प्रति समर्पण, कर्तव्यबोध एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्पर्धा में कु. चित्रा भोजवानी और कु. जुही गंगवानी विजयी रही।

### पति के दोस्त ने घर पर महिला से किया दुष्कर्म

**भोपाल।** छोला इलाके में एक विवाहिता के साथ उसके पति के दोस्त ने ही दुष्कर्म किया। वारदात उस समय हुई जब पीड़िता का पति घर से बाहर गया हुआ था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 35 वर्षीय महिला ने थाने में शिकायती आवेदन देकर बताया कि आरोपी मुकेश गुप्ता उसके पति का दोस्त है। इस लिए उसका घर पर आना जाना था। सोमवार को पति अपने गांव गए हुए थे। रात 8 बजे करीब जब मैं घर पर खाना बना रही थी तो मुकेश आया। इस दौरान उसने मुझसे अश्लील हरकत शुरू कर दी। मैने इसका विरोध किया तो बोला कि बच्चों को जान से मार दूंगा। इसके बाद उसने मेरे साथ जबर्दस्ती शारीरिक संबंध बनाए।

### पटवा ने की भाजपा जिला उपाध्यक्ष से भेंट



**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा मंगलवार को भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा के निवास पर पहुंचे और वहां पर कार्यकर्ताओं से चर्चा की। नरेंद्र शर्मा के निवास पर विधायक पटवा का भव्य स्वागत हुआ। इस अवसर पर कन्हैया नंदवंशी भी मौजूद थे।

### जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष ओपी मीणा का मंगलवार को जन्मदिन बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विधायक सुरेंद्र पटवा के निवास पर केक काटा। विधायक पटवा ने बधाई दी। इस अवसर पर संजय मीणा, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी ने बधाई दी।

### पुरानी रंजिश में युवक को बेरहमी से पीटा

**भोपाल।** राजधानी की पश्चिमी रेलवे कॉलोनी में एक युवक की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया ह। घटना 9 अगस्त की रात की है। मंगलवार को वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जीआरपी का कहना है कि इस मामले में पहले से ही आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज है। विवेक यादव (20) निवासी आजाद मार्केट, मंगलवारा, भोपाल ने जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि 9 अगस्त की रात करीब 11:30 बजे आरोपी दिव्यांशु सोनी ने फोन कर बुलाया फिर लात-घूसों से मारपीट शुरू कर दी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2738 | | |
| दिन: | 568 | 91 | 579 |
| रात: | 157 | 33 | 445 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 134 | 87 | 188 |
| रात: | 234 | 92 | 499 |

कलेक्टर से लगाई मदद की गुहार, निगम को सौंपी जिम्मेदारी

# दो दर्जन बस्तियों के दो हजार बुजुर्गों की पेंशन और खाद्यान्न सुविधा अटकी, सरकारी योजनाओं का नहीं मिल पा रहा लाभ

**कोलार और नेहरू नगर की बस्तियों का निजी संस्था ने कराया सर्वे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार और नेहरु नगर की 25 बस्तियों में रहने वाले दो हजार से अधिक बुजुर्गों को पेंशन नहीं मिलने, फिंगरप्रिंट नहीं आने से राशन अटकने, घरों में टॉयलेट नहीं होने जैसे समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। कई बुजूर्गों की समग्र आईडी में नाम भी गलत है। इसके साथ कई के पास मोबाइल भी नहीं है, ऐसे में सरकारी योजनाओं का फायदा लेने में दिक्कत आ रही है। मंगलवार को कलेक्टोरेट की जनसुनवाई में सोसाइटी ऑफ कम्युनिटी हेल्थ ओरिएंटेड ऑपरेशनल लिंक्स स्कूल की कॉर्डिनेटर अंजना गड़वाल ने यह बात रखी। अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम ने बुजुर्गों की समस्याओं का निराकरण करने की जिम्मेदारी नगर निगम को सौंपी है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि संस्था कोलार और नेहरु नगर क्षेत्र की 25 बस्तियों के दो हजार से अधिक बुजुर्गों की देखरेख कर रहे हैं। यहां रहने वाले बुजुर्गों के पास शौचालय, बारिश में छतों से पानी टपकना, दस महीने से पेंशन नहीं मिलना, अंगूठे के फिंगरप्रिंट नहीं आने और मोबाइल नंबर नहीं जुड़ा होने से राशन नहीं मिलने, समग्र आईडी में नाम गलत होना और अकेले रहने से अन्य तरह की परेशानियों से जूझना पड़ रहा है।




### कलेक्टर से बोला कालूराम मुझे मादक पदार्थ बेचने की अनुमति दो

दंगा पीड़ित कालूराम साहू मंगलवार को फिर कलेक्टोरेट पहुंचा, जहां उसने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से आर्थिक सहायता देने की मांग रखी। कलेक्टर ने कहा कि आपको चार बार आर्थिक मदद दी जा चुकी है। अब शासन स्तर पर ही प्रकरण भेजा जाएगा, जिस पर कालूराम ने कहा कि मुझे मादक पदार्थ बेचने की परमिशन दी जाए, जिससे मैं खुद का और पत्नी का भरण पोषण कर सकूं।

### पत्नी का कांस्टेबल से अफेयर

हिनौतिया आलम कोलार के सुनील पटेल ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी पत्नी और कोलार थाने में पदस्थ कांस्टेबल गिरीराज के बीच अफेयर चल रहा है। दोनों को मैंने कई बार एक साथ पकड़ा भी है, जिसकी शिकायत भी कोलार थाने में की गई, लेकिन उल्टे मेरे ऊपर ही केस दर्ज कर लिया गया है। थाने में पदस्थ होने की वजह से पुलिस भी उस पर कार्रवाई नहीं कर रही है। मामले की जांच एसीपी जोन-4 को सौंपी गई है।

### मैनिट कर्मचारी से हड़पे 50 हजार रुपए

मैनिट कर्मचारी जीतमल मंडलोई ने शिकायत में बताया कि मैनिट में अकसर आने वाले राकेश गुप्ता से पहचान होने से उसने 60 हजार रुपए मुझसे फोन पे कराए थे। जिसमें से 10 हजार रुपए वापस कर दिए, लेकिन शेष 50 हजार रुपए वापस नहीं कर रहा है। अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम ने मामले की जांच डीसीपी पुलिस को सौंपी है।

बैरसिया थाना के हिगरौनी क्षेत्र का मामला

# एक माह पूर्व पिता की हुई मौत से डिप्रेशन में आकर बेटी ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया में एक माह पूर्व पिता की मौत के गम में 15 वर्षीय बेटी ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दरअसल एक माह पूर्व उसके पिता ने भी सुसाइड कर लिया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक 15 वर्षीय अरूषि यादव पिता चंद्रमोहन निवासी हिगरौनी 11वीं क्लास की छात्रा थी। उसने सोमवार रात साढ़े 9 बजे करीब जहरीला पदार्थ खा लिया। इसके बाद उसे उल्टियां होने लगी। तभी उसकी चाची ने उससे तबियत बिगड़ने का कारण पूछा तो उसने कहा कि चूहा मार दवा खा ली है। यही भी कहा कि जब पिता नहीं है तो मै रहकर क्या करूंगी। आनन-फानन में परिजन उसे नजदीकी अस्पताल ले गए। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन की सूचना के आधार पर पुलिस पहुंची और मंगलवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा। पुलिस का कहना है कि परिजनों के आधार पर अभी सुसाइड का यही कारण आ रहा है कि वह कई दिनों से पिता की मौत के डिप्रेशन में थी। आगे मामले की जांच की जा रही है।

### आपत्तिजनक फोटो वायरल होने से महिला ने कुए में कूदकर दी जान

**सुसाइड नोट में पति सहित ससुराल वालों को ठहराया जिम्मेदार**

परवलिया इलाके में एक महिला ने कुए मे कूदकर सुसाइड कर लिया। महिला ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है जिसमें उसने पति, सास-ससुर और उसके कथित प्रेमी का भी नाम लिखा है। पूर्व में एक युवक ने महिला के ससुर को उसके आपत्तिजनक फोटो भेजे थे। ससुर ने यह फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किए थे। इस मामले में पुलिस ने पूर्व में एफआईआर दर्ज की थी। सुसाइड नोट में भी महिला ने इन बातों का जिक्र किया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक 24 वर्षीय महिला की शादी सीहोर के दोराहा में बबलू मीना के साथ हुई थी। शादी होने के बाद महिला के चरित्र पर लांछन लगाकर पति और ससुराल वाले प्रताड़ित करने लगे और उसे उसके मायके कलाखेड़ी में छोड़ गए। मंगलवार को महिला ने कुए में कूदकर सुसाइड कर लिया। सूचना के आधार पर पुलिस पहुंची और महिला का शव निकलवाया। घटनास्थल से पुलिस ने सुसाइड नोट बरामद किया है, जिसमें उसने अपनी मौत का जिम्मेदार ससुराल वालों को ठहराया है।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया है। सुसाइड नोट की जांच की जा रही है। मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

### रेस्टारेंट संचालक ने सल्फास खाकर दी जान

इधर बैरसिया में एक अन्य घटनाक्रम में रेस्टारेंट संचालक ने सल्फास खाकर जान दे दी। अस्पताल प्रबंधन की सूचना के आधार पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक प्रदीप यादव पिता लखन निवासी लक्ष्मीनारायण का ढोलखेड़ी में रेस्टारेंट था। सोमवार सुबह 11 बजे उसने सल्फास खा ली, इसके बाद मायके गई पत्नी को फोन पर जानकारी दी। पत्नी ने भतीजे को फोन कर बताया। इसके बाद भतीजा धीरज पहुंचा और उसे बैरसिया अस्पताल ले गया। यहां से उसे भोपाल रेफर कर दिया गया। मंगलवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि उसने ऐसा कदम क्यो उठाया अभी तक पता नहीं चला है। पिछल्ले साल नवंबर में ही उसकी शादी हुई थी और पत्नी अभी मायके गई हुई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 6 नंबर स्टाप से चोरी की गई कार प्रशासन अकादमी के पीछे से बरामद

हबीबगंज पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 7 लाख का माल बरामद किया। पुलिस आरोपी से चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि ब्रजमोहन राठौर पिता देवीलाल राठौर (46) निवासी ग्राम विशनखेडी भदभदा रोड थाना रातीबड़ ने शिकायत दर्ज कराई थी कि ड्राइवर अजय मीना सोमवार को घर से उनकी कार लेकर गया था। करीब साढ़े तीन बजे ड्राइवर ने मुझे फोन लगाकर बताया कि 6 नंबर स्टाप के पास में लेटा हुआ था, इस दौरान नींद लग गई। सोते समय किसी अज्ञात चोर ने कार की चाबी को मेरी पेंट से निकाली और इसके बाद स्विफ्ट डिजायर कार एमपी 04 जेड जे 0949 को चोरी कर ले गया है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। वहीं आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक किए। इस दौरान मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद रंग की कार क्र 04 जेड जे 0949 की स्विफ्ट डिजायर प्रशासन अकादमी के पीछे सांची कार्नर के पास 1100 क्वाटर पर खड़ी है, जिसमे संदिग्ध व्यक्ति बैठा हुआ है और कार को कम दामों में बेचने की बात कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस तत्काल 1100 क्वाटर स्थित प्रशासन अकादमी के पीछे सांची कार्नर के पास पहुंची और दूर से देखा कि एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार रोड के किनारे खड़ी थी, जिसमें बेठे संदिग्ध को पकड़कर पूछताछ की तो उसने ड्राइवर की जेब से चाबी को चुराकर कार चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी की पहचान जितेन्द्र अहिरवार पिता कमल सिंह अहिरवार (32) निवासी ए-4 प्रेमपुरा के रूप में हुई। पुलिस ने उसका आपराधिक रिकॉर्ड भी निकाला है। उसके खिलाफ कोलार में आर्म्स एक्ट और गोविंदपुरा में मारपीट सहित अन्य मामले दर्ज है।

रक्षा सूत्र महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

## विधायक पटवा को बड़ी संख्या में स्थानीय बहनों ने बांधा रक्षा सूत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



नगर परिषद कार्यालय में मंगलवार को विधायक सुरेंद्र पटवा, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी किरण राहंगडाले के मार्गदर्शन में रक्षा सूत्र महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विधायक सुरेंद्र पटवा को स्थानीय बहनों ने रक्षा सूत्र बांधा। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष नमिता अग्रवाल, कन्हैया नंदवंशी, विक्रम यादव, हेमलता मनोज चौरसिया, दीपू परमार, पार्षद सुजीत यादव, पार्षद राजेंद्र गुड्डू साहू, राजेश खटीक, पूजा लोधी, आरती यादव, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, नरेंद्र शर्मा, पंकज कोठारी, नरेश सेठी, माखन सिंह परमार, रामकिशोर चौहान, दीपक परमार, विक्रम सिंह यादव, सुरजीत सिंह बिल्ले, देवेंद्र सिंह राजू, लोकेश परमार, राहुल प्रजापति, जीतू नंदवंशी, रवि शंकर राय, दशरथ गुर्जर, वचन लोधी आदि उपस्थित रहे

विपक्ष के नेताओं की गिरफ्तारी पर जताया विरोध

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



नगर में पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल एवं कांग्रेस के जिला अध्यक्ष परेश नागर के नेतृत्व में केंद्र सरकार का पुतला जलाया, जिस तरीके से केंद्र सरकार चुनाव आयोग के साथ मिलकर वोट चोरी कर इस देश के लोकतंत्र की हत्या कर रही, देश के विपक्ष के नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है इसका विरोध जताया। जब तक चुनाव आयोग वोटर लिस्ट का डिजिटल डेटा नहीं दे देता एवं वोटर लिस्ट की निष्पक्ष जांच नहीं करता, तब तक कांग्रेस कार्यकर्ता आंदोलन करते रहेगे। कार्यकम में पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल परेश नगर दीपेश मीणा, राजेश खटीक, संजय सिंह चौहान, राजू मेहरा आदि उपस्थित थे।

## तीजड़ी पर्व पर महिलाओं ने पति की लंबी आयु और युवतियों ने अच्छे वर के लिए रखा व्रत

**महिलाओं ने मंदिर में की पूजा, रात्रि में चंद्रमा को अर्घ्य देकर खोला व्रत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर





सिंधी समाज की महिलाओं ने मंगलवार को तीज का पर्व तीजड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया। महिलाओं ने एक दिन पूर्व अपने हाथों में मेहंदी लगाई और मंगलवार सुबह से निर्जला उपवास किया। सोलह श्रृंगार करने के बाद महिलाएं मंदिर पहुंची जहां पर तीजड़ी माता को गोदी में लेकर झूला झूलाया। तीज माता से अपने घर परिवार के लिए एवं पति की लंबी उम्र के लिए कामना की। महिला पंचायत की अध्यक्ष किरण वाधवानी ने बताया कि इस दिन अनाज से बोई हुई तीजड़ी माता को गोद में लेकर मीठा जल डालकर झूलाया जाता है और पति की लंबी आयु की कामना की जाती है। महिलाओं ने बताया कि यह पर्व रक्षाबंधन के तीसरे दिन मनाया जाता है। इसे कुंवारी युवतियां अच्छे वर की प्राप्ति के लिए रखती हैं। शाम को तीजड़ी माता की कथा सुनकर रात्रि में चंद्रमा को अर्घ्य देकर उपवास खोलती हैं। यह व्रत करवा चौथ की तरह होता है। मंदिर और दरबार में तीजड़ी माता की पूजा की गई।



## देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का बच्चों ने किया रिहर्सल

**संतनगर।** सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस के रूप में बड़े हर्षोल्लास के साथ हर घर में तिरंगा झंडा है फहराकर मनाया जाएगा। कार्यक्रम की रिहर्सल मंगलवार को की गई। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम तिरंगा झंडा लहराया जाएगा। इसके बाद प्रातः 8 बजे भव्य रैली निकाली जाएगी, जिसमें विद्यार्थी बेनर, रंग-बिरंगी टोपियां पहने, हाथों में तिरंगे झंडे लेकर रैली में शामिल होंगे। बैंड-बाजों के साथ 'जय जवान, जय किसान' 'भारत माता की जय' आदि स्लोगन की तख्तियां हाथों में लेकर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुए स्कूल परिसर में यात्रा का समाप्त होगा। इस अवसर पर आकर्षक पीटी एवं मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया जाएगा। देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

## महावीर कॉलोनी में तिरंगा यात्रा निकाली




**औबेदुल्लागंज।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मप्र जन अभियान परिषद में पंजीकृत संस्था आंबेडकर बुद्धिस्ट चेरिटेबल सोसाइटी एवं सरस्वती हायर सेकंडरी स्कूल के बैनर तले महावीर कॉलोनी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। पूरे रास्ते 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' का जयघोष किया गया। यात्रा के दौरान 30 झंडे संस्था द्वारा वितरित किए गए। यात्रा में मप्र जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक निशा बहेकार, नवांकुर सेक्टर प्रमुख सुनील सेरिया, प्रेमनारायण सोनी, राजेंद्र गुड्डू साहू सहित स्थानीय नागरिक और छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत की साफ-सफाई



**औबेदुल्लागंज।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को भाजपा मण्डल औबेदुल्लागंज द्वारा मंडी परिसर में स्थित भारत माता के वीर सपूत शहीद चन्द्र शेखर आजाद की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सुरेन्द्र पटवा, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष ओपी मीणा, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ नेता कन्हैया नंदवंशी, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, माधव यादव, सुरजीत सिंह बिल्ले, देवेंद्र सिंह राजू, गजेंद्र नागर, प्रकाश पटेल, हरगोविंद वर्मा, बागिश अग्रवाल, जीतू नंदवंशी, पवन खालसा, नंदू शर्मा, रूपेश चौहान आदि उपस्थित रहे।

2 बच्चे 4 माह पहले भी मदरसा से भागे थे

# मदरसा से एक साथ गायब हुए 4 बच्चे, सीसीटीवी की मदद से 5 घंटे में पुलिस ने गोविंदपुरा हाट से किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बागफरहत अफजा स्थित मदरसे से गायब हुए 4 बच्चों को पुलिस ने 5 घंटे के अंदर बरामद कर लिया है। नाबालिग का मामला होने के कारण पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया था। दरअसल मंगलवार को कारी रफीक अहमद पिता अब्दुल हमीद खान उम्र 55 साल निवासी न्यू औकाफ कॉलोनी बाग फरहत अफजा ने ऐशबाग थाने को सूचना दी थी कि वो मदरसा मिफ्ता हुल उलूम बाग फरहत अफजा में बच्चों को पढ़ाते हैं। मदरसा से सोमवार को दोपहर चार नाबालिग बच्चे कही चले गए हैं। पहले तो उन्होंने आसपास तलाशा, नहीं मिलने पर सोमवार रात को पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर नाबालिगों की तलाश के लिए निरीक्षक विजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की। इस दौरान पुलिस ने संभावित स्थानों को चिन्हित कर सीसीटीवी फुटेज चेक किए। जिसमें मदरसे से भागते हुए वहां से सीसीटीवी में बच्चे कैद हुए। इसके बाद सुभाष नगर फाटक के पास लगे सीसीटीवी में भी बच्चे दिखाई दिए। पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से मंगलवार अल सुबह गोविंदपुरा हाट से चारों बच्चों को घूमते हुए पाया। पूछने पर उन्होंने एक साथ अपने मन से भागना बताया। इसके बाद बच्चों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। खास बात यह है कि जो बच्चे सोमवार को मदरसे से भागे थे उनमें से 2 बच्चे चार माह पहले भी गायब हो गए थे। एक साथ गायब हुए बच्चों की बरामदगी करने वाली पुलिस टीम की आला अफसरों ने सराहना की है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर क्षेत्रीय यादव समाज समिति का किया गठन

**16 अगस्त को बिशनखेड़ा से निकाली जाएगी शोभा यात्रा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



क्षेत्रीय यादव समाज समिति ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व कि तैयारी जोरों पर शुरू कर दी। इसके लिए समिति गठित की, जिसमें अध्यक्ष संजय यादव, उपाध्यक्ष विवेक यादव, उपाध्यक्ष राहुल यादव, कोषाध्यक्ष प्रियांश यादव, सचिव उत्सव यादव, सह सचिव ओम नंदवंशी को नियुक्त किया गया है। इस दौरान घर-घर जाकर शोभा यात्रा में शामिल होने के की अपील की है। शोभा यात्रा 16 अगस्त को बिशनखेड़ा से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए राधा कृष्ण मंदिर खेड़ापति पहुंचेगी। समिति के अध्यक्ष ने बताया 29 वर्षों से लगातार कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाते आ रहे हैं। इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाया जाएगा।

# 500 से अधिक कलाकार देंगे श्रीकृष्ण जन्म, जीवन लीलाओं और भक्ति-भजन गायन की प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित स्थल एवं प्रदेश के प्रमुख मंदिरों और स्थानों के ऐतिहासिक-सांस्कृतिक महत्व को उजागर करते हुए राज्य सरकार 14 अगस्त को बलराम जयंती और हलधर महोत्सव एवं 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्रीकृष्ण पर्व एवं लीला पुरुषोत्तम का प्राकट्योत्सव का आयोजन करने जा रही है। इन आयोजनों के साथ सम्पूर्ण प्रदेश श्रीकृष्णमय हो जाएगा और सांस्कृतिक रंगों में रंगा नजर आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रमों में सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। बड़ी संख्या में लोग जुटेंगे।





### श्रीकृष्ण लीलाओं का होगा जिक्र

संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया कि बलराम जयंती एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बलराम एवं श्रीकृष्ण प्रसंगों, उनके अवदान एवं लोक-कल्याणकारी जीवन गाथा से संबंधित साहित्यिक परिचर्चाओं, संवाद, मंदिरों में भजन, कीर्तन सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतियां आयोजित की जा रही हैं। साथ ही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जिला स्तर पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी में पूरा मध्यप्रदेश होगा कृष्णमय

### सांदीपनि आश्रम में 16 से 18 अगस्त तक मनेगा श्रीकृष्ण पर्व

राज्य मंत्री लोधी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण को उज्जैन में ज्ञान की प्राप्ति हुई, वहां स्थित सांदीपनि आश्रम में 16 से 18 अगस्त तक श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पहले दिन विशाला सांस्कृतिक संस्थान, उज्जैन के कलाकारों की ओर से श्रीकृष्ण लीला, अनुपम वानखेड़े, इंदौर द्वारा बांसुरी वादन और स्वाति उखले, उज्जैन द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के दूसरे दिन 17 अगस्त को अक्षय खरे, पन्ना के बरेदी लोकनृत्य, सुश्री कृष्णा वर्मा, उज्जैन की ओर से भक्ति गायन एवं विशाला सांस्कृतिक संस्थान उज्जैन की ओर से श्रीकृष्ण लीला की प्रस्तुति दी जाएगी। अंतिम दिन 18 अगस्त को अविनाश धुर्वे, बैतूल के ठाठ्या लोकनृत्य, रामचन्द्र गांगोलिया, उज्जैन की ओर से भक्ति गायन एवं विशाला सांस्कृतिक संस्थान, उज्जैन श्रीकृष्ण लीला की प्रस्तुति दी जाएगी।

### नारायण धाम मंदिर में 14 से शुरु हो जाएगा उत्सव

उज्जैन स्थित नारायणा धाम मंदिर प्रांगण में 14 से 18 अगस्त तक श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत श्रीकृष्ण नृत्य नाटिका- संघरत्ना बनकर एवं साथी भोपाल, भक्ति गायन- अनमोल जैन एवं साथी, श्रीकृष्ण नृत्य नाटिका- संगीता शर्मा दिल्ली, भक्ति गायन- चरणजीत सिंह सौंधी, गणगौर लोकनृत्य-अनुजा जोशी खण्डवा, भक्ति गायन- बाबूलाल सोलंकी आगर-मालवा, भक्ति गायन- श्रृद्धा जैन दिल्ली, भक्ति गायन रवि त्रिपाठी एवं साथी मुम्बई, श्रीकृष्ण नृत्य नाटिका- अर्घ्य कला समिति, भोपाल, श्रीकृष्ण नृत्य नाटिका- सुश्री सुकन्या नागदा एवं साथी, मुम्बई, भक्ति गायन- सुश्री कल्याणी सुगंधी एवं वाणी साठे, उज्जैन और रासलीला- बलराम शर्मा, मथुरा की प्रस्तुत की जाएंगी। श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर, महिदपुर (उज्जैन) में 14 से 16 अगस्त तक भक्ति गायन-अनामिका त्रिपाठी मुम्बई, श्रीकृष्ण नृत्य नाटिका- प्रशस्ति मानेश्वर मुम्बई, भक्ति गायन- आकृति मेहरा एवं साथी भोपाल मयूर नृत्य, फूलों की होली- गोविंद तिवारी, वृन्दावन भक्ति गायन-उर्मिला मेवाड़ा शाजापुर, रासलीला- गोविंद तिवारी वृन्दावन एवं भक्ति गायन- सुश्री रक्षा श्रीवास्तव, मुम्बई की ओर से प्रस्तुत की जाएंगी। साथ ही गोपाल मंदिर, उज्जैन में 16 अगस्त को श्वेता गुंजन जोशी, धार के भक्ति गायन और विनती जैन, उज्जैन की ओर से मटकी लोकनृत्य की प्रस्तुति होगी। इसके अलावा अन्य कार्यक्रम भी होंगे।

---

### करोड़ों रुपए की हेराफेरी की गई, एक भी किसान को नहीं लौटाई गई राशि

# अमानक खाद की बिक्री को लेकर की शिकायतें, फिर भी नहीं की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में अमानक खाद की बिक्री करने के नियम काफी सख्त हैं। यहां तक कि यदि अमानक खाद (रासायनिक उवर्रक) की बिक्री पाई जाती है जो इसकी भरपाई संबंधित आपूर्तिकर्ता कंपनी से की जाएगी। पिछले 2017 से लेकर 2022 तक की अवधि में करोड़ों रुपए की अमानक खाद की बिक्री पकड़ी गई। बाद में यह तय हुआ कि इसकी बिक्री से मिल चुकी राशि को संबंधित किसानों को वापस लौटाया जाएगा।

किंतु इसमें करोड़ों रुपए की हेराफेरी की गई और एक भी किसान को राशि नहीं लौटाई गई। इस मामले में मुख्य सचिव ने जांच कराने का आश्वासन दिया था, वह भी नहीं हुआ। दरअसल, मप्र ने नवंबर 2002 में ही अमानक उर्वरक की आपूर्ति के लिए आपूर्तिकर्ता कंपनियों के भुगतान से काटी गई राशि को जमा करने के लिए अमानक उर्वरक कोष बनाया था। अमानक उर्वरक की कीमत उन किसानों को वापस की जानी थी, जिन्होंने इन उर्वरकों का उपयोग किया था, जिसके लिए मार्कफेड को किसानों, समितियों से दावा प्राप्त करने के लिए वर्ष में कम से कम दो बार समाचार पत्रों में विज्ञापन देना जरूरी था। यदि आपूर्तिकर्ता एक वर्ष के भीतर किसी न्यायालय के समक्ष काटी गई राशि का दावा नहीं करता है, और क्रेता किसान, समितियां, जिन्हें अमानक उर्वरक बेचा गया था, दो वर्ष के भीतर दावा नहीं करते हैं, तो काटी गई राशि उर्वरक कोष में जमा कर दी जाएगी। किंतु अमानक पाए जाने पर कार्रवाई तो दूर वह राशि भी कोष में नहीं जमा कराई गई। इसका खुलासा सीएजी की रिपोर्ट में हुआ है। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने को कहा था, किंतु अभी तक में इस मामले में जांच फिलहाल नहीं हो पाई है।



#### अमानक कोष के लिए यह है नियम

*इस कोष का प्रबंधन पंजीयक, सहकारी समितियां भोपाल की ओर से किया जाता है। कोष में जमा राशि का उपयोग किसानों के कल्याण के लिए किया जाना था। यानी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को कृषि उपकरणों के लिए सहायता प्रदान करने, फॉस्फेटिक उर्वरक के त्वरित परीक्षण के लिए परीक्षण किट क्रय करने, किसानों को ऑफ-सीजन रिबेट प्रदान करने आदि में इस राशि का उपयोग होना है। सीएजी ने पाया कि बिक्रित, अबिक्रित अमानक उर्वरकों की कीमत आपूर्तिकर्ता के देयक से काट ली जाती है, बयाना जमा राशि के विरुद्ध समायोजित कर दी जाती है। निर्धारित दावा अवधि की समाप्ति के बाद अबिक्रित अमानक उर्वरकों को आपूर्तिकर्ता कंपनी को हस्तांतरित करने का नियम बनाया गया है। इसके साथ ही साथ यह भी नियम है कि बिक्रित अमानक उर्वरक के लिए कटौती की गई राशि को अमानक उर्वरक कोष में स्थानांतरित कर दिया जाता है।*

#### इतनी राशि की हुई हेराफेरी, जांच व कार्रवाई कुछ नहीं

सीएजी ने पाया कि वर्ष 2017-22 में 8,885 एमटी अमानक उर्वरकों में से 2,561 एमटी किसानों को बिक्री किए और 6,324 एमटी अबिक्रित उर्वरक थे। आगे यह भी पाया गया कि प्रबंध संचालक, मार्कफेड ने अवधि 2017-22 के दौरान आपूर्तिकर्ताओं के भुगतान से रोकी। इसमें 13.10 करोड़ रुपए की राशि में से 10.74 करोड़ (बिक्री किए गए 0.27 करोड़ और अबिक्रित 10.47 करोड़ की लागत) काट लिया। किंतु उस अवधि के दौरान किसानों से कोई दावा प्राप्त नहीं हुआ, और न ही किसी भी किसान को राशि वितरित की गई। इतना ही नहीं प्रबंध संचालक मार्कफेड ने 2017-18, 2019-20 और 2020-21 में केवल एक बार समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित किया, जो अपर्याप्त था और उन्होंने 2018-19 और 2021-22 में विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया। यह भी पाया गया कि किसानों को बिक्री किए अमानक नमूना उर्वरक की कीमत का भुगतान किसी भी किसान को नहीं किया गया।

---

### के. महाराजा माधवराव सिंधिया प्रथम की पुण्य स्मृति पर हुआ व्याख्यान

# बीसवीं शताब्दी में औद्योगिक ग्वालियर राज्य को संपन्न बनाने वाले थे सिंधिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

आधुनिक ग्वालियर के शिल्पकार के. महाराजा माधवराव सिंधिया ने मात्र 10 वर्ष की आयु में एक संपन्नशाली रियासत की राजगद्दी संभाली। उनके राज्यकाल 1886-1925 में ग्वालियर के पुरातन काल का अंत होकर नवयुग का प्रादुर्भाव हुआ। 1894 में शासन सूत्र हाथों में लेने के बाद भी इन्होंने ग्वालियर राज्य का कल्पनातीत औद्योगिक विकास किया। यह बात इतिहास संशोधक एवं लेखक नीलेश ईश्वर चंद्र करकरे ने के. महाराजा माधवराव सिंधिया की पुण्य स्मृति में शताब्दी वर्ष पर आयोजित व्याख्यान को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कही। यह कार्यक्रम आशीष प्रताप सिंह राठोड़ के संयोजन में चेंबर ऑफ कॉमर्स सभागार में माधवराव महाराज स्मृति फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर थे। अध्यक्षता जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य ने की। इसके अलावा मराठा हितकारिणी सभा के पूर्व अध्यक्ष संग्राम कदम एवं कार्यक्रम संयोजक आशीष प्रताप सिंह राठौड़ मंचासीन रहे। आरंभ में अतिथियों ने के. महाराजा माधवराव सिंधिया की छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद प्रस्तावना रखते हुए संग्राम कदम बताया कि के. महाराजा माधवराव सिंधिया की कुशल प्रशासनिक क्षमता एवं विकास कार्यों से आज तक ग्वालियर लाभान्वित हो रहा है। तत्कालीन समय में ही स्मार्ट सिटी की परिकल्पना करके उन्होंने अपनी दूरदर्शिता जाहिर की। कार्यक्रम संयोजक आशीष प्रताप सिंह राठौड़ ने कहा कि इस व्याख्यान का उद्देश्य माधौ महाराज प्रथम की दूरदर्शिता एवं उनके आधुनिक विचारों को लेकर ग्वालियरवासियों को ऐतिहासिक महत्व की जानकारी देना है।

#### रियासत परंपरा में ग्वालियर घराना श्रेष्ठ रहा: कुलगुरु

मुख्य वक्ता करकरे ने कहा कि वह एक ओर बीसवीं शताब्दी में औद्योगिक दृष्टि से ग्वालियर राज्य को संपन्न बनाने वाले थे। वहीं दूसरी ओर ग्वालियर को प्रत्येक क्षेत्र में शिखर पर पहुंचाने वाले दूरदृष्टा शासक थे। मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने माधौ महाराज के काल में ग्वालियर राज्य में हुए सुधारवादी कार्यों से सदन को अवगत करवाया। वहीं अध्यक्षता कर रहे जेयू के कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य ने कहा कि रियासत परंपरा में ग्वालियर घराना श्रेष्ठ रहा है। आज समाज में सामाजिक समरसता के भाव की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हम अपने इतिहास को जानें और पूर्वजों के कार्यों को पहचानें। अंत में कार्यक्रम संयोजक आशीष प्रताप सिंह राठौड़ ने फाउंडेशन के सदस्यों के साथ मंचासीन अतिथियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

#### संघ के पदाधिकारी भी रहे मौजूद



संचालन लॉयंस क्लब के पूर्व प्रांत पाल नितिन मांगलिक ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य क्षेत्र के क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य यशवंत इंदापुरकर, मध्य भारत प्रांत के सह प्रांत कार्यवाह विजय दीक्षित, डॉ. एसपी बत्रा अध्यक्ष मध्य भारत प्रांत आरोग्य भारती, पूर्व गवर्नर रोटरी वीरेंद्र कुमार गंगवाल, एड. जयप्रकाश मिश्रा, अध्यक्ष जीवाजी क्लब राजू सेठ, सचिव संजय वर्मा, मोटिवेशनल स्पीकर बीके प्रहलाद, पूर्व अध्यक्ष अचलेश्वर न्यास राजीव चड्ढा, सुदर्शन झवर, अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान अभय पापरीकर, अध्यक्ष मराठा हितकारिणी सभा बालराजे शिंदे, क्षत्रिय कल्याणकारी समिति के अध्यक्ष राजकरण भदोरिया, मेला व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेंद्र भदकारिया, रामबाबू कटारे, सचिव महेश मुद्गल, युवा जिलाध्यक्ष सर्व ब्राह्मण महासंघ कपिल भार्गव, आशी प्रतिभा दुबे, संजीव निगोतिया, सहित बड़ी संख्य में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

---

### वोट अधिकार यात्रा के लिए नियुक्त किए गए

## बिहार में राहुल गांधी की यात्रा के लिए प्रदेश कांग्रेस नेताओं को मिली जवाबदारी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कांग्रेस द्वारा बिहार में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में 'वोट अधिकार यात्रा' शुरू की जा रही है, जिसका उद्देश्य देशभर में मतदाता जागरुकता बढ़ाना और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करना है। इस ऐतिहासिक यात्रा में विभिन्न जिलों के लिए जिला समन्वयकों की नियुक्ति की गई है।

**सचिन यादव ने पार्टी नेतृत्व के प्रति व्यक्त किया आभार**

मध्यप्रदेश से पूर्व मंत्री एवं विधायक सचिन यादव, अशोक सिंह, कमलेश्वर पटेल, सत्यनारायण पटेल, दिनेश गुर्जर, प्रियव्रत सिंह, नीलांशु चतुर्वेदी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। सचिन यादव ने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि जनता का वोट, जनता की ताकत है। बिहार की धरती से हम यह संदेश देंगे कि लोकतंत्र में किसी को भी जनता का अधिकार छीनने नहीं दिया जाएगा। मप्र कांग्रेस नेताओं की यह सक्रिय भागीदारी न केवल बिहार में पार्टी संगठन को मज़बूत करेगी, बल्कि 'जनता का वोट, जनता की ताकत' के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगी। यात्रा के दौरान हर जिले में पदयात्रा, जनसभाएं और संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें आम जनता को उनके मताधिकार की ताकत और महत्व से अवगत कराया जाएगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह से की सौजन्य भेंट

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को संसद भवन, नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से सौजन्य भेंट की।

इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री शाह को प्रदेश में नए आपराधिक कानून लागू करने और सहकारिता के क्षेत्र में किए गए नवाचारों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में देश की राजधानी बने। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में देश में प्रदेश की हिस्सेदारी, जो अभी 9 प्रतिशत है, उसको बढ़ाकर 25 फीसदी करने का लक्ष्य रखा गया है। नए कानून लागू करने में मध्य प्रदेश अग्रणी राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में चल रहे नवाचारों के माध्यम से सुशासन के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किए जाएंगे।



## मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

ग्वालियर प्रवास के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीन दयाल नगर गेट पर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

विगत 5 वर्षों से डॉ. कुलदीप चतुर्वेदी के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल प्रबुद्ध नागरिक मंच प्रतिमा पर निरंतर माल्यार्पण कार्यक्रम करता आ रहा है।



मुख्यमंत्री ने डॉ. कुलदीप चतुर्वेदी और उनके साथ काम करने वाली पूरी टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए निरंतर ऐसे ही नेक एवं राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए कार्य करने की प्रेरणा देते हुए उपस्थित सभी सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर नित्य प्रतिदिन माल्यार्पण करने वाले पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रबुद्ध नागरिक मंच के सभी राष्ट्र भक्त साथी कार्यकर्ता, मंडल अध्यक्ष व स्थानीय पार्षद विशेष रूप से उपस्थित रहे।।

## मुख्यमंत्री बलराम जयंती पर किसानों के खाते में राशि अंतरित करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ 83 लाख किसान लाभांवित होंगे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 अगस्त को मंडला में बलराम जयंती पर प्रदेश के किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना वर्ष 2025-26 की दूसरी किस्त का किसानों के खाते में अंतरण करेंगे। इस योजना से प्रदेश के 83 लाख किसान हितग्राही लाभांवित होंगे। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना सितंबर 2020 से लागू की गई है। इस योजना में लाभांवित किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपए की सहायता प्रदान की जाती है। यह राशि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अलावा है। मार्च 2025 तक 83 लाख से अधिक किसान हितग्राहियों को 17,500 करोड़ का वित्तीय समर्थन दिया गया है। कार्यक्रम में कृषि तथा संबंधित क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान को प्रतिपादित करने संबंधी गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से हाथियों के संरक्षण का किया आह्वान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व हाथी दिवस पर प्रदेशवासियों से हाथियों के संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों में सहभागी बनने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाथी वन्य जीवन का अद्वितीय संरक्षक है, जिसका हमारे पारिस्थितिकी तंत्र (ईको सिस्टम) में अहम योगदान है। शक्ति और सामर्थ का प्रतीक हाथी, हमारी जैव विविधता को भी मजबूती प्रदान करता है।

## कानों-कान



### नए साहब ने काट दिए पंख

भोपाल रेल मंडल के कॉमर्शियल विभाग के एक अधिकारी ऊंची उड़ान भर रहे थे। जिन को लेकर कई तरह की शिकायत भी लगातार आ रही थीं। लेकिन नए बड़े साहब ने पदभार ग्रहण करने के बाद कर्मचारियों की शिकायत पर नए बड़े साहब ने बुलाकर अधिकारी को फटकार लगाते हुए उनको सभी कर्मचारियों से समन्वय कर काम करने की नसीहत देते हुए उनके पंख काट दिए। अब वह सभी के कामों पर गंभीरता से ध्यान दे रहे हैं। छोटे से छोटा कर्मचारी उनके पास पहुंचता है और गंभीरता से उनके कामों को लेते हैं।

### वन विभाग में पैसों की बंदर बांट को लेकर हो गई लड़ाई

वन विभाग में पिछले दिनों लकड़ी से भरी कुछ अनाधिकृत गाड़ियां पकड़ी गई थीं, जिनको लेकर मामला मंत्रालय स्तर तक पहुंच गया। इस मामले की जब जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि इस मामले में वन विभाग के तीन से चार कर्मचारियों में पैसों के बंदर बांट को लेकर आपस में लड़ाई हो गई। इसको लेकर एक कर्मचारी ने मामले की शिकायत पहले जिला अधिकारी से की। लेकिन यहां से उचित कार्रवाई नहीं होते देख, मंत्रालय स्तर पर शिकायत कर दी। ऐसे में जब ऊपर से डंडा चला तो तीन कर्मचारियों को वहां से हटाकर दूसरी जगह भेजा दिया, लेकिन अभी तक जांच नहीं की गई।

कपिल देव श्रीवास्तव

---

### क्रिस्प स्थापना दिवस आयोजित कार्यक्रम में रोजगार पर हुई चर्चा

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का क्रिस्प स्थापना दिवस बधाई वीडियो संदेश प्रदर्शित किया गया

# उद्योगों की मांग अनुसार कौशल विकास पाठ्यक्रम डिजाइन करें : राज्यपाल पटेल

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि क्रिस्प प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों के उद्योगों में रोजगार की मांग का आकलन कर उसके अनुसार कौशल विकास के कार्यक्रम डिजाइन करें। स्थानीय उद्योगों की मांग के अनुरूप स्थानीय विद्यार्थियों का कौशल विकास करें, जिससे उन्हें अपने क्षेत्र में ही रोज़गार प्राप्त हो सकें। पटेल कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में सेंटर फॉर रिसर्च एण्ड इंडस्ट्रियल स्टॉफ़ परफॉर्मेंस (क्रिस्प) के 29वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का क्रिस्प स्थापना दिवस बधाई वीडियो संदेश प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम में उच्च शिक्षा, आयुष और तकनीकी शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल, क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगौन और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के साथ क्रिस्प के सहकार्यता अनुबंध (एमओयू) का आदान-प्रदान किया गया।



#### प्रशिक्षणार्थियों को प्रदान किए प्रशस्ति-पत्र

राज्यपाल पटेल ने कार्यक्रम में सक्षम योजना के तहत महिला प्रशिक्षार्थियों और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि संस्थान ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत कौशल विकास के कार्यक्रमों से युवाओं को आत्मनिर्भरता की नई राह दिखाई है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण के संकल्प की दिशा में सराहनीय प्रयास है।

#### रोज़गार वृद्धि में 'फ़ोरलेन मॉडल' कारगर उपाय

राज्यपाल पटेल ने कहा कि भारत में रोज़गार अवसरों को बढ़ाने के लिए 'फोरलेन मॉडल' कारगर भूमिका निभा सकता है। इसमें विकेंद्रीकरण, स्वदेशी, उद्यमिता और सहकारिता शामिल हैं। ऐसा देखा गया है जब देश में सहकारिता आधारित उद्योग सक्रिय होते हैं तो देश में सामाजिक समरसता को भी गतिशीलता मिलती है। राज्यपाल ने कहा कि आज भी भारत के युवाओं को सर्वाधिक रोज़गार देने वाला क्षेत्र कृषि है। लगभग 35 प्रतिशत युवा कृषि पर ही निर्भर है। भारत में लगभग 11 करोड़ लोगों ने लघु और कुटीर उद्योगों के माध्यम से स्वरोजगार को अपनाया है, जो रोज़गार के लगभग 20 फीसदी से अधिक है।

#### प्रशासनिक सेवा, नौकरी नहीं बल्कि राष्ट्र सेवा का महान अवसर

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि वे सभी सौभाग्यशाली हैं, जिन्हें प्रदेश की जनता की सेवा का अवसर मिला है। जनता की सेवा हमेशा पवित्र भाव से करें। समाज के ग़रीब, वंचित और जरूरतमंदों की पूरी निष्ठा के साथ मदद करें। उन्हें न्याय दिलाने का हर संभव प्रयास करें। राज्यपाल पटेल ने प्रदेश की सबसे प्रतिष्ठित सेवा में सफलता के लिए प्रशिक्षु उप जिलाध्यक्षों को बधाई दी। राज्यपाल मंगलवार को मध्यप्रदेश राज्य लोक सेवा आयोग की 2020 और 2021 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ नवनीत मोहन कोठारी भी मौजूद थे। सुशासन के आधार होते हैं लोक सेवक राज्यपाल पटेल ने कहा कि प्रशासनिक सेवा, केवल एक नौकरी नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा का महान अवसर है। आप सभी अमृत काल की उस पीढ़ी के प्रतिनिधि हैं।

## पेज एक का शेष....

### 79.91 करोड़ ...

है, जो प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं में सहज निरंतरता सुनिश्चित करे। इसके साथ ही टेलीमेडिसिन जैसी तकनीकों के इस्तेमाल से यह खासतौर पर दूर-दराज और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बढ़ा रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट ने ...

मामले को अति महत्वपूर्ण मानते हुए टॉप ऑफ द बोर्ड में लिस्टेड किया है। 23 सितंबर को इसे पहले नंबर पर सुनवाई के लिए रखा है। ये 13% होल्ड वाले मामले में सभी याचिकाओं पर सुनवाई होगी।

**हर भर्ती में 13 फीसदी पद होल्ड, ऐसी 35 भर्तियां:** सरकार हर भर्ती परीक्षा में 13% पद होल्ड कर रही है। सिर्फ 14% पर रिजल्ट जारी हो रहे हैं। 2019 से अब तक 35 से अधिक भर्तियां रुकी हैं। 8 लाख अभ्यर्थी प्रभावित हो रहे हैं। करीब 3.2 लाख चयनित अभ्यर्थियों के रिजल्ट होल्ड हैं, जिन्हें नियुक्ति का इंतजार है। राज्य सरकार की रिपोर्ट के अनुसार 2023 विधानसभा चुनावों के बाद से अब तक 29 हजार पदों पर नियुक्ति हुई हैं, जबकि 1.04 लाख पद अब भी खाली हैं।

### हाईकोर्ट ने आरक्षण ....

लेकिन नियुक्ति नहीं दी जा रही है। दूसरी तरफ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चांडुरकर की खंडपीठ के सामने अनारक्षित वर्ग द्वारा 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण नहीं दिए जाने पर बात रखी गई थी।

### कहा था- 58%....

मप्र और छत्तीसगढ़ के मामलों में अंतर है। क्योंकि मप्र में ओबीसी आरक्षण 14% से बढ़ाकर 27% किया गया जबकि छत्तीसगढ़ में एसटी आबादी अधिक होने के कारण वहां का आरक्षण पहले जैसा है।

### सरकार के आदेश ....

पहुंच रही थी। एसटी को 20%, एससी को 16%, ओबीसी को 27% और आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य (ईडब्ल्यूएस) को 10% आरक्षण शामिल था। बाद में यह मामला सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर हो गया। सरकार ने इसी आदेश को चुनौती देते हुए ट्रांसफर केस 7/2025 के तहत स्टे वैकेट की सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दी है। अब अगर सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाता है तो मध्यप्रदेश में ओबीसी आरक्षण 27% हो सकता है। अभी तक 70 से ज्यादा याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर हो चुकी हैं।

### मुख्यमंत्री ने दोहराई ...

सरकार लिखित रूप से 27% आरक्षण देने की बात दर्ज करा रही है।

### लोकसभा अध्यक्ष ने...

शामिल हैं। बिरला ने कहा कि समिति जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने का प्रस्ताव जांच समिति की रिपोर्ट मिलने होने तक लंबित रहेगा। इससे पहले लोकसभा स्पीकर ने कहा कि उन्हें 21 जुलाई को रविशंकर प्रसाद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित 146 लोकसभा सदस्यों की ओर से न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने का प्रस्ताव मिला था।

### बैंक में 15 करोड़....

ही नहीं पहना था बल्कि हाथों में ग्लव्स पहन कर बैंक के अंदर घुसे थे। यही वजह है कि ना तो बदमाशों की पहचान हो पा रही है और ना ही उनके फिंगरप्रिंट मिल पा रहे हैं। पुलिस और एसएफएल की टीम ने बैंक का कोना-कोना छान मारा है लेकिन अब तक अपराधियों का कोई भी सुराग हाथ नहीं लगा है। जो अब पुलिस के लिए भी चुनौती बन चुका है। लूट के बाद अपराधी हाई-वे के रास्ते ही फरार हुए हैं। अपराध में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिलों की पहचान भी अब तक नहीं हो पाई। पुलिस ने अब तक 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाल चुकी है। जानकारी के मुताबिक लुटेरों की आखिरी लोकेशन सिहोरा से 19 किमी दूर मंझोली तक मिली है। आगे तीन रोड आती हैं। एक रोड बचैया, दूसरी गुबरा होते हुए दमोह और तीसरी रोड कटंगी तरफ जाती है। ऐसे में अब पुलिस की टीम तीनों रोड पर भी लुटेरों को सर्च कर रही है।

### कूनो पार्क की...

भी कर चुकी थी। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल टाइगर रिजर्व टीम को सूचना दी, सूचना मिलते ही कूनो नेशनल पार्क से वन्यजीव टीम रवाना हुई और सुबह करीब 9 बजे बालेर पहुंची 11 बजे रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ और लगभग सिर्फ 20 से 30 मिनट में चीते को सुरक्षित पकड़कर वापस कूनो भेज दिया गया। ज्वाला के गले में रेडियो कॉलर भी था जिससे उसकी लोकेशन पर निगरानी रखी जा रही थी। वन विभाग के मुताबिक ज्वाला श्योपुर जिले के मानपुर क्षेत्र में अपने एक शावक के साथ देखी गई थी लेकिन वह शावक से अलग हो गई। इसके बाद वह चंबल नदी के किनारे-किनारे राजस्थान में प्रवेश कर गई।

### छात्रों ने क्लास में...

ने ब्यावरा विकासखंड अधिकारी दिलीप शर्मा को मामले की जांच के आदेश दिए हैं। वीडियो कब का है, यह पता नहीं चल सका है। स्कूल के क्लासरूम में छात्रों की पढ़ाई के लिए लगी एलईडी टीवी लगी है। टेबल के पास बैठे कुछ छात्र अपने मोबाइल से स्क्रीन पर चल रही फिल्म का वीडियो रिकॉर्ड कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि जब पोर्न मूवी चल रही थी उस वक्त क्लास में कोई टीचर नहीं था। स्कूल स्टूडेंट के परिजन इस घटना से बेहद नाराज हैं और प्रबंधन पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इस बीच बाल कल्याण समिति राजगढ़ ने डीईओ और स्कूल के प्राचार्य को नोटिस देने की बात कही है। इधर, जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं।

### 4 लोगों के चल ...

लेकर कई नामों की चर्चा चल रही है। इनमें राज्यसभा के उपसभापति और जनता दल (यूनाइटेड) के नेता हरिवंश सिंह, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत के नाम शामिल हैं।

### मप्र एसटीएफ ने की...

यह भी है कि अधिकांश फर्जी जाति प्रमाण पत्र ग्वालियर, भिंड, मुरैना से जारी हुए हैं। फर्जीवाड़े में शामिल होने की आशंका के साथ एसटीएफ ने राजस्व, पुलिस, मेडिकल और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को रडार पर लिया है। जिसके चलते आने वाले दिनों में ऐसे अधिकारी कर्मचारियों की संख्या 50 के ऊपर पहुंच सकती है।

### प्रदेश में अब सामान्य...

पहले मंगलवार को ऊपरी चक्रवाती हवाओं से बादल छंटे और राजधानी में दोपहर बाद धूप खिली। दिन का पारा एक डिग्री बढ़कर 30.6 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 2.1 डिग्री अधिक है। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार को भी कुछ जिलों में मध्यम से हल्की बारिश की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार बंगाल की खाड़ी में एक सकुर्लेशन बन रहा है, जो दो दिन में और गहराएगा, इसके असर से पहले पूर्वी मप्र फिर प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश होगी। इससे तापमान भी गिरेगा। अभी भोपाल सहित प्रदेश में कन्वेक्टिव एक्टिविटीज से बादल, बौछारें और कुछ जगह तेज बारिश हो रही है। कल के बाद सिस्टम का असर शुरू होगा।

### आज यहां बारिश...

राजगढ़, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, अलीराजपुर, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सीधी, शहडोल, उमरिया, जबलपुर, दमोह, सागर, टीकमगढ़ आदि जिलों में गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं

### बारिश के आंकड़े ...

मालवा- निवाड़ सहित कई जिलों में अब तक सामान्य से काफी कम बारिश दर्ज हुई है। भोपाल में एक जून से अब तक कुल 701.1 मिमी बारिश हुई है। यह सामान्य से 45 मिमी अधिक है।

#### प्रमोशन में आरक्षण के मामले पर नहीं हुई सुनवाई

# चीफ जस्टिस की बेंच उपलब्ध न होने से अब 14 अगस्त तक टला मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

आरक्षण के आधार पर पदोन्नति देने के नियम को चुनौती देने के मामले में मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हुई। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ के समक्ष यह मामला सुनवाई के लिए निर्धारित था। मंगलवार को खंडपीठ उपलब्ध न होने के चलते मामले की सुनवाई नहीं हो सकी।

अगली सुनवाई 14 अगस्त नियत की गई। इस मामले में विगत 7 जुलाई को हाईकोर्ट ने चीफ सेक्रेटरी व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने अंडरटेकिंग दी थी कि अगली सुनवाई तक उक्त पॉलिसी के तहत किसी को प्रमोशन नहीं दिए जाएंगे। भोपाल निवासी डॉ स्वाति तिवारी व अन्य की ओर से याचिका दायर कर दलील दी गई थी कि वर्ष 2002 के नियमों को हाई कोर्ट के द्वारा आरबी राय के केस में समाप्त किया जा चुका है। इसके



विरुद्ध मध्य प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट में मामला अभी लंबित है, इसके बावजूद सरकार ने नियम बना दिए। मंगलवार को इस मामले में महाधिवक्ता कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि उक्त याचिका की सुनवाई में शासन की ओर से पूर्व एडिशनल सॉलिसिटर जनरल सी.एस. वैद्यनाथन पक्ष रखेंगे।

### तहसीलदारों की हड़ताल अवैधानिक घोषित कराने हाईकोर्ट में याचिका दायर

इधर, मप्र हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर तहसीलदारों की हड़ताल को अवैधानिक घोषित किए जाने की मांग की गई है। इस सिलसिले में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के दिशा-निर्देशों का हवाला दिया गया है। जिनके अंतर्गत शासकीय कर्मियों को हड़ताल पर जाने का अधिकार नहीं है। उनके ऐसा करने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जनहित याचिकाकर्ता नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के प्रांताध्यक्ष डा.पीजी नाजपांडे व समाजसेवी रजत भार्गव की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय पैरवी करेंगे। उन्होंने अवगत कराया कि जनहित याचिका में तहसीलदारों की मांग को अवैधानिक निरूपित किया गया है। क्योंकि मप्र शासन ने न्यायिक व प्रशासनिक कार्य के लिए तहसीलदरों के दायित्व का विभाजन एकदम उपयुक्त किया है। ऐसा करने से दोनों तरह के कार्य अपेक्षाकृत बेहतर तरीके से पूरे हो सकेंगे। इसके बावजूद तहसीलदारों का हड़ताल पर जाना सर्वथा अनुचित है। लिहाजा, उनकी हड़ताल अवैध घोषित कर हाईकोर्ट उन्हें कार्य पर वापस लौटने सख्त निर्देश जारी करे। पूर्व में भी इस तरह की हड़तालों के बाद सख्ती बरतते हुए जुर्माना लगाया जा चुका है।

## सट्टेबाजी एप से 2000 करोड़ की ठगी, कई राज्यों में ईडी के छापे

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने 'अवैध' सट्टेबाजी एप के संचालन से संबंधित धन शोधन मामले की जांच के तहत मंगलवार को कई राज्यों में छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि इस एप के जरिये लोगों से कथित तौर पर 2,000 करोड़ रुपए की ठगी की गई है। 'परीमैच' नाम के एप के खिलाफ मामले में मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, जयपुर, मदुरै और सूरत में कम से कम 15 परिसरों में छापेमारी की जा रही है। धन शोधन निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत दर्ज यह मामला मुंबई साइबर पुलिस द्वारा 2024 में दर्ज की गई एक प्राथमिकी पर आधारित है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि यह राशि जालसाजों ने 'म्यूल खातों' में एकत्रित की थी और इसे कई भुगतान ऐप और एजेंटों के माध्यम से अलग-अलग प्राप्त किया गया था।

## यूपीएससी का एक अक्टूबर से शताब्दी समारोह

**नई दिल्ली।** यूपीएससी अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर साल भर चलने वाले कार्यक्रम और गतिविधियों का आयोजन करेगा। शताब्दी समारोह एक अक्टूबर से शुरू होगा। एक अक्टूबर, 2026 तक जारी रहेगा। इस संबंध में निर्णय हाल ही में यूपीएससी अध्यक्ष अजय कुमार की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में लिया गया।

**मध्यप्रदेश राज्य सहकारी आवास संघ मर्या.**
कार्यालय : तृतीय तल सहकार भवन रंगमहल टाकीज के सामने नार्थ टी.टी. नगर, भोपाल (म.प्र.), फोन नंबर- 0755-2775662 2779368, फैक्स 2779368, Email : awassangh@gmail.com
क्रमांक/आ.संघ/संपदा/2025/459 दिनांक : 12.08.2025

**आम-सूचना नामांतरण हेतु**

म.प्र. राज्य सहकारी आवास संघ मर्या. भोपाल के कार्यालयीन रिकार्ड के अनुसार प्लाट/भूखण्ड क्रमांक 169, आराधना नगर भोपाल पर आर.सी.ई. सहकारी गृह निर्माण समिति मर्या. भोपाल द्वारा श्रीमती राजेश्वरी जैन पत्नी श्री प्रकाश चंद्र जैन को संस्था द्वारा वर्ष 1982 में आवंटित किया गया था। उक्त मूल आवंटी सदस्य श्रीमती राजेश्वरी जैन पत्नी श्री प्रकाश चंद्र जैन द्वारा उक्त प्लाट/भूखण्ड को वर्ष 1998 में श्री आदित्य सहाय जौहरी आत्मज स्व. श्री भगवान सहाय जौहरी को विक्रय किया गया। उक्त भूमि की लीज अवधि वर्ष 2006 में समाप्त हो जाने के पश्चात नामांतरण/लीज नवीनीकरण की कार्यवाही वर्ष 2025 में प्रारंभ हुई। जिसके पश्चात श्री आदित्य सहाय जौहरी आत्मज श्री बी.एस. जौहरी द्वारा उक्त प्लाट/भूखण्ड का नामांतरण विक्रय पत्र के आधार पर स्वयं के नाम से करने हेतु आवेदन एवं दस्तावेजों को प्रेषित कर अनुरोध किया गया है।
यदि उपरोक्त प्लाट के विक्रय पर एवं नामांतरण पर संपत्ति से हितबद्ध वारिस एवं अन्य किसी व्यक्ति संस्था बैंक आदि को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस में मय दस्तावेज एवं प्रमाण के साथ आवास संघ कार्यालय में सम्पर्क करें।
उक्त निर्धारित समयावधि में आपत्ति प्राप्त नही होने पर उक्त प्लाट क्रमांक 169, आराधना नगर भोपाल का नामान्तरण श्री आदित्य सहाय जौहरी आत्मज श्री बी.एस. जौहरी के पक्ष में करने हेतु आवास संघ स्वतंत्र रहेगा।
**नोट : आपत्ति प्रस्तुत करने का स्थान म.प्र. राज्य सहकारी आवास संघ मर्या. तृतीय तल, सहकार भवन नार्थ टी.टी. नगर भोपाल।**
म.प्र. माध्यम/121549/2025 **प्रबंध संचालक**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**वीर सावरकर जोन क्र.-04 (मंगलवारा)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम भोपाल जोन क्र.04 के वार्ड क्र.-16 में स्थित मैकेनिकल मार्केट भोपाल में भूखण्ड क्र. 27 का नामान्तरण किये जाने हेतु विज्ञप्ति प्रकाशन किया जाना है जिनके नामों का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | लीज आईडी. | संपत्तिकर आईडी | आवंटी का नाम | स्थान एवं भूखण्ड | आकार | नामांतरण हेतु प्रस्तुत आवेदक का नाम | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | L000004301 | P000034819 | पंचम विश्वकर्मा/भोजनारायण विश्वकर्मा | 27-मैकेनिकल मार्केट | 1200 वर्गफीट | श्रीमती फरहा खान पत्नि श्री रिजवान खान | आवेदन पत्र / रजिस्ट्री आधार पर |

उपरोक्त भूखण्ड के नामांतरण पर किसी भी व्यक्ति / बैक / संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ती हो तो, सूचना पत्र के 15 दिवस भीतर जोन कार्यालय क्र.04 वार्ड क्र.-16 के कार्यालय में शपथ पत्र मय साक्ष्य के प्रस्तुत करें। नियत समयावधि में यदि कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है तो यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है और प्रकरण में विधिवत नामांतरण हेतु कार्यवाही कर दी जावेगी।

**जोनल अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, भोपाल**
सू.क्र.2052/025/026




हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

**JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE**
56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
Mob.: 9826264575, 8889560478, 8085377716, 0755-2660949 Web.: www.jncbpl.com
★ M.Sc. (Physics, Chemistry, Botany, Zoology, Micro bio., Biotech., Computer Sc., Maths) ★ PGDCA ★ B.Sc. (Bio Group & Maths, Chemistry, Computer Sci., Env.Sc., Biology, Micro Bio., Biotech ) ★ B.Com. Plain & Computer ★ M.Com ★ BCA ★ BA ★ BBA ★ M.A. (Eng., Polt. Sc., Socio., Eco. & Urdu) ★ B. Lib ★ M. Lib. ★ B.P.E.S. ★ PG Diploma in Yoga ★ D.El. Ed. ★ B.Ed. ★ B.P.Ed. ★ M.Ed. ★ M.P.Ed.
DIRECT ADMISSION* College Offering Best Career Options With Minimum Fee Structure
** Note : All Admission According to MP Higher Education Guide line and Rules 2023-24

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644




नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं। माता-पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**वृष** — तरक्की के योग बन रहे हैं। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

**कर्क** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी। धार्मिक कार्यों में खर्च बढ़ेंगे।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मौके मिलेंगे।

**कन्या** — आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**तुला** — धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। उच्चाधिकारियों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। संयम बनाकर रखें।

**वृश्चिक** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। अध्ययन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**धनु** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। घर की सुख-सुविधाओं के विस्तार पर खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान रहेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान को स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**कुंभ** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। कारोबार का विस्तार हो सकता है। किसी संपत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**मीन** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें।

## शब्द पहेली - 5957



**बाएँसेदाए**
1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति,काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर,पराया,दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष,रूम-3
26. ठिकाना,नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**
2. तरुणाई,लड़कपन-3
4. सहायता,आधार-3
5. बीताना,यापन करना-4
6. दिखावा,पाखंड-4
7. जरुरत,स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध,लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर,सवेरा-3
24. सना हुआ,तर-4
25. छल,धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

### शब्द पहेली - 5956 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ति | आ | व | श्य | क | ■ | का | रा | वा | स |
| ज | ल | ■ | र | ■ | म | छ | ली | ■ | र | मा |
| र | ■ | अ | दा | का | र | ■ | न | र | ■ | धा |
| अ | र | मा | न | ■ | बं | द | ■ | ज | मी | न |
| म | ■ | न | ■ | म | द | म | स्त | ■ | रा | ■ |
| र | ज | त | प | ट | ■ | क | र | म | ज | ला |
| ■ | प | ■ | ट | क | रा | ना | ■ | स | ■ | ल |
| मु | ना | दी | ■ | ना | ग | ■ | द | ल | ह | न |
| ला | ■ | प | री | ■ | गा | ड़ी | वा | न | ■ | पा |
| का | का | ■ | त | न | य | ■ | घ | ■ | न | ल |
| त | र | सा | ना | ■ | न | ग | र | भ | व | न |

## सूडोकु नवताल - 5967

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5966 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## चिंतन

# उच्च 'डिजिटेक' उद्योग में मजबूत हो रहा भारत

भारत को डेड इकोनॉमी कहे जाने के बीच केंद्र सरकार ने चार सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सेमीकंडक्टर निर्माण क्षेत्र में ताइवान, अमेरिका, दक्षिण कोरिया व चीन जैसे देशों पर निर्भरता कम करने और प्रतिद्वंद्वी आर्थिक ताकतों को टक्कर देने के लिए भारत तेजी से इस डिजिटल टूल इंडस्ट्री में कदम बढ़ा रहा है। तीन राज्यों ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में चार सेमीकंडक्टर उद्योग लगेंगे, जिस पर 4594 करोड़ रुपये खर्च होंगे। चार प्लांट्स की मंजूरी के साथ अब 6 राज्यों में लगभग 1.60 लाख करोड़ रुपये के निवेश के साथ 10 सेमीकंडक्टर प्लांट्स हो गए हैं। ये प्रोजेक्ट्स भारत सेमीकंडक्टर मिशन योजना के हिस्सा हैं। भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग में विकास की अपार संभावनाएं हैं। सरकार की नीतियों, घरेलू मांग, और वैश्विक साझेदारी के साथ, भारत सेमीकंडक्टर विनिर्माण और डिजाइन में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने की राह पर है। अभी भारत सेमीकंडक्टर के लिए आयात पर निर्भर हैं। दूरसंचार, ऑटोमोटिव, डेटा सेंटर्स, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रॉनिक्स में सेमीकंडक्टर की मांग लगातार बढ़ रही है। विश्व में अभी जिस प्रकार से टैरिफ वार का दौर चल रहा है और औद्योगिक कलपुर्जे को ट्रेडकूटनीति का हथियार बनाया जा रहा है, उसमें भारत को उच्च तकनीक वाले हर क्षेत्र में महारत, आत्मनिर्भरता हासिल करनी होगी। चीन ने दुर्लभ खनिज का निर्यात भारत को रोक दिया, तो अमेरिका ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया। भारतीय सेमीकंडक्टर बाजार 2023 में लगभग 38 अरब डॉलर का था और 2030 तक 100-110 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। सरकार ने सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के तहत 76,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, जिसका उद्देश्य सेमीकंडक्टर डिजाइन, निर्माण और अनुसंधान को बढ़ावा देना है। भारत, अमेरिका और जापान जैसे देशों के साथ प्रौद्योगिकी साझेदारी कर रहा है, जिससे प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और स्थानीयकरण को बढ़ावा मिलेगा, पर भारत को ताइवान की विशेषज्ञता का लाभ उठाना चाहिए। भारत में 140 करोड़ से अधिक लोगों की आबादी है, जो सेमीकंडक्टर के लिए एक बड़ा घरेलू बाजार प्रदान करती है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, और सेमीकंडक्टर इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि भारत में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में कुशल इंजीनियरों और डिजाइनरों की कमी है। भारत ने वर्ष 2021 में सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) शुरू किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सेमीकंडक्टर, डिस्प्ले विनिर्माण और डिज़ाइन पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश करने वाली कंपनियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। भारत के लिए सेमीकंडक्टर निर्माण का रणनीतिक महत्व है। आगे चलकर उच्च तकनीक वाले उद्योग में सेमीकंक्टर की अहम भूमिका के चलते भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए इस क्षेत्र में मजबूत बनना होगा। आर्थिक विकास को गति देने के लिए सेमीकंडक्टर निर्माण क्षमता हासिल करना जरूरी है, इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी और निर्यात के अवसर खुलेंगे। भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक वैश्विक सेमीकंडक्टर बाज़ार में 10 फीसदी हिस्सेदारी प्राप्त करना है। भारत अपने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का लगभग 65-70 फीसदी आयात मुख्य रूप से चीन से) करता है। स्थानीय विनिर्माण क्षमता स्थापित करने से इस निर्भरता को कम किया जा सकता है। भारत चौथी औद्योगिक क्रांति जिसे उद्योग 4.0 के रूप में भी जाना जाता है, को अपना रहा है जिसमें सेमीकंडक्टर की प्रमुख भूमिका है। देश में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ड्रोन और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों में अग्रणी बनने की क्षमता है।

## वोकल फॉर लोकल

डॉ. मोनिका शर्मा



# स्वदेशी सामानों से जुड़ी सांस्कृतिक विरासत

बीते दिनों अमेरिका ने भारत समेत 70 देशों के निर्यात पर भारी टैरिफ लगाने की घोषणा की। हमारे यहां भी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ को लेकर चर्चा जारी है। सुखद है कि इन दिनों स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने का रुख भी मुखर है। ध्यातव्य है कि इन्हीं दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने भी देशवासियों से 'स्वदेशी का संकल्प' लेने और 'मेक इन इंडिया' उत्पादों को अपनाने की अपील की थी। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि 'भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है, तो देशवासियों को स्वदेशी उत्पादों का समर्थन करना ही होगा। आर्थिक विकास की यह यात्रा तब तक अधूरी है, जब तक देश का हर नागरिक, हर व्यापारी और हर नेता 'लोकल फॉर वोकल' के मंत्र को आत्मसात नहीं करता।' विचारणीय है कि स्वदेशी उत्पादों की खरीद का केवल आर्थिक पक्ष नहीं है। देश में बने सामान को प्राथमिकता देना हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने से भी जुड़ा है। अधिकतर परंपरागत उत्पाद भारत के किसी न किसी हिस्से की सांस्कृतिक थाती का प्रतिनिधित्व करते हैं। अपने देश में बने सामान बहुत सी परंपरागत कलाओं सहेजते हैं। स्थानीय उत्पादों की खपत स्थानीय उद्योगों के विकास को भी बल देती है। इनका उपयोग सीधे-सीधे हमारे हस्तशिल्प को बढ़ावा देता है। दूर-दराज़ के क्षेत्रों में बसे लोगों को भी रोजगार मिलता है। एक अकेले हथकरघा उद्योग से ही देश में 3.5 मिलियन से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। स्वदेशी उत्पादों का उपयोग हर नागरिक को अपने आंगन से और गहराई से जोड़ता है। श्रमशील कारीगरों की मेहनत के प्रति आमजन में मान करने का भाव जगाता है। इसी पहलू को संबोधित कराते हुए पीएम भी जागरूक उपभोक्ता बनने का आग्रह करते हुए कह चुके हैं कि हम जो भी खरीदें, हमें खुद से पूछना चाहिए, क्या इसे बनाने में किसी भारतीय ने मेहनत की है? अगर यह हमारे लोगों के पसीने से, उनके कौशल से बना है, तो वह उत्पाद हमारे लिए स्वदेशी है। समझना कठिन नहीं कि आर्थिक बेहतरी से जुड़ा यह पक्ष हर मोर्चे पर हमारी सांस्कृतिक विरासत के रंगों को पोसने वाला भी है। भारत में आज़ादी के संग्राम से समय से स्वदेशी सामानों की खरीद की वकालत की जाती रही है। बीते कुछ बरसों से चल रही 'वोकल फॉर लोकल' की मुहिम ने देश में बने उत्पादों को लेकर लोगों को जागरूक भी किया है। नागरिकों में एक दायित्व बोध के भाव को बल दिया है। दशक भर पहले देश में खादी उत्पादों की बिक्री 30 हजार करोड़ रुपये से भी कम हुआ करती थी। हालिया आंकड़ों के अनुसार यह सवा लाख करोड़ रुपये के करीब है। आमजन की सजगता का ही परिणाम है कि देश में परंपरागत खिलौनों की खरीद भी बढ़ी है। विदेशी खिलौनों की खरीद करीब 70 प्रतिशत घटी है। नई पीढ़ी जीवन के पहले ही पड़ाव मिट्टी, लकड़ी और कपड़े के खिलौनों के माध्यम से देश की सांस्कृतिक विरासत से रूबरू हो रही है। असल में वोकल फॉर लोकल के अभियान से न केवल स्वदेशी सामानों की गुणवत्ता बढ़ी है बल्कि तकनीक के चलते बहुत से शिल्पकार स्थानीय बाजार के अलावा ऑनलाइन बाजार में भी सामान उपलब्ध करवा रहे हैं। भारत ही नहीं विदेश में बसे उपभोक्ता भी देश के हर हिस्से की कलात्मक चीज़ें खरीद सकते हैं। गौरतलब है कि स्वदेशी उत्पादों में परंपरा के रंग ही नहीं नवाचार की रौनक भी जुड़ गई है। परंपरागत व्यवसाय की संस्कृति वाले हमारे देश में यह स्थिति रोजगार, कला, श्रम के सम्मान और सामाजिक-आर्थिक समानता से जुड़े हर पक्ष पर परिवर्तन लाने वाली है। निस्संदेह, स्वदेशी वस्तुओं को भी अपनाने का आह्वान अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भर भारत के लिए संजीवनी के समान है। 140 करोड़ आबादी वाले हमारे देश में स्वदेशी वस्तुओं की खरीद को प्राथमिकता देना बड़ा बदलाव ला सकता है। भारतीय उपभोक्ताओं की सजगता और समझ देश को इस बाजार आधारित परावलंबन से आज़ादी दिला सकती है। भारत के उत्पाद, सेवाएं व विशेष ब्राण्ड का क्रय करना हर तरह की कला और सांस्कृतिक जीवन के संवर्द्धन से जुड़ा है। ऐसे में भारत में बने सामानों की खरीद किसी क्षेत्र में विशेष में कौशल रखने वाले कारीगरों के श्रम को सम्मान देने और अनमोल विरासत को बचाने वाला कदम भी है।

( लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## पांच वर्ष पूरे

प्रणय कुमार

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 अब पांच वर्ष पूरे कर चुकी है। यह स्वतंत्र भारत की तीसरी और 21वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है। यह केवल प्रमाणपत्र दिलाने वाली शिक्षा नहीं, बल्कि शोध, नवाचार, कौशल, सहयोग, समावेशन और आत्मनिर्भरता के सहारे विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला है। यह शिक्षा को जीवन–पर्यंत सीखने की प्रक्रिया मानते हुए उसकी परिभाषा ही बदल देती है। फिर भी चुनौतियां मौजूद हैं, सकल नामांकन अनुपात के लक्ष्यों को पाने के लिए संसाधनों, प्रशिक्षित मानवबल और ठोस कार्ययोजना की आवश्यकता है। डिजिटल विभाजन समाप्त करना और शिक्षक–छात्र अनुपात को संतुलित करना आने वाले वर्षों की प्राथमिकताएं होनी चाहिए।

# शिक्षा नीति से लाभ, चुनौतियां बाकी

उनतीस जुलाई 2020 को घोषित राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 अब पांच वर्ष पूरे कर चुकी है। यह स्वतंत्र भारत की तीसरी और 21वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है। 1968 में दौलत सिंह कोठारी और 1986 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की अध्यक्षता में बनी नीतियों के बाद यह सबसे बड़ा बदलाव है। इसका मसौदा अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में तैयार हुआ और अभूतपूर्व जनभागीदारी से गुज़रा। दो लाख ग्राम पंचायतों, छह हजार ब्लॉकों एवं शहरी निकायों और 676 जिलों से लाखों सुझाव आए। लंबी विचार-प्रक्रिया और गहन विमर्श के बाद यह नीति अपने समय की सबसे व्यापक, संतुलित और दूरदर्शी रूप में सामने आई।

पिछली नीतियां मुख्यतः शिक्षा में समान अवसर और समता पर केंद्रित थीं, लेकिन 2020 की नीति दृष्टिकोण को और गहरा करती है। यह केवल प्रमाणपत्र दिलाने वाली शिक्षा नहीं, बल्कि शोध, नवाचार, कौशल, सहयोग, समावेशन और आत्मनिर्भरता के सहारे विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला है। यह शिक्षा को जीवन-पर्यंत सीखने की प्रक्रिया मानते हुए उसकी परिभाषा ही बदल देती है। अपने देश में विद्यालयों में नामांकन और उपस्थिति बढ़ाना दशकों से चुनौती रहा है। लाखों बच्चे बीच में पढ़ाई छोड़ने को विवश होते रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने इस चुनौती को स्वीकारते हुए 2030 तक पूर्व-प्राथमिक से कक्षा 10 तक 100 प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात और 2035 तक उच्च शिक्षा में 50 प्रतिशत लक्ष्य तय किया। 'निपुण भारत मिशन' के तहत कक्षा 3 तक के बच्चों में आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मक कौशल 2025 तक सार्वभौमिक बनाने का संकल्प लिया गया है। इस नीति ने प्राथमिक शिक्षा को रोचक और व्यवहारिक बनाने के लिए 'जादुई पिटारा' जैसी पहलें शुरू कीं। कार्ड, कहानियां, दृश्य-श्रव्य सामग्री के ज़रिये बच्चों में सीखने की ललक जगाई। यह सामग्री 22 भाषाओं में ई-प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। पहली बार कक्षा 6 से ही व्यावसायिक, तकनीकी और अन्य कौशलों को औपचारिक शिक्षा का अंग बनाया गया है। अटल नवाचार मिशन के तहत 10,000 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब स्थापित हो चुकी हैं, जिन्हें 50,000 तक पहुंचाने का लक्ष्य है। डिजिटल संसाधनों का उपयोग इस नीति का मजबूत आधार है। 'पीएम ई-विद्या', 'दीक्षा', 'विद्या समीक्षा केंद्र', 'ई-पाठशाला', 'स्वयं', 'स्वयं प्रभा', 'समर्थ', 'निष्ठा', 'राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय' और 'राष्ट्रीय शैक्षिक भंडार' जैसे मंचों ने गुणवत्ता-युक्त सामग्री गांवों-कस्बों तक पहुंचा दी है। शिक्षकों के प्रशिक्षण और पेशेवर विकास पर भी विशेष बल है। 'राष्ट्रीय पेशेवर मानक' (एनपीएसटी) ने शिक्षक की भूमिका को केवल पढ़ाने तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें विद्यार्थियों के व्यक्तित्व-निर्माता के रूप में सशक्त किया है। नीति का मातृभाषा-केंद्रित दृष्टिकोण उल्लेखनीय है। प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा या स्थानीय भाषा में शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा, साहित्य, कला और संस्कृति को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया। एनसीईआरटी ने 117 भाषाओं में मातृभाषा और बहुभाषा-आधारित शिक्षा को बढ़ावा दिया है। विद्यार्थियों पर परीक्षा का दबाव घटाने के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2025–26 से कक्षा 10 की बोर्ड



परीक्षा वर्ष में दो बार देने का विकल्प दिया है। 'परख' नामक समग्र रिपोर्ट कार्ड में अब केवल अंक नहीं, बल्कि नैतिकता, रचनात्मकता, सहयोग और संवेदनशीलता का भी मूल्यांकन होगा। दशकों पुरानी 10+2 प्रणाली को बदलकर 5+3+3+4 की नई संरचना लागू हुई है। कक्षा नर्सरी से 2 तक फॉउंडेशनल चरण, 3 से 5 तक प्रीपरेटरी चरण, 6 से 8 तक मिडिल तथा 9 से 12 तक सेकंडरी चरण में स्कूली शिक्षा को बांटा गया है। विद्यालयी से लेकर उच्च शिक्षा तक विद्यार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स और नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क की व्यवस्था लागू की गई है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को पढ़ाई, पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप एवं कौशल के आधार पर क्रेडिट अंक दिए जाते हैं। बीच में पढ़ाई बाधित होने पर भी विद्यार्थियों के खाते में ये क्रेडेंसिलय बने रहेंगे और बाद में पढ़ाई पुनः आरंभ कर उन्हें बढ़ाया भी जा सकता है। इसी क्रम में चार वर्षीय स्नातक डिग्री कार्यक्रम में कभी भी प्रवेश (मल्टीपल एंट्री) और कभी भी निकास (मल्टीपल एग्जिट) की सुविधा दी गई है, जिससे विद्यार्थियों का समय, धन और परिश्रम व्यर्थ न जाए। एक वर्ष की पढ़ाई पर प्रमाणपत्र, दो वर्ष पर डिप्लोमा, तीन वर्ष पर ऑनर्स और चार वर्ष पर ऑनर्स विद रिसर्च की डिग्री प्राप्त होगी। शोध एवं अनुसंधान में रुचि रखने वाले विद्यार्थी सीधे चार वर्षीय स्नातक के बाद इस क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा तथा स्टेम शिक्षा में शोध व अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री रिसर्च फेलोशिप योजना (पीएमआरएफ) प्रारंभ की गई है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अनुसंधान राष्ट्रीय रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) की स्थापना की गई है, जिसका उद्देश्य महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों और प्रयोगशालाओं में अनुसंधान व नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में दुहरी डिग्री और बहुविषयक पढ़ाई को प्रोत्साहन दिया गया है। किसी भी संकाय का पात्र उम्मीदवार उच्च शिक्षा में कोई भी विषय लेकर पढ़ाई कर सकता है। शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण की दिशा में भी ठोस कदम उठाए गए हैं। भारत के प्रतिष्ठित संस्थान विदेशों में परिसर खोल रहे हैं और विदेशी विश्वविद्यालय भारत में अपने परिसर स्थापित कर रहे हैं। इन विश्वविद्यालयों के भारत आने से विद्यार्थियों को देश में रहकर ही वैश्विक स्तर की शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, विश्वविद्यालयों के मध्य परिणाम व कार्य-संस्कृति को लेकर स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा का वातावरण बनेगा तथा विदेश जाने की आवश्यकता एवं आर्थिक भार दोनों कम होंगे। यह स्पष्ट है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दृष्टि और ऊर्जा का संचार किया है। संरचनात्मक बदलाव लागू हो चुके हैं, नई पुस्तकें और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म तैयार हैं, और नामांकन के साथ-साथ सीखने के परिणामों में भी सकारात्मक सुधार हुआ है। उच्च शिक्षा के नामांकन में भी आशातीत सुधार हुआ है। उच्च शिक्षा में 2014-15 में जहां 3.4 करोड़ विद्यार्थी पंजीकृत थे, वहीं 2022-23 के आंकड़े के अनुसार 4.46 करोड़ विद्यार्थी पंजीकृत हैं। फिर भी चुनौतियां मौजूद हैं, सकल नामांकन अनुपात के लक्ष्यों को पाने के लिए संसाधनों, प्रशिक्षित मानवबल और ठोस कार्ययोजना की आवश्यकता है। डिजिटल विभाजन को समाप्त करना, ग्रामीण क्षेत्रों में अवसंरचना सुदृढ़ करना और शिक्षक-छात्र अनुपात को संतुलित करना आने वाले वर्षों की प्राथमिकताएं होनी चाहिए। वास्तव में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 केवल शिक्षा सुधार का दस्तावेज़ नहीं है, बल्कि यह भारत को ज्ञान-आधारित, आत्मनिर्भर और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ाने का विस्तृत खाका है।

( लेखक शिक्षाविद एवं वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# चरित्र गठन की विशाल व्यायामशाला है संसार



संकलित

## दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।

# मित्रता मुश्किल समय के लिए एक भरोसा



संकलित

## प्रेरणा

रामायण में हनुमान जी ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता करवाई थी। पहली मुलाकात में श्रीराम ने सुग्रीव से कहा कि मैं मेरी पत्नी सीता को खोज में जंगल-जंगल भटक रहा हूं, लेकिन आप तो राजा हैं। आप जंगल में क्यों रह रहे हैं? पहले सब ठीक था, लेकिन एक दिन हमारे राज्य में एक राक्षस आ गया तो बालि उसे मारने गया। सुग्रीव ने श्रीराम से अपना सारा वृतांत बताया कि कैसे भाई को गलतफहमी हुई। श्रीराम ने सुग्रीव की पूरी बात सुनी और कहा कि ठीक है मैं आपकी मदद करूंगा। पहले तो सुग्रीव को श्रीराम पर भरोसा नहीं हुआ। वह सोचने लगा कि बालि तो इतना बलवान है, राम उसे कैसे मार सकते हैं? ये कैसे मेरी मदद कर पाएंगे? सुग्रीव के चेहरे पर संदेह देखकर श्रीराम ने कहा कि सुग्रीव, अब मैं तुम्हारा मित्र हूं। मित्र के छह गुण हैं। पहला, अपने दोस्त के दुख में दुखी होना। दूसरा, मित्र के दुख को दूर करने का प्रयास करना। तीसरा, मित्र को गलत रास्ते पर जाने से रोकना। चौथा, लेन-देन के समय शंका न करना। पांचवां, हमेशा दोस्त का भला करना और छठा गुण है, विपत्ति के समय दोस्त के साथ खड़े रहना। ये सभी अच्छे मित्र के लक्षण हैं और तुम मुझे अपना मित्र समझ सकते हो। श्रीराम की बातें सुनकर सुग्रीव को उनकी बातों पर भरोसा हो गया। इसके बाद सुग्रीव ने भी सीता की खोज में मदद करने का वचन दिया। दोनों मित्रों ने एक-दूसरे की परेशानी को हल करने का संकल्प लिया।

## सटाका




## आज की पाती

### मिलावट : मुंह में नहीं जमीर में घुला जहर

मिलावट अब केवल खाने–पीने तक सीमित नहीं रही, यह हमारे सोच, संबंध और व्यवस्था तक में घुल चुकी है। मूंगफली में पत्थर हो या दूध में डिटर्जेंट, यह मुनाफाखोरी की संस्कृति का विस्तार है। उपभोक्ता की चुप्पी, सरकार की ढील और समाज की 'चलता है' मानसिकता ने इसे स्वीकार्य बना दिया है। मिलावट एक नैतिक संकट है, जो धीरे–धीरे शरीर ही नहीं, आत्मा को भी बीमार कर रहा है। जब तक ईमानदारी को समर्थन और सच्चाई को स्पेस नहीं मिलेगा, तब तक हर दाना शक के दायरे में रहेगा और हर निवाला जहर जैसा लगेगा। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, जमीर और व्यवस्था में हो रही है। हर उत्पाद के साथ–साथ संवेदनाएं, ईमानदारी व नैतिकता भी प्रदूषित हो रही हैं। *– प्रकाश जैन, धमतरी*

## करंट अफेयर

# न्यूयॉर्क के नृत्य महोत्सव में 15 अगस्त को मनेगा इंडिया डे


न्यूयॉर्क शहर के सबसे लंबे समय से जारी सार्वजनिक नृत्य महोत्सव में इस साल 15 अगस्त को भारत के स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की एक श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिसका केंद्र बिंदु होगा 'शक्ति', यानी स्त्रीत्व की दिव्य ऊर्जा। दुनिया भर के विभिन्न नृत्य दलों को एक मंच पर लाने वाला 44वां वार्षिक 'बैटरी डांस फेस्टिवल' 12 अगस्त से 16 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। भारत के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को महोत्सव में 'इंडिया डे' का आयोजन होगा। इसमें 'शक्ति– दिव्य ऊर्जा' नामक एक कार्यक्रम पेश किया जाएगा, जिसमें वैश्विक कलाकार नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्त्रीत्व के सार और रचनात्मकता को सम्मान देंगे। बैटरी डांस के संस्थापक और कलात्मक निदेशक जोनाथन हॉलैंडर ने 'पीटीआई–भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, 'पिछले दो वर्षों में हमने 'पुरुष' यानी पुरुष नर्तकों पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित किया था और इस साल हमने इसे बदलते हुए 'शक्ति, दिव्य ऊर्जा' पर विशेष जोर दिया है।' 'इंडिया डे' कार्यक्रम को न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास और भारतीय स्टेट बैंक, न्यूयॉर्क की ओर से अनुदान के माध्यम से सहयोग प्राप्त है।



## ऑफ बीट

# ओजेम्पिक दवा से नेत्र रोग का जोखिम बढ़ सकता है

'ओजेम्पिक', 'वेगोवी' और 'मौंजारो' जैसी दवाओं ने दुनिया भर में चिकित्सकों द्वारा मधुमेह और मोटापे के प्रबंधन के तरीके को बदलकर रख दिया है। इन दवाओं को सेमाग्लूटाइड और टिरजेपेटाइड के नाम से भी जाना जाता है। ये दवाएं हमारे शरीर में जीएलपी–1 हार्मोन के प्रभाव की तरह ही काम करती हैं। ये दवाएं भूख और भोजन की इच्छा, दोनों को सीमित करती है, जिससे लोगों को वजन कम करने और रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। हालांकि आज (मंगलवार को) प्रकाशित दो नए अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि इन दवाओं को इस्तेमाल करने वाले लोगों में गंभीर नेत्र रोगों और दृष्टि हानि का जोखिम थोड़ा बढ़ सकता है। अगर आप ये दवाएं ले रहे हैं या लेने पर विचार कर रहे हैं, तो आपके लिए यह जानना आवश्यक है। 'नॉन–आर्टेरिटिक एंटीरियर इस्केमिक ऑप्टिक न्यूरोपैथी' (एनएआईओएन) एक असामान्य, लेकिन गंभीर नेत्र रोग है और यह तब होता है, जब ऑप्टिक तंत्रिका में रक्त का प्रवाह अचानक कम हो जाता है या अवरुद्ध हो जाता है। इसे 'नेत्र आघात' भी कहते हैं। इस दुर्लभ बीमारी 'एनएआईओएन' का सटीक कारण अब तक स्पष्ट नहीं है और वर्तमान में इसका उपचार भी उपलब्ध नहीं है।



## ट्रेंड

### सेमीकंडक्टर निर्माण

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में सेमीकंडक्टर निर्माण इकाइयों की स्थापना को मंजूरी दी है, जिसके लिए 4,600 करोड़ रुपये का निवेश स्वीकृत किया गया है। भारत सेमीकंडक्टर निर्माण में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है।
-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री



### राहुल के झूठ का मकसद

काफी समय से कांग्रेस सत्ता से बाहर है, तो राहुल गांधी झूठ बोलकर, जनता को गुमराह कर सत्ता हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं...' राहुल के हर झूठ का मकसद क्या है, ये जनता बखूबी जान चुकी है!
-डॉ. मेधा कुलकर्णी, राज्यसभा सांसद



### सांप्रदायिक तनाव रोकें

यू.पी. के ज़िला फतेहपुर में मक़बरा व मन्दिर होने को लेकर चल रहे विवाद पर सरकार को किसी भी समुदाय को ऐसा कोई भी क़दम नहीं उठाने देना चाहिये जिससे वहाँ साम्प्रदायिक तनाव पैदा हो जाये तथा आपसी भाईचारा व सद्भाव भी बिगड़े। ज़रूरत पड़ने पर सख़्त क़दम भी उठाये।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र



### अधिकार की लड़ाई

आज जब हम चुनाव आयोग से मिलने जा रहे थे, गठबंधन के सभी सांसदों को रोका गया और हिरासत में लिया गया। यह लड़ाई राजनीतिक नहीं - यह लोकतंत्र, संविधान और 'एक व्यक्ति, एक वोट' के अधिकार की रक्षा की लड़ाई है।
-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस



**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## पहली किताब का नाम रफ कापी में लिख दिया 'टर्म्स एंड कंडीशंस अप्लाई', जिसे पूरा करने में लग गए 12 साल

# युवा कवियत्री भारती यादव के नए कविता संग्रह 'प्यार का सफर' का रवींद्र भवन में हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जब किसी लेखक की किताब आती है, तब अलग तरह की घबराहट होती है। मुझे जब इसके किताब के बारे में पता चला तो मुझे लगा कि कहीं ये अंग्रेजी का सफर तो नहीं है लेकिन जब किताब पढ़ी तो समझ आया यह वाकई यह एक अच्छी किताब है। मैंने भी जब पहली किताब लिखने का सोचा था वह 2002 में रफ कॉपी में लिख दिया था उसका नाम 'टर्म एंड कंडीशंस अप्लाई', जिसे पूरा करने में 12 साल लग गए थे। यह कहना है मुसाफिर कैफे, अक्टूबर जंक्शन, इब्नेबतूती जैसी फेमस किताबों के राइटर दिव्य प्रकाश दुबे का, जो मंगलवार को रवींद्र भवन में भारती यादव के नए कविता संग्रह 'प्यार का सफर' के विमोचन अवसर पर बोल रहे थे। भारती यादव के इस ताजे संग्रह में प्रेम की अनेक परतें, उसके रंग और उसकी जटिल भावनाओं को कविताओं के माध्यम से सजीव किया गया है। इसमें प्रेम के साथ ही रिश्तों के टूटने और फिर से जुड़ने की पीड़ा और उम्मीद को संवेदनशील शब्दों में पिरोया गया है।




### जब कोई लेखक नया आता है तो आलोचना भी बहुत होती है

वहीं कार्यक्रम में आए प्रसिद्ध लेखक निलोप्तल मृणाल ने कहा कि किताबें बरगद का पेड़ हैं। पाठकों का पहला काम यह होना चाहिए कि पहले लेखकों को पढ़ना होगा। लोगों का किताब को पढ़ना ही असली रिव्यू होता है। यह किताब जितनी पढ़ी मुझे लगता कि यह एक विरह की वो पगडंडी है, जब दर्द को शब्दों में आंसुओं की तरह लिखा जाए तब 'प्यार का सफर' तय होता है। साथ ही जब कोई लेखक नया आता है तो आलोचना भी बहुत होती है। इसके लिए आलोचना के औजार बदलने होंगे।

### आप किस बैकग्राउंड से आते हैं, यह आपकी लेखनी में नजर आता है

वहीं मशहूर कवि और गीतकार आलोक श्रीवास्तव ने कहा जब आप कलम उठते है तब आपकी तहजीब होती है। आप किस बैकग्राउंड से आते है वो आपकी लेखनी में नजर आती है। आपने जो तजुर्बे अपने जिंदगी में लिए हैं वह आपकी लेखनी में नजर आता है। कलम में स्याही नहीं होती उनकी वतन की मिट्टी होती है। जब आप वित्त में ध्यान नहीं लगाते है और चित्त में ध्यान लगाए हैं तो आपका काम आसान हो जाएगा। आपकी किताब 'प्यार का सफर' आपकी मैच्योरिटी दिखाती है। आप भी ऐसा लिखे कि आपके अपना सा लगे।

---


## बलराम जयंती एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर...

# संस्कृति विभाग संपूर्ण प्रदेश में मनाएगा श्रीकृष्ण पर्व

- 1000 से अधिक कलाकार भजन, कीर्तन, नृत्य, नाटिकाओं की देंगे प्रस्तुतियां
- जनजातीय संग्रहालय में आयोजित प्रेसवार्ता में संचालक, संस्कृति एनपी नामदेव ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बलराम जयंती (14 अगस्त 2025) एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी (16 अगस्त 2025) के पावन अवसर पर श्रीकृष्ण पर्व : हलधर महोत्सव एवं लीलाधारी का प्राकट्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रदेश के 3000 से अधिक श्रीकृष्ण मंदिरों में विविध धार्मिक अनुष्ठान और 100 से अधिक प्रमुख स्थलों पर 155 से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों में 1000 से अधिक कलाकार अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रीकृष्ण भक्ति संगीत, भजन कीर्तन करेंगे। यह जानकारी मंगलवार को जनजातीय संग्रहालय में संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में दी, जिसे संचालक, संस्कृति एनपी नामदेव और मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी ने संबोधित किया।



### 16 से 18 तक श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन

उज्जैन स्थित सांदीपनि आश्रम में 16 से 18 अगस्त तक सायं 7 बजे से श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पहले दिन विशाला सांस्कृतिक संस्थान, उज्जैन के कलाकारों द्वारा श्रीकृष्ण लीला, अनुपम वानखेड़े इंदौर द्वारा बांसुरी वादन एवं स्वाति उखले, उज्जैन द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के दूसरे दिन 17 अगस्त को अक्षय खरे, पन्ना द्वारा बरेदी लोकनृत्य एवं श्रीकृष्ण लीला की प्रस्तुति दी जाएगी। अंतिम दिन 18 अगस्त को अविनाश धुर्वे, बैतूल द्वारा ठाठ्या लोकनृत्य, रामचन्द्र गांगोलिया, उज्जैन द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही बलदेवजी मंदिर परिसर, पन्ना में, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, मण्डला में, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, दमोह में, पाली (उमरिया) एवं मानस भवन सभागार, शहडोल में भी कृष्णपर्व के अंतर्गत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा।

---

जिंदगी कितनी भी मुश्किल क्यों न हो, अगर हम जिंदा है, तो उम्मीद जिंदा है....

## ख्याल ब्लैक बॉक्स थिएटर स्टूडियो में नाटक

# 'जिंदा हूं' का मंचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिंदगी कितनी भी मुश्किल क्यों न हो, अगर हम जिंदा हैं, तो उम्मीद जिंदा है... जिंदगी के ऐसे ही अनसुलझे पहलुओं पर प्रकाश डालता नाटक 'जिन्दा हूं' का मंचन, स्व.के जी त्रिवेदी के जन्मदिवस के अवसर पर त्रिकर्षि नाट्य संस्था द्वारा ख्याल ब्लैक बॉक्स थिएटर स्टूडियो में किया गया। त्रिकर्षि संस्था द्वारा विगत एक माह से चल रही नाट्य कार्यशाला 'फेस टू फेस' के अंतर्गत इस प्रस्तुति को तैयार किया गया है। इस प्रस्तुति की विशेषता यही है कि इसमें अभिनय से लेकर प्रकाश संयोजन, संगीत, नेपथ्य सामग्री निर्माण, रूप सज्जा आदि सभी कार्य प्रशिक्षित अभ्यर्थियों द्वारा ही किए गए। यही नहीं प्रस्तुति की स्क्रिप्ट भी कलाकारों द्वारा आशु अभिनय के कई अभ्यासों से तैयार की गई। इस प्रस्तुति में कोई भी सहपात्र नहीं है। प्रस्तुति का निर्देशन आदर्श शर्मा ने किया।





### नाटक की कहानी

नाटक के माध्यम से दर्शकों को यह एहसास दिलाने की कोशिश की कि प्रत्येक इंसान के भीतर संघर्ष की गाथा है, लेकिन हर संघर्ष का सामना किया जा सकता है। जिंदगी कभी भी थमती नहीं, बस हमें वो किरण तलाशनी होती है जो हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा दे। इस नाटक में ऐसी ही यथार्थवादी स्थिति प्रदर्शित की गई। जो समाज के विभिन्न वर्गों से आए हुए कुछ किरदारों की जिंदगी में झांकता है। ये सभी किरदार अपनी-अपनी जिन्दगियों में गहरे संघर्षों से जूझ रहे हैं। कोई बेरोजगारी से, कोई पारिवारिक दबावों से, कोई असफल प्रेम से, तो कोई अपने अधूरे सपनों से। इन सभी की तकलीफें और असफलताएं इतनी गहरी हैं कि वे उन्हें घुटन और निराशा की ओर ले जाती हैं। कुछ किरदार तो अपनी जिन्दगी या अपने करियर को हमेशा के लिए छोड़ने का निर्णय भी कर लेते हैं। लेकिन जैसे हर अंधेरे में एक रोशनी की किरण होती है, वैसे ही इनकी जिंदगी में भी एक उम्मीद की झलक दिखाई देती है कोई एक व्यक्ति, कोई विचार, कोई स्मृति या कोई छोटी-सी घटना जो उन्हें दोबारा जीने की वजह देती है।

---

## जब मेरे पब्लिशर ने कहा तुम लिखो

# मुंबई में तुम्हारे फ्लैट के रेंट की चिंता मत करो, वो मैं देखूंगा....

प्रसिद्ध लेखक दिव्य प्रकाश दुबे ने हरिभूमि को बताए अपने अनुभव



हरिभूमि चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मैं खुद को बड़ा लकी मानता हूं कि मुझे ऐसी धर्मपत्नी मिली जिसने मुझे हर कदम में सपोर्ट किया खासकर मेरे उस निर्णय में जिसमें मैंने कहा कि मुझे 11 साल की अपनी इस्टैबलिश्ड मल्टीनेशनल कंपनी की जॉब छोड़कर लेखक बनना है और उसने इसे सहर्ष स्वीकार कर लिया, वहीं मेरे पब्लिशर का भी सपोर्ट रहा जिसने कहा कि तुम किताब लिखो, मुंबई में तुम्हारे फ्लैट के रेंट की चिंता मत करो, वो मैं देखूंगा। इंजीनियरिंग से लेखक बनने के सफर पर उपरोक्त कथन कहे 'अक्टूबर जंक्शन', 'इब्नेबतूती' जैसी बेस्ट सेलर किताबों के लेखक दिव्य प्रकाश दुबे का। जो मंगलवार को रवीन्द्र भवन में आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में आए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन के पहलुओं पर चर्चा की।

### पिता ने कहा नौकरी छोड़कर छह माह तक दुनिया की बेस्ट किताबों को पढ़ो

दिव्य प्रकाश ने कहा कि नौकरी आपको बांधकर रखती है आप उसी के अकार्डिंग चलते हैं, लेकिन क्रिएटिव चीज आपका नजरिया भी परिवर्तित करती है। उन्होंने कहा कि जब मैंने लेखक बनने की बात पिता से कही तो उन्होंने मेरे निर्णय को सपोर्ट करते हुए कहा कि नौकरी छोड़कर छः माह तक दुनिया की बेस्ट किताबों को पढ़ो ताकि उनको पढ़ने से तुम्हें कोई ना कोई सीख मिलेगी क्योंकि दुनिया में ऐसी कोई भी चीज नहीं है जो आपको परेशान कर सके।

### एक लड़के का और एक लड़की का घर से मार्केट जाने का सफर अलग होता है

उन्होंने कहा कि मेरी कोशिश होती है कि मैं छोटे-छोटे शहरों की कहानियों को अपनी किताबों में शामिल करूं, जो प्रैक्टिकल हो, जिसे पढ़ने में मजा आए क्योंकि हम घर से रोज मार्केट जाते हैं लेकिन एक लड़के का घर से मार्केट जाने का सफर और एक लड़की के लिए घर से मार्केट जाने का सफर काफी अलग होता है।

---

## चित्तौड़गढ़ की रानी पद्मावती से प्रेरित रहा गजल का अवॉर्ड-विनिंग नेशनल कॉस्ट्यूम




# गजल सचदेव बनीं यूनिवर्सल वुमन एशिया 2025

### जीता बेस्ट नेशनल कॉस्ट्यूम अवॉर्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल की उद्यमी, सामाजिक कार्यकर्ता और दो बच्चों की मां गजल सचदेव ने भारत का नाम रोशन करते हुए प्रतिष्ठित यूनिवर्सल वुमन एशिया 2025 का खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही उन्होंने बेस्ट नेशनल कॉस्ट्यूम अवॉर्ड भी जीता। दुनिया भर की 60 से अधिक देशों की अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों के बीच गजल ने टॉप 12 में जगह बनाई है। उनका अवॉर्ड-विनिंग नेशनल कॉस्ट्यूम चित्तौड़गढ़ की रानी पद्मावती से प्रेरित था, जो साहस, मर्यादा और गरिमा की प्रतीक हैं।

पोशाक का हर हिस्सा बारीक जेवरों से लेकर शाही ओढ़नी तक भारतीय महिलाओं की ताकत और विरासत का संदेश देता हुआ नजर आया। गजल सचदेव का कहना है, यह जीत मेरे परिवार, मेरे देश और हर उस महिला की है जो बड़े सपने देखने की हिम्मत रखती है। मैं इस मंच का इस्तेमाल समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए करूंगी। गजल ने कहा कि मैंने इस प्रतियोगिता के लिए कड़ी मेहनत की है तब जाकर यह मुकाम हासिल कर पाई हूं, लेकिन अभी मुझे ओर आगे बढ़ना है और अपने देश व प्रदेश का नाम रौशन करना है।

---

वॉइस, बॉडी लैंग्वेज और इमोशनल एक्सप्रेशन की दी बेसिक जानकारी

# हम थिएटर ग्रुप का 'ड्रामा डायनेमिक्स' एक्टिंग वर्कशॉप का ऐतिहासिक आयोजन

## अपनी आवाज का उपयोग करके भावनाओं को व्यक्त करने की दी सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हम थिएटर ग्रुप द्वारा 'ड्रामा डायनेमिक्स' एक्टिंग वर्कशॉप का आयोजन नेहरू नगर में किया जा रहा है, वर्कशॉप के शुभारंभ में पहले दिन नए बच्चों के इंट्रोडक्शन के बाद एक्टिंग के बारे में बेसिक जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि एक्टिंग क्या है और इसका महत्व क्या है इसके साथ ही कार्यशाला में एक्टिंग के विभिन्न पहलू जैसे वॉइस, बॉडी लैंग्वेज और इमोशनल एक्सप्रेशन के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद बच्चों को आत्मविश्वास और आराम महसूस कराने के लिए आइसब्रेकिंग एक्सरसाइज कराई गई।

कार्यशाला के अगले क्रम में बच्चों को स्वयं को व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जिसमें वॉइस की मूल बातें, जैसे कि वॉइस प्रोजेक्शन, आर्टिक्यूलेशन के साथ अपनी आवाज का उपयोग करके भावनाओं को व्यक्त करने की सीख भी दी गई। वहीं कार्यशाला की अगली कड़ी में बॉडी लैंग्वेज की मूल बातें, जैसे कि मुद्रा, हाव-भाव और गति के साथ बच्चों को अपने शरीर का उपयोग करके भावनाओं को व्यक्त करने की सीख दी। साथ ही भावनाओं को व्यक्त करने के महत्व को समझाया गया। साथ ही टीम वर्क और सहयोग के महत्व को समझाया गया। इन एक्सरसाइज के माध्यम से नए बच्चों को एक्टिंग की मूल बातें समझाई गईं जिससे उन्हें अपने अभिनय कौशल को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकें।

### तिरंगा अभियान अंतर्गत बोट क्लब पर हुआ म्यूजिक कंसर्ट

भोपाल। जिला प्रशासन (जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद) भोपाल द्वारा देशभक्ति के साथ स्वाधीनता दिवस मनाने की भावना जागृत करने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत मंगलवार की शाम बोट क्लब पर देशभक्ति गीतों पर आधारित म्यूजिक कंसर्ट का आयोजन किया गया, जिसमें राजधानी के कलाकारों ने देशभक्ति गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी।



---

## तिरंगे के रंगों की सजावट और सौंदर्य के साथ महेश्वरी साड़ी बनी मुख्य आकर्षण का केंद्र

# गौहर महल में शुरू हुआ लोकमाता देवी अहिल्याबाई तिरंगा मेले का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ऐतिहासिक गौहर महल परिसर में मंगलवार से लोकमाता देवी अहिल्याबाई तिरंगा मेला की शुरुआत हुई। मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम द्वारा आयोजित इस विशेष मेले में प्रदेश की समृद्ध हस्तशिल्प परंपरा और बुनकरी कला का शानदार प्रदर्शन किया जा रहा है। यह मेला 20 अगस्त तक चलेगा, जिसमें प्रदेश के 50 से अधिक हस्तशिल्प निर्माता और बुनकर अपने उत्पाद प्रदर्शित व बिक्री के लिए उपलब्ध करा रहे हैं। मेले के प्रभारी अरविंद शर्मा ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य स्थानीय कारीगरों और बुनकरों को बाजार उपलब्ध कराना, हस्तशिल्प उत्पादों को बढ़ावा देना और आम जनता को परंपरागत कला एवं शिल्प से रूबरू कराना है।



### अहिल्याबाई होलकर ने शुरू की थी पहल

मेले में सबसे ज्यादा ध्यान खींच रही है महेश्वरी साड़ी, जिसे लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर ने करीब ढाई सौ वर्ष पहले शुरू किया था। अहिल्याबाई होलकर ने अपने समय में महेश्वर में इस साड़ी के उत्पादन की पहल की थी, जिसका उद्देश्य था स्थानीय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें रोजगार उपलब्ध कराना। यही कारण है कि महेश्वरी साड़ी आज भी न केवल मध्यप्रदेश बल्कि देशभर में अपनी अलग पहचान रखती है।



### तिरंगे के रंग में रंगा मेला

स्वतंत्रता दिवस के माहौल में आयोजित होने के कारण मेले को तिरंगा थीम में सजाया गया है। स्टॉल से लेकर प्रवेश द्वार तक हर जगह तिरंगे के रंगों की सजावट देखने को मिल रही है। यहां आने वाले लोग पारंपरिक खरीदारी के साथ-साथ देशभक्ति के माहौल का भी आनंद उठा रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने दी दिल्ली एनसीआर के नागरिकों को खुशखबर

# अब पुराने वाहन के मालिकों पर नहीं होगी कोई दंडात्मक कार्रवाई

### 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों के मालिकों को मिली छूट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के साथ ही एनसीआर के शहरों के पुराने वाहन मालिकों के लिए खुशखबर है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने हालिया आदेश कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों के मालिकों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। हालांकि सर्वोच्च अदालत का यह आदेश तय समय के लिए ही लागू होगा। सर्वोच्च अदालत यह आदेश तब दिया जब दिल्ली सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शीर्ष अदालत से ओल्डएज वाहनों पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं किए जाने का आदेश पारित करने पर विचार करने की गुजारिश की।पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, सर्वोच्च अदालत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, जस्टिस विनोद के चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने अपने ताजा आदेश में कहा कि दिल्ली-एनसीआर में 10 साल पुराने डीजल वाहनों और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों के मालिकों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं होगी।

**आदेश तय समय के लिए ही लागू**

### पहले तो कारें 40-50 साल तक चलती थीं



*सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पहले कारें 40 से 50 साल तक इस्तेमाल की जाती थीं। आज भी विंटेज कारें हैं। नोटिस जारी करिए। इस पर 4 हफ्तों में जवाब दीजिए। इस दौरान कथित तौर पर ओवर एज हो चुके वाहनों के मालिकों के खिलाफ इस आधार पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाए कि उनके डीजल वाहन 10 साल पुराने हो चुके हैं जबकि पेट्रोल वाहन 15 साल पुराने हैं। इस मामले को 4 हफ्तों बाद के लिए लिस्ट करें।*

#### सॉलिसिटर जनरल मेहता बोले

### इस संबंध में कोई जबरदस्ती नहीं की जानी चाहिए



*सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस मामले में अपनी दलील में कहा कि मेरे पास एक गाड़ी है। मैं इसका इस्तेमाल कोर्ट से घर और वापस कोर्ट आने-जाने के लिए करता हूं। 10 साल बाद भी यह गाड़ी महज 2000 किलोमीटर ही चली होगी। वहीं यदि कोई इसे टैक्सी के लिए इस्तेमाल करता तो यह 2 साल में ही 1 लाख किलोमीटर तक चल जाती। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने अपनी दलील में कहा कि मुझे अपनी गाड़ी इसलिए बेचनी होगी क्योंकि यह 10 साल पूरी कर चुकी है लेकिन 1 लाख किलोमीटर चल चुकी गाड़ी (जैसे कोई टैक्सी) चलती रहेगी। पुलिस का काम तो गाड़ियों को जब्त करना है। ऐसी परिस्थितियों में पुराने या ओवरएज हो चुके वाहनों के संबंध में कोई जबरदस्ती नहीं की जानी चाहिए।*

### वाहनों के पॉल्यूशन पर कोई शोध नहीं किया गया

हाल ही में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने भी यह बात मानी थी कि उसने 10 साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों से होने वाले पलूशन पर कोई शोध या अध्ययन नहीं किया था। पर्यावरणविद् अमित गुप्ता की ओर से दाखिल की गई आरटीआई के जवाब में सीएक्यूएम ने उक्त बात कही थी। सीएक्यूएम का कहना था कि उसने ओल्ड एज वाहनों के प्रभाव के बारे में कोई शोध या अध्ययन नहीं किया है।



#### दिल्ली सरकार ने दाखिल की थी याचिका

उल्लेखनीय है कि दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में पुराने वाहनों पर पूर्व के आदेश को लेकर सर्वोच्च अदालत में अपील दाखिल करने की बात कही थी। इसी के संबंध में देश की शीर्ष अदालत ने यह सीमित फैसला सुनाया है।

## खबर संक्षेप

### बिना अनुमति सेल्फी लेने पर जया ने फटकारा



**नई दिल्ली।** संसद भवन परिसर में एक बार फिर समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन उस वक्त भड़क गईं जब एक व्यक्ति ने बिना उनकी अनुमति के उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश की। इस दौरान जया ने शख्स को फटकार लगाई और डांटते हुए धक्का देकर दूर कर दिया।

### ईसी ने बंगाल के मुख्य सचिव को किया तलब



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने है। राज्यभर की राजनीति में सियासी गर्माहट है। चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव मनोज पंत को मतदाता सूची संशोधन में कथित अनियमितताओं के आरोपी अधिकारियों को न हटाने के फैसले पर स्पष्टीकरण देने के लिए दिल्ली तलब किया।

### रान्या के पिता आईपीएस रामचंद्र राव बहाल



**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी के. रामचंद्र राव को नागरिक अधिकार प्रवर्तन निदेशालय का महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया। उनकी सौतेली बेटी और अभिनेत्री रान्या राव की गिरफ्तारी के बाद राव पर लगा 'अनिवार्य अवकाश' का आदेश राज्य सरकार ने वापस ले लिया।

### कैफे में छापा, 13 छात्र छात्राएं पकड़े गए



**फिरोजाबाद।** यहां के शिकोहाबाद तहसील तिराहे के समीप दो कैफे में तहसीलदार और शिकोहाबाद पुलिस ने छापा मारा। टीम ने दोनों कैफे में 13 युवक-युवतियों को पकड़ा है। पकड़े गए युवकों का पुलिस ने शांतिभंग में चालान किया है। वहीं युवतियों को उनके परिजनों के सुपुर्द किया है।

## संसद में 'वन मैन, वन वोट' के सिद्धांत पर सियासी टकराव चरम पर

# राहुल बोले- वोट के अधिकार को छीन रहे तिवारी ने कहा-कांग्रेस मात्र 'भ्रम फैला रही

### कांग्रेस नेता ने कहा- मेरे पास सबूत मौजूद तो भाजपा ने कहा-फर्जी वोटर हटाए जा रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद में इस समय लोकतंत्र की बुनियाद माने जाने वाले 'वन मैन, वन वोट' के सिद्धांत पर सियासी टकराव अपने चरम पर है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी नेएक बार फिर चुनाव आयोग को घेरते हुए गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान की बुनियाद 'वन मैन, वन वोट' के सिद्धांत पर रखी गई है, यानी हर नागरिक को सिर्फ एक ही बार वोट डालने का अधिकार है। राहुल के अनुसार यह व्यवस्था बनाए रखना चुनाव आयोग का संवैधानिक कर्तव्य है, लेकिन आयोग इस जिम्मेदारी को सही ढंग से नहीं निभा रहा है। उन्होंने दावा किया कि मतदाता सूची में राष्ट्रीय स्तर पर सुनियोजित तरीके से गड़बड़ियां की जा रही हैं और अब उनके पास इसका पुख्ता सबूत भी है। राहुल ने कहा कि हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं और इसे हमेशा करते रहेंगे। पहले हमारे पास सबूत नहीं थे, लेकिन अब हमारे पास सबूत मौजूद हैं।

**मतदाता सूची विवाद पर विवाद तेज**





#### भाजपा सांसद तिवारी का पलटवार

### फर्जी वोटर हटाने के लिए चल रहा विशेष अभियान

राहुल के इन आरोपों पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने तीखा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पीएम नरेंद्र मोदी के विरोध में पागलपन की हद तक पहुंच गई है और अब यह भ्रम फैलाने की दुकान बन चुकी है। तिवारी ने कहा कि यही वजह है कि चुनाव आयोग सर अभियान चला रहा है। इस प्रक्रिया के तहत फर्जी वोटरों के नाम हटाए जा रहे हैं, सही वोटर आईडी जारी की जा रही है और ऐसे मतदाताओं को चिन्हित किया जा रहा है जो एक से अधिक स्थानों पर वोट डालते हैं। इससे चुनाव प्रक्रिया और ज्यादा पारदर्शी होगी और वोटर लिस्ट में गड़बड़ी करने वालों पर अंकुश लगेगा।

#### राष्ट्रीय स्तर पर गड़बड़ी का दावा

*राहुल का आरोप है कि कई सीटों पर वोटर लिस्ट में हेरफेर की जा रही है और यह सिर्फ इक्का-दुक्का मामलों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में सुनियोजित तरीके से हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की अनियमितताओं से मतदाता सूची की पारदर्शिता खत्म होती है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल खड़े होते हैं।*

#### लोकसभा में गरमाया माहौल

*इस पूरे मुद्दे पर लोकसभा में माहौल गरमा गया। कांग्रेस और विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाए, जबकि सत्तारूढ़ दल ने इसे विपक्ष का झूठा प्रचार बताया। आने वाले दिनों में यह विवाद और भी गहराने के आसार हैं, क्योंकि दोनों पक्ष अपनी-अपनी बात को सही साबित करने के लिए नए तथ्य और तर्क पेश कर सकते हैं।*

#### एक देश, एक चुनाव वाली संसदीय समिति का कार्यकाल बढ़ा

*लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की प्रणाली को लागू करने के लिए दो विधेयकों की जांच कर रही संसदीय समिति को मंगलवार को शीतकालीन सत्र के अंतिम सप्ताह तक का नया विस्तार दिया गया। प्रस्ताव को सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।*

#### '124 नॉट आउट' वाला टीशर्ट पहन पहुंचीं प्रियंका



सर के खिलाफ प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कई कांग्रेस सांसद एक महिला का फोटो और नाम वाला टीशर्ट पहनकर पहुंचे । सभी के टीशर्ट के पीछे की तरफ '124 नॉट आउट लिखा हुआ था। गांधी के टीशर्ट में जिस महिला का फोटो है उनका नाम मिंता देवी है। वह बिहार के सीवान जिले की रहने वाली हैं। दरौंदा विधानसभा क्षेत्र में वह मतदाता के तौर पर रजिस्टर्ड हैं। मिंता देवी की उम्र 35 साल है। मगर चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट में उनकी उम्र 124 साल दिखाई है।

#### विशेषज्ञ समिति की सिफारिश

### देश में मलेरिया के टीके की जरूरत नहीं



एक विशेषज्ञ समिति ने सिफारिश की है कि भारत में मलेरिया के टीके की जरूरत नहीं है। ये टीके उन जगहों के लिए बनाए गए हैं, जहां मलेरिया का संक्रमण मध्यम स्तर से अधिक होता है और बच्चों की मौत का खतरा ज्यादा होती है। सरकार की ओर से मंगलवार को राज्यसभा को यह जानकारी दी गई। उपसभापति ने कहा कि अधिकांश विपक्षी सांसदों द्वारा दिए गए नोटिसों में नोटिस देने संबंधी नियमों का अनुपालन नहीं किया गया है। उपसभापति ने कहा कि सांसदों ने कई ऐसे विषयों पर भी चर्चा के लिए नोटिस दिया है जिनकी सुनवाई अदालत में चल रही है। उपसभापति ने कहा कि अदालत में लंबित मामलों पर सदन में चर्चा नहीं कराई जाती है। उपसभापति ने सभी सांसदों से सदन की कार्यवाही चलाने के लिए अनुरोध किया, लेकिन विपक्षी सांसदों का विरोध जारी रहा।

## 8541 करोड़ की योजनाओं को कैबिनेट की मंजूरी

# चार नए सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट लखनऊ मेट्रो का होगा विस्तार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को कई बड़े फैसले लिए गए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 18,541 करोड़ की योजनाओं की मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्रीमंडल ने देश में चार नए सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं पर करीब 4,594 खर्च किए जाएंगे। ये परियोजनाएं ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में शुरू होंगी। दूसरा बड़ा फैसला लखनऊ मेट्रो के बारे में लिया है। केंद्रीय कैबिनेट ने 5,801 करोड़ की लागत से बनने वाले लखनऊ मेट्रो के फेज वन बी परियोजना को मंजूरी दे दी है। 8,146 करोड़ की लागत वाली क्लीन ग्रोथः टाटो-2हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना को मंजूरी दे दी है। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को केंद्रीय कैबिनेट में लिए गए इन फैसलों की जानकारी दी।

#### विनिर्माण इकाइयों से रोजगार बढ़ेगा

*कैबिनेट ने भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत 4और सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी दी। स्वीकृत प्रस्ताव एसआई सी एसईएम, कॉन्टिनेंटल डिवाइस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड , 3डी ग्लास सॉल्यूशंस इंक और एडवांस्ड सिस्टम इन पैकेज टेक्नोलॉजीज से जुड़े हैं। ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में विनिर्माण इकाइयां स्थापित की जाएंगी। इन पर लगभग 4,600 करोड़ का खर्च किया जाएगा। इन परियोजनाओं में 2034 कुशल पेशेवरों को रोजगार मिलेगा।*

#### लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना का विस्तार

*कैबिनेट ने लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के चरण-1बी को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 12 स्टेशनों के साथ 11.165 किलोमीटर लंबा गलियारा तैयार किया जाएगा। परियोजना के तहत सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क को 34 किलोमीटर तक विस्तारित करने की योजना है। इस परियोजना का लक्ष्य पुराने लखनऊ के प्रमुख क्षेत्रों को मेट्रो नेटवर्क में शामिल करना है।*

#### अरुणाचल में जल विद्युत परियोजना

कैबिनेट ने अरुणाचल प्रदेश के शियोमी जिले में 700 मेगावाट की तातो-2 जल विद्युत परियोजना के निर्माण को मंजूरी दी है। इस परियोजना पर 8146.21 करोड़ खर्च किए जाएंगे और इसे 72 महीने की अवधि में पूरा किया जाएगा। इस परियोजना का लक्ष्य 700 मेगावाट (4 गुणा175 मेगावाट) की क्षमता स्थापित करना है। जो 2738.06 एमयू ऊर्जा का उत्पादन करेगी।

#### क्रूरता करना ठीक नहीं

## आवारा कुत्तों को लेकर 'सुप्रीम' फैसले पर राहुल ने कहा

# बेजुबान जीव कोई समस्या नहीं, जिसे मिटाया जा सके, जन सुरक्षा और पशु कल्याण साथ-साथ चलें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली और असपास के इलाकों से आवारा कुत्तों को हटाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 'एक्स' पर ट्वीट किया, दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को हटाने का सुप्रीम कोर्ट का निर्देश दशकों से चली आ रही मानवीय और विज्ञान-समर्थित नीति से एक कदम पीछने हटने जैसा है। ये बेजुबान जीव कोई समस्या नहीं हैं, जिन्हें मिटाया जा सके। आश्रय, नसबंदी, टीकाकरण और सामुदायिक देखभाल सड़कों को बिना किसी क्रूरता के सुरक्षित रख सकते हैं। हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जन सुरक्षा और पशु कल्याण साथ-साथ चलें।



#### अब्राहम ने सीजेआई को लिखा पत्र

*सीजेआई को जॉन अब्राहम ने लिखा कि दिल्ली में सभी आवारा कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों से हटाकर आश्रय स्थलों या दूरदराज के क्षेत्रों में ले जाने का निर्देश है। मुझे उम्मीद है कि आप इससे सहमत होंगे कि ये आवारा कुत्ते नहीं हैं, बल्कि कम्युनिटी डॉग हैं।*

#### यह गुस्से में लिया गया फैसला: मेनका

*सुप्रीम कोर्ट के आदेश की आलोचना करते हुए पशु अधिकार कार्यकर्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने इसे गुस्से में लिया हुआ फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास इतने सारे कुत्तों को रखने के लिए जगह है ही नहीं।*

#### आदेश के खिलाफ 'हल्ला बोल' दिल्ली पुलिस ने कराया खत्म, केस दर्ज

*आवारा कुत्तों को पकड़ने के आदेश के खिलाफ पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल रखा है। पशु अधिकार कार्यकर्ता आवारा कुत्तों को तुरंत पकड़ने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ इंडिया गेट पर प्रदर्शन करने पहुंचे थे।दिल्ली पुलिस ने इंडिया गेट पर हो रहे प्रदर्शन को खत्म करा दिया है। पुलिस ने कई पशु अधिकार कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला भी दर्ज किया है।*

## 'एसआईआर' पर बहस के बीच हाईकोर्ट की बड़ी टिप्पणी

# आधार, पैन और वोटर आईडी रखने से कोई भारत का नागरिक नहीं बनता

एजेंसी ▶▶ मुंबई

किसी व्यक्ति के पास यदि आधार कार्ड, पैन कार्ड, या वोटर आईडी जैसे दस्तावेज हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह भारत का नागरिक हो जाएगा। बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ के आरोपी शख्स को बेल देने से इनकार करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने यह बात कही। शख्स पर फर्जी दस्तावेज बनवाकर भारत में करीब एक साल से रहने का आरोप है। जस्टिस अमित बोरकर की बेंच ने कहा कि सिटिजनशिप एक्ट स्पष्ट करता है कि कौन भारत का नागरिक हो सकता है और कौन नहीं?



**बॉम्बे हाई कोर्ट ने यह बात कही**

#### घुसपैठिए नागरिकता के अधिकारी नहीं

बेंच ने कहा कि आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी तो सिर्फ नागरिकों की पहचान के लिए हैं या फिर उन्हें सेवाएं प्रदान करने के लिए हैं। इसके साथ ही अदालत ने बाबू अब्दुल रऊफ सरदार को बेल देने से इनकार कर दिया। अब्दुल पर आरोप है कि वह बिना किसी वैध पासपोर्ट या वीजा के भारत घुस आया था। उसने यहां आकर तमाम दस्तावेज तैयार करा लिए थे। उन्होंने कहा कि मेरी राय में सिटिजनशिप एक्ट, 1955 ही नागरिकता और भारत में राष्ट्रीयता की परिभाषा तय करने वाला कानून है। बेंच ने कहा कि 1955 का कानून भारत के नागरिकों और घुसपैठियों के बीच का अंतर भी स्पष्ट तौर पर बताता है। अवैध तौर पर भारत में घुसने वाले लोग नागरिकता हासिल करने का अधिकार ही नहीं रखते।

## चंडीगढ़ के एक मशहूर निजी स्कूल का मामला

# 7वीं के छात्र ने प्रिंसिपल को भेजा मेल मैं वाइस प्रिंसिपल हूं..., प्रश्नपत्र भेजो

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

यहां के एक मशहूर निजी स्कूल में ऐसा कारनामा हुआ, जिसने शिक्षकों और अभिभावकों को दंग कर दिया। 7वीं कक्षा का एक मासूम-सा दिखने वाला छात्र अपनी चतुराई से प्रिंसिपल को चकमा देकर प्रश्नपत्र हासिल करने में कामयाब हो गया। लेकिन यह राज तब खुला, जब परीक्षा के दिन असलियत सामने आई। स्कूल प्रबंधन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और मामला साइबर क्राइम की दुनिया में पहुंच गया। पुलिस ने छात्र को पकड़ लिया। उसे जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

### पेपर लीक का एकदम नया तरीका अपनाया



#### चालाकी से भेजा गया फर्जी ईमेल

छात्र ने वाइस प्रिंसिपल के अंदाज को बखूबी कॉपी किया। उसने ऐसा ईमेल लिखा, जिसमें भाषा और शब्दों का चयन इतना सटीक था कि प्रिंसिपल को जरा भी शक नहीं हुआ। प्रिंसिपल ने बिना वक्त गंवाए प्रश्नपत्र ईमेल कर दिया। मगर अगले दिन परीक्षा के समय जब प्रश्नपत्र कक्षा में नहीं पहुंचा, तो हड़कंप मच गया। वाइस प्रिंसिपल ने साफ कहा कि उन्होंने कोई ईमेल भेजा ही नहीं। यह सुन प्रिंसिपल के होश उड़ गए।

#### साइबर जांच ने खोला राज

स्कूल प्रबंधन ने तुरंत साइबर क्राइम पुलिस को शिकायत दी। साइबर सेल ने ईमेल की तहकीकात शुरू की और पता चला कि यह करतूत स्कूल के ही एक छात्र की थी। इस चालाक छात्र ने वाइस प्रिंसिपल के ईमेल से मिलती-जुलती फर्जी आईडी बनाई और उसी से प्रिंसिपल को मेल भेजा।

## विशेष गहन पुनरीक्षण (सर) प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

# फर्जी वोटरों के नाम कट रहे तो सवाल क्यों किए जा रहे ?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की ओर से बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया कराने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस जयमाल्या बागची की पीठ ने राजद नेता मनोज झा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों से सुनवाई शुरू की।

सिब्बल ने तर्क दिया कि एक निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव आयोग ने दावा किया था कि 12 लोग मृत थे, लेकिन वे जीवित पाए गए, जबकि एक अन्य मामले में जीवित लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि इस तरह के अभियान में कुछ खामियां होना स्वाभाविक है। यह सही किया जा सकता है। यह केवल एक मसौदा सूची है। पीठ ने चुनाव आयोग से कहा कि वह तथ्यों और आंकड़ों के साथ तैयार रहे, क्योंकि कोर्ट प्रक्रिया से पहले मतदाताओं की संख्या, पहले और अब मृतकों की संख्या और अन्य प्रासंगिक विवरणों पर सवाल उठाएगा।

### मतदाताओं से जुड़े तथ्यों और आंकड़ों पर सवाल उठेंगे



**चुनाव आयोग ने कुछ खामियां मानी**

#### 1 करोड़ गायब होने की बात 'बेकार'

*सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में बड़ा विवाद नहीं, बल्कि यह ज्यादातर भरोसे की कमी का मामला लगता है। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया था कि करीब 1 करोड़ वोटर इस प्रक्रिया से बाहर रह गए। कोर्ट ने कहा कि 'जब 7.9 करोड़ वोटरों में से 7.24 करोड़ ने जवाब दिया, तो 1 करोड़ वोटर गायब होने की थ्योरी टिकती नहीं है। आयोग ने बताया कि लगभग 6.5 करोड़ को कोई दस्तावेज जमा नहीं करना पड़ा>*

#### आधार कार्ड को नागरिकता प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता

*बिहार में चुनाव से पहले सरकरवाने के मामले में विवाद पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने कहा है कि चुनाव आयोग सही है यह कहने में कि आधार को अंतिम प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, इसकी जांच-परख जरूरी है।*

#### 'सर' में मृत लोगों को हटाया जाएगा इसमें क्या आपत्ति है?

*जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची की अध्यक्षता वाली बेंच ने सर की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई की। सिब्बल दलील रखीं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि ये जाहिर है कि मतदाता सूची में से मृतकों के नाम हटाए जाएंगे। इसमें क्या आपत्ति है?*

#### पावर को चुनौती दे रहे तो बहस क्यों?

*मामले में याचिकाकर्ताओं की तरफ से पेस सिब्बल ने दलीलें पेश कीं। इस दौरान जस्टिस सूर्यकांत ने उनसे पूछा कि क्या वह एसआईआर करने की चुनाव आयोग की पावर को चुनौती दे रहे हैं? अगर ऐसी कोई पावर मौजूद नहीं है तो फिर बहस करने के लिए और कुछ नहीं है।*

# आसिम मुनीर की धमकी पर भड़के सांसद

# विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति भी सरकार की राय से सहमत कहा- पाक की एटमी हमले की धमकियों से भारत डरने वाला नहीं है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसीम मुनीर की परमाणु हमले की धमकी पर कांग्रेस सांसद और विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष थरूर ने कहा कि पाकिस्तान की एटमी हमले की धमकियों से भारत डरने वाला नहीं है। यह देखना दुखद था कि मुनीर ने ऐसा बयान उस देश की जमीन पर खड़े होकर दिया, जो हमारा अच्छा मित्र है। थरूर ने कहा विदेश मंत्रालय ने पहले ही पाकिस्तान की परमाणु धमकी को खारिज कर दिया है और समिति ने भी उसी विचार को साझा किया है। उन्होंने कहा कि हमारे विदेश सचिव ने साफ कहा है कि अमेरिका के साथ हमारे संबंध बहुत महत्वपूर्ण हैं। इसमें व्यापार केवल एक हिस्सा है, लेकिन हम कई मुद्दों पर लगातार संपर्क में हैं।

अमेरिका के साथ भारत के संबंध बहुत महत्वपूर्ण

व्यापार एक हिस्सा, कई मुद्दों पर दोनों देश संपर्क में

## 'रिलायंस की जामनगर तेल रिफाइनरी' पर हमले की धमकी



अपने हालिया यूएस दौरे के दौरान अमेरिका के टैम्पा शहर में प्रवासी पाकिस्तानियों द्वारा आयोजित दोपहर के भोजन के कार्यक्रम में मुनीर ने भारत के खिलाफ अपनी कथित परमाणु युद्ध के साथ-साथ कुरान की आयत 'सूरह फील' को सुनाकर भारत के जाने-माने उद्योगपति मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की गुजरात स्थित जामनगर तेल रिफाइनरी पर भविष्य में हमला करने की खतरनाक मंशा को सार्वजनिक किया है। ये पहला मौका है जब पाक सेना के शीर्ष जनरल ने भारत के महत्वपूर्ण बुनियादी आर्थिक ढांचे पर सीधा हमला करने की बात कही है।

**विदेश मामलों की समिति को दी जानकारी**

बता दें, सोमवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर, विदेश सचिव विक्रम मिस्री और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी विदेश मामलों पर बनी संसदीय स्थायी समिति की बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में विदेश मंत्रालय और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रतिनिधि सांसदों को भारत की वर्तमान विदेश नीति के घटनाक्रम, विशेष रूप से अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता और टैरिफ से जुड़े मुद्दों पर जानकारी दी।

एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी की दो टूक

## सड़कछाप आदमी की तरह बोल रहे मुनीर

वहीं, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर की टिप्पणियों की तुलना सड़कछाप आदमी से की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आर्मी चीफ के शब्द और उनकी धमकियां निंदनीय हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह सब अमेरिका से हो रहा है, जो भारत का रणनीतिक साझेदार है। वह सड़कछाप आदमी की तरह बोल रहे हैं। हमें यह भी समझने की जरूरत है कि पाकिस्तानी सेना और उनके डीप स्टेट से लगातार खतरे को देखते हुए हमें अपना रक्षा बजट बढ़ाना होगा, ताकि हम तैयार रह सकें।

### रक्षा बजट बढ़ाए सरकार



ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान की सैन्य मंशा को जानते हुए भारत को अपने सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की ओर से रक्षा के लिए कम बजटीय आवंटन अब और जारी नहीं रह सकता। हमें बेहतर तैयारी करने की जरूरत है। इससे पहले ओवैसी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा मुनीर की धमकियों के खिलाफ मोदी सरकार की ओर से राजनीतिक प्रतिक्रिया की आवश्यकता है, न कि केवल विदेश मंत्रालय के बयान की।

मिथुन चक्रवर्ती की भुट्टो को दो टूक

## हमारी खोपड़ी सनक गई फिर ब्रह्मोस चलेगा

मिथुन चक्रवर्ती ने कहा है कि पाकिस्तान के नेता भारत विरोधी बातें करते रहेंगे और हमारी खोपड़ी सनक गई फिर एक के बाद एक ब्रह्मोस चलेगा। चक्रवर्ती ने सिंधु का पानी बहाल करने को लेकर पाकिस्तान की धमकियों पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पाकिस्तान की जनता के लिए हमें कुछ नहीं कहना है। पाकिस्तान की जनता अच्छे लोग हैं। लेकिन उनके नेता अगर ऐसे ही बोलते रहेंगे तो हमारा माथा खराब हो जाएगा। फिर ब्रह्मोस चलेगा।



## खबर संक्षेप

### एलन मस्क का तोहफा! ग्रोक4 सभी के लिए फ्री

**न्यूयॉर्क।** चैटजीपीटी 5 के लॉन्च के एलन मस्क ने एक शानदार तोहफा देते हुए ग्रोक4 को सभी यूजर्स के लिए मुफ्त कर दिया है। हालांकि ऐसा सीमत समय के लिए किया गया है। इस बारे में एक्सएआई की ओर से घोषणा की गई है। एक्सएआई ने ऐसा हाल ही में लॉन्च हुए चैटजीपीटी 5 से मुकाबला करने के लिए किया है। पोस्ट में लिखा कि ग्रोक में आटो मोड का इस्तेमाल करें। इससे ग्रोक अपने आप कॉम्प्लेक्स सवालों को ग्रोक 4 पर रूट कर देगा।



### इंडोनेशिया के पापुआ में 6.3 तीव्रता का भूकंप

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में मंगलवार को नियंत्रण रेखा पर 'ऑपरेशनल टास्क' के दौरान सेना का एक जवान वीरगति को प्राप्त हो गया। चिनार कोर ने कहा उसे बहादुर सिपाही बनोथ अनिल कुमार के अनमोल जीवन के नुकसान पर गहरा दुख है। कोर उनके अदम्य साहस और बलिदान को सलाम करता है और गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के साथ दुख की इस घड़ी में शामिल हैं।



## वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में दी जानकारी

# अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर 'चर्चा अभी भी जारी'

भारत ने भी लगाया रेसिप्रोकल टैक्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जितिन प्रसाद ने कहा कि भारत से अमेरिका को निर्यात की जाने वाली कुछ वस्तुओं पर 25 प्रतिशत की दर से रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया गया है। अनुमान है कि अमेरिका को भारत के कुल व्यापारिक निर्यात का लगभग 55 प्रतिशत इस रेसिप्रोकल टैरिफ के अधीन है

वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सरकार अभी भी वॉशिंगटन के साथ भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर चर्चा में शामिल है, जिसका उद्देश्य टैरिफ स्थिरता और दीर्घकालिक व्यापार पूर्वानुमान के माध्यम से व्यापार और निवेश का विस्तार करना है। भारत से अमेरिका को निर्यात की जाने वाली कुछ वस्तुओं पर 27 अगस्त से 25 प्रतिशत की दर से रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया गया है।

अनुमान है कि अमेरिका को भारत के कुल व्यापारिक निर्यात का लगभग 55 प्रतिशत इस रेसिप्रोकल टैरिफ के अधीन है। अभी तक अमेरिका को भारतीय निर्यात पर फार्मास्यूटिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगाया गया है। उन्होंने कहा कि 27 अगस्त, 2025 से भारत से निर्यात की जाने वाली कुछ वस्तुओं पर 25 प्रतिशत की एडिशनल शुल्क दर लागू की गई है। अभी तक अमेरिका को भारतीय निर्यात पर फार्मास्यूटिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगाया गया है।

व्यापार समझौता वार्ता के अब तक पांच दौर हो चुके

सरकार सभी वर्गों की रक्षा और कल्याण को महत्व दे रही



### अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ प्रभाव का आकलन कर रहे

जितिन प्रसाद के अनुसार, उत्पाद विभेदीकरण, मांग, गुणवत्ता और कॉन्ट्रैक्चुअल अरेंजमेंट जैसे विभिन्न कारकों का संयोजन, कपड़ा क्षेत्र सहित भारत के निर्यात पर रेसिप्रोकल टैरिफ के प्रभाव को निर्धारित करेगा।सरकार अमेरिका द्वारा लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ के प्रभाव के आकलन पर प्रतिक्रिया लेने के लिए निर्यातकों और उद्योग सहित सभी हितधारकों के साथ बातचीत कर रही है। सरकार किसानों, श्रमिकों, उद्यमियों, निर्यातकों, एमएसएमई और उद्योग के सभी वर्गों के कल्याण की रक्षा और संवर्धन को सर्वोच्च महत्व देती है।

### ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे

जितिन प्रसाद ने कहा कि हमने इन मुद्दों पर अपनी स्थिति पहले ही स्पष्ट कर दी है, जिसमें यह तथ्य भी शामिल है कि हमारे आयात बाजार के कारकों पर आधारित हैं और भारत के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के समग्र उद्देश्य से किए जाते हैं। इसलिए, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका ने भारत पर उन कदमों के लिए अतिरिक्त शुल्क लगाने का विकल्प चुना है जो कई अन्य देश भी अपने राष्ट्रीय हित में उठा रहे हैं।

### मार्च 2025 में शुरू की गई थी वार्ता

केंद्रीय राज्य मंत्री के अनुसार भारत-अमेरिका व्यापार समझौता वार्ता मार्च 2025 में शुरू की गई थी। वार्ता के पांच दौर हो चुके हैं, जिनमें से अंतिम 14-18 जुलाई को वाशिंगटन, डीसी में हुआ था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा की गई नवीनतम शुल्क कार्रवाई को अनफेयर, अनजस्टिफाइड और अनरीजनेबल बताया गया है।

### ट्रंप का ऐलान, गोल्ड पर नहीं लगेगा टैरिफ

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार (11 अगस्त) को कहा कि गोल्ड पर किसी तरह का टैरिफ नहीं लगेगा। इससे पहले अमेरिका के कस्टम और सीमा सुरक्षा विभाग ने कहा था कि गोल्ड पर भारी टैक्स लग सकता है, लेकिन ट्रंप ने इस पर स्थिति स्पष्ट कर दी है। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर पोस्ट शेयर की है, जिसमें गोल्ड पर टैरिफ न लगाने को लेकर जानकारी दी है।

## प्रियंका के आरोपों पर इजराइल का पलटवार

# आपकी 'ढकोसलेबाजी' शर्मनाक लोगों की मौत का कारण हमास



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गाजा में पत्रकारों की मौत को लेकर आरोप लगाने पर प्रियंका गांधी को इजराइल ने जवाब दिया है। प्रियंका गांधी के पोस्ट पर जवाब देते हुए भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने लिखा कि आपकी ढकोसलेबाजी शर्मनाक है। इजराइल ने 25,000 हमास आतंकियों को मार गिराया है। उन्होंने आम नागरिकों की मौतों के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराया। राजदूत ने कहा कि आम लोगों के मौत की बड़ी वजह हमास की घिनौनी रणनीति का नतीजा है। यह निकासी या सहायता प्राप्त करने की कोशिश कर रहे लोगों पर हमास की गोलीबारी और रॉकेट हमलों के कारण हुआ है।

- गाजा में 20 लाख टन भोजन पहुंचाया
- हमास के आंकड़ों पर विश्वास न करें

### इजराइल नरसंहार कर रहा: प्रियंका

इससे पहले प्रियंका गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा था कि इजराइल नरसंहार कर रहा है। उसने 60 हजार से ज्यादा लोगों की हत्या की है, जिनमें 18,430 बच्चे थे। उसने सैकड़ों लोगों को भूख से मार डाला है। जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं। लाखों लोगों को भूख से मरने का खतरा है। इन अपराधों को चुपचाप और निष्क्रियता से बढ़ावा देना अपने आप में एक अपराध है। यह शर्मनाक है कि भारत सरकार इजराइल द्वारा फिलिस्तीन के लोगों पर इस तबाही को ढाए जाने के दौरान चुप बैठी है। प्रियंका ने यह भी कहा था कि अल-जजीरा के पांच पत्रकारों की निर्मम हत्या फलस्तीनी धरती पर किया गया एक और जघन्य अपराध है।

### 25 हजार हमास आतंकी मारे: इजराइल

रूवेन ने दावा किया कि इजराइल ने गाजा में 20 लाख टन भोजन पहुंचाया, जबकि हमास उसे जब्त करने की कोशिश कर रहा है, जिससे भुखमरी पैदा हो रही है। उन्होंने नरसंहार के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पिछले 50 साल में गाजा की आबादी 450 फीसदी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि लोगों को हमास के आंकड़ों पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

कश्मीरी पंडित नर्स सरला भट्ट के हत्याकांड से जुड़ा है मामला

# जेकेएलएफ के 9 नेताओं के ठिकाने पर एसआईए की रेड

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू कश्मीर में राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने 1990 में कश्मीरी पंडित महिला सरला भट्ट हत्याकांड में मंगलवार को कई जगहों पर छापा मारा है। ये हत्याकांड 35 साल पहले हुआ था। जांच टीम ने यासिन मलिक के घर पर भी रेड की है। एसआईए की टीम मध्य कश्मीर पहुंची है।

मध्य कश्मीर में कई जगहों पर छापे मारी चल रही है। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि सरला भट्ट की हत्या के सिलसिले में प्रतिबंधित जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के 9 पूर्व कमांडरों के घरों पर की गई है, इनमें यासीन मलिक और पूर्व नेता पीर नूरुल हक शाह उर्फ एयर मार्शल भी शामिल हैं।

## आतंकियों ने अगवा कर रेप के बाद कर दी थी हत्या



### पुराने मामलों की फिर जांच

उप राज्यपाल प्रशासन ने हाल ही में 1990 के दशक में कश्मीरी पंडितों पर हुए कई हमलों के मामलों को फिर से खोलने का फैसला लिया था। इसी सिलसिले में एसआईए ने मंगलवार को श्रीनगर के 9 इलाकों में छापे की कार्रवाई की। बता दें, इस मामले में पहला केस निगीन पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था।

बता दें कि सरला भट्ट, दक्षिण कश्मीर में जिला अनंतनाग की रहने वाली थी। वह शेरे कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान सौरा श्रीनगर नगर में नर्स थी। जो अप्रैल 1990 में सौरा स्थित शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के अपने छात्रावास से लापता हुई थी। जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के आतंकियों ने अगवा कर लिया था। आतंकियों ने उसके साथ कई दिनों तक सामूहिक दुष्कर्म किया और बाद में उसकी हत्या कर दी। उनकी गोली लगी लाश सौरा इलाके से बरामद हुई थी।

## भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय सम्मेलन आज

# रणनीतिक साझेदारी और द्विपक्षीय संबंधों को मिलेगा नया आयाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने घोषणा की है कि भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन का तीसरा दौर 13 अगस्त 2025 को नई दिल्ली में आयोजित होगा। सम्मेलन का उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना है। भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और रेल, सूचना एवं प्रसारण, तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव करेंगे।

सिंगापुर की ओर से डिप्टी पीएम एवं व्यापार व उद्योग मंत्री गान किम



योंग नेतृत्व करेंगे, जिनके साथ राष्ट्रीय सुरक्षा समन्वय मंत्री के. षणमुगम, विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन, डिजिटल विकास मंत्री जोसेफिन तेओ, जनशक्ति मंत्री टैन सी लेंग और कार्यवाहक परिवहन मंत्री जेफरी सिओ शामिल होंगे। इस सम्मेलन की परिकल्पना पीएम नरेंद्र ने की थी जो दोनों देशों के आपसी सहयोग के लिए एक दूरदर्शी मंच है। पहली बैठक सितंबर 2022 में दिल्ली और दूसरी अगस्त 2024 में सिंगापुर में हुई थी।

यूएनएससी में भारत ने दोहराया संकल्प

# स्वतंत्र और नियम आधारित समुद्री व्यवस्था के लिए जताई प्रतिबद्धता

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की समुद्री सुरक्षा पर उच्च स्तरीय बहस में भारत ने एक बार फिर 'स्वतंत्र, खुली और नियम-आधारित' समुद्री व्यवस्था को बढ़ावा देने के अपने संकल्प को दोहराया। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने इस बहस में भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि समुद्री सुरक्षा एक साझा चुनौती है, जिसके लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (यूएनसीएलओएस) के सिद्धांतों के अनुसार समुद्री व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। समुद्री मार्गों के जरिए वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और संचार जैसे अहम क्षेत्र जुड़े हैं, इसलिए इस क्षेत्र में भारत की भी बड़ी भूमिका और जिम्मेदारी है।

## समुद्री सुरक्षा भारत के लिए महत्वपूर्ण



### ई-समुद्र डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू होगा

तन्मय लाल ने बताया कि भारत ने पहले से ही समुद्री क्षेत्र में कई अहम पहलें शुरू की हैं। इसमें इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर-इंडियन ओशन रीजन शामिल है, जो हिंद महासागर क्षेत्र में निगरानी और सूचना साझा करने का काम करता है। इसके अलावा, ई-समुद्र नाम का एक डिजिटल प्लेटफॉर्म जल्द शुरू होगा, जो समुद्री गतिविधियों की रीयल टाइम निगरानी और पारदर्शी प्रशासन में मदद करेगा।

तन्मय लाल ने बताया कि भारत के पास 11,000 किमी से अधिक लंबा समुद्री तट और लगभग 1,300 द्वीप हैं, साथ ही 2.3 मिलियन वर्ग किमी का विशेष आर्थिक क्षेत्र भी है। ऐसे में समुद्री सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और पर्यावरणीय संतुलन भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की समुद्री सुरक्षा नीति 'महासागर' का भी जिक्र किया, जिसका मतलब है सभी क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति। इसके तहत क्षेत्रीय सहयोग, पारदर्शिता और सुरक्षा को बढ़ावा दिया जाता है।

## उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को किया फोन

# द्विपक्षीय सहयोग और साझा हितों से जुड़े क्षेत्रीय-वैश्विक मामलों पर की चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मध्य-एशियाई देश उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव ने पीएम नरेंद्र मोदी से मंगलवार को फोन पर बातचीत की है। दोनों नेताओं ने मुख्य रूप से द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े हुए प्रमुख क्षेत्रों जैसे व्यापार, संपर्क, कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी और आम-जनता के बीच संबंधों के क्षेत्र में हुई प्रगति की समीक्षा की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि इस बातचीत के दौरान उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी और भारत की जनता को आगामी 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी। दोनों शीर्ष नेताओं



फाइल फोटो

की इस वार्ता में साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया। साथ ही दोनों भविष्य में भी एक-दूसरे के संपर्क में बने रहने के लिए सहमत हुए। पीएम मोदी और राष्ट्रपति मिर्जियोयेव ने भारत और मध्य-एशिया के बीच सदियों पुराने संबंधों को सुदृढ़ बनाने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

## एलएसी विवाद की समाप्ति के बाद द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने में जुटे भारत-चीन

# दोनों देशों के बीच जल्द शुरू होंगी सीधी उड़ान सेवाएं!

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ की बढ़ती चुनौती के बीच पूर्वी लद्दाख में बीते करीब साढ़े चार साल से जारी एलएसी विवाद की समाप्ति के बाद द्विपक्षीय संबंधों को फिर से सामान्य बनाने में जुटे भारत और चीन के लिए एक और अच्छी खबर सामने आई है। जिसमें यह जानकारी मिली है कि जल्द ही यानी अगले सितंबर महीने की शुरुआत में ही दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान सेवाओं की शुरुआत हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि सरकार ने एयर इंडिया और इंडिगो जैसी विमानन क्षेत्र की कंपनियों को छोटी अवधि में चीन के लिए उड़ानों के संचालन के लिए तैयार रहने के लिए कहा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा कर सकते हैं। उस दौरान ही इस संबंध में दोनों देशों द्वारा आधिकारिक रूप से कोई घोषणा की जा सकती है। मामले पर अभी तक फिलहाल सरकार की तरफ से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

सरकार ने विमानन कंपनियों को तैयार रहने के लिए कहा, सितंबर में संभावित

कैलाश मानसरोवर यात्रा के बाद चीन के नागरिकों के लिए पर्यटक वीजा शुरू



### 2020 से बंद थीं उड़ान सेवाएं

बता दें, 2020 में पहले कोरोना महामारी और फिर उसके बाद एलएसी विवाद की वजह से भारत और चीन के बीच सीधी उड़ान सेवाओं पर रोक लगाई थी। कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरुआत हो चुकी है। भारत ने पिछले महीने ही चीन के नागरिकों के लिए पर्यटक वीजा की शुरुआत कर दी है। पूर्व में रोक से पहले दोनों देशों के प्रमुख महानगरीय शहरों के बीच सप्ताह में करीब दर्जनभर उड़ानें संचालित की जाती थीं। जिनमें दोनों की प्रमुख विमानन कंपनियां बीजिंग, शंघाई, कुनमिंग, ग्वांगझू और नई दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे शहरों के बीच उड़ान भरती थीं।

### गलवान झड़प के बाद बिगड़े कूटनीति संबंध

2020 में एलएसी विवाद की शुरुआत के तुरंत बाद पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में हुई खूनी हिंसक झड़प के बाद भारत और चीन के कूटनीतिक संबंध पूरी तरह से पटरी से उतर गए थे। इस झड़प में भारत के 20 सैन्यकर्मी मारे गए थे। जबकि चीन के दो दर्जन से अधिक सैनिक काल के गाल में समा गए थे। एलएसी पर सरहदी तनाव चरम पर जा पहुंचा। दोनों ओर से भारी भरकम हथियारों के साथ सैनिकों की तैनाती बढ़ाई गई। लेकिन इसके बीच विवाद समाधान की कोशिशें भी जारी रहीं। दोनों तरफ से शीर्ष सैन्य कमांडर मिलते रहे। फिर अंततः पिछले साल चीन के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की द्विपक्षीय मुलाकात के बाद एलएसी विवाद पूरी तरह से समाप्त हुआ। जिसकी औपचारिक रूप से घोषणा भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने 21 अक्टूबर 2024 को नई दिल्ली में एक प्रेस वार्ता के दौरान की थी।



# फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के लिए दर्शकों की लगी होड़

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर फैन्स का क्रेज दिखने लगा है। फिल्म का फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के लिए दर्शकों की होड़ लग गई है। टिकट आउट ऑफ स्टॉक हो रहे हैं और ब्लैक मार्केट में इनकी कीमत आसमना छू रही है। बताया जा रहा है कि पहले शो का टिकट प्राइस 4500 रुपए तक पहुंच चुका है। रजनीकांत के कई फैन्स जिन्हें टिकट नहीं मिल पाया और मायूस हैं। फिल्म कुली ने रिलीज के पहले ही धमाल मचा दिया है। एडवांस बुकिंग में ही 200 करोड़ का प्रॉफिट होने की खबरें आ रही हैं। इस बीच तमिलनाडु से लेकर इंटरनैशनल मार्केट तक थिएटर्स में उनकी फिल्म कुली देखने की धूम मची है।

लाइफ Style

# भूमि

## बिकिनी में दिए सिजलिंग पोज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर गोवा से बिकिनी में अपनी शानदार और बोल्ड तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। उनकी ये तस्वीरें गोवा वेकेशन के दौरान की हैं। भूमि की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं।

इस लेटेस्ट पोस्ट की शुरुआत में भूमि पूल के किनारे नीली बिकिनी में नजर आ रही हैं। इन शानदार तस्वीरों के साथ भूमि ने कैप्शन में लिखा, "वीकेंड की छुट्टी। प्रकृति, खाना और मैं।' यह कॉम्बिनेशन वाकई लाजवाब है। पहली तस्वीर में भूमि कर्वी फिगर और प्यारी मुस्कान में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। एक और तस्वीर में वह हरे-भरे पेड़-पौधों के बीच टाइट-फिटिंग ड्रेस में अपने कर्व्स फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। उनके खुले बाल और हल्का मेकअप धूप की रोशनी उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रही है। एक तस्वीर में भूमि हंसते हुए पकौड़ा पकड़े नजर आ रही हैं।

दूसरी तस्वीरों में वह कभी कैमरे से आंखें मिलाकर बोल्ड लुक देती हैं, तो कभी किताब पढ़ते हुए प्रकृति का आनंद लेती नजर आ रही हैं। भूमि की इस लाजवाब पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट कर अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'जीवन भर चाय और पकौड़े', एक और फैन ने लिखा, 'बरसात का मौसम', तो वहीं कई फैंस ने भूमि की इन तस्वीरों पर फायर और दिल वाले इमोजी शेयर किए हैं। भूमि पेडनेकर ने यश राज फिल्म्स में सहायक कास्टिंग निर्देशक के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया।




हॉलीवुड मसाला

# दुनिया का सबसे मनहूस गाना



**लॉस एंजिल्स।** साल 1933 में रेजसो सेरेस नाम के एक संगीतकार ने 'ग्लूमी संडे' गाना लिखा, जिसके दुःखद बोलों के कारण कई लोगों ने आत्महत्या कर ली, जिससे इसे 'हंगेरियन सुसाइड सॉन्ग' कहा गया। गाने पर बैन लगा, लेकिन 2003 में हटा दिया गया। रेजो सेरेस ने यह गाना तब लिखा था जब उनकी प्रेमिका उन्हें छोड़कर चली गई थी और इसके बोल इतने दुःखद थे कि जिसने भी इसे सुना, वह बहुत दुखी हुआ। कहा जाता है कि यह गाना इतना हृदय विदारक था कि कुछ लोगों ने इसे सुनने के बाद आत्महत्या तक कर ली थी।




# कैंप रॉक की स्टार जोड़ी जो और डेमी फिर साथ

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन पॉप बैंड जोनस ब्रदर्स के 20 साल पूरे होने की खुशी में 'जोनस 20: ग्रीटिंग्स फ्रॉम योर होमटाउन' टूर' का आयोजन किया जा रहा है। अमेरिका में हो रहे इस टूर के पहले ही शो ने फैंस को जबरदस्त सरप्राइज दिया। न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में हुए इस कार्यक्रम में जो जोनस की पूर्व प्रेमिका और फेमस सिंगर डेमी लोवाटो की एंट्री ने सभी को चौंका दिया। ये वो ही जोड़ी है जिसने साल 2008 की डिज्नी फिल्म कैंप रॉक में साथ काम किया था और अब वर्षों बाद एक ही मंच पर साथ नजर आई। इस स्पेशल परफॉर्मेंस में डेमी और जो ने गॉटा फाइंड यू, दिस इज मी, वुडन्ट चेंज अ थिंग जैसे क्लासिक गाने गाकर न सिर्फ मंच पर जादू बिखेरा, बल्कि दर्शकों को भी भावुक कर दिया।




# सिद्धार्थ-जान्हवी में दिखी जबरदस्त केमिस्ट्री

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की रोमांटिक फिल्म परम सुंदरी का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। ट्रेलर में सिद्धार्थ और जान्हवी के बीच जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिली है। ट्रेलर में रोमांस के साथ कॉमेडी और ड्रामा की भी झलक देखने को मिली है। ट्रेलर की शुरुआत सिद्धार्थ और जान्हवी के चर्च में बातें करने से होती है। जहां दोनों एक-दूसरे उनके पास्ट के बारे में पूछते हैं। फिल्म में सिद्धार्थ परम के किरदार में हैं, जो दिल्ली का रहने वाला है। जबकि जान्हवी कपूर के किरदार का नाम सुंदरी है, जो केरल की रहने वाली है। ट्रेलर में केरल की खूबसूरती देखने को मिली है। कुछ एक सीन में सिनेमैटोग्राफी काफी खूबसूरत मालूम पड़ती है। 2 मिनट 40 सेकंड के इस ट्रेलर में जान्हवी और सिद्धार्थ के बीच एक अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिली है।




# जॉली एलएलबी-3 का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3 का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इस बार फिल्म में दोनों जॉली नजर आएंगे और एक-दूसरे का मुकाबला करते दिखेंगे। टीजर काफी मजेदार लग रहा है। जिसमें अरशद वारसी और अक्षय कुमार के अलावा सौरभ शुक्ला भी नजर आए हैं। 1 मिनट 30 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत केस की सुनवाई के अनाउंस के साथ होती है। जिसमें जगदीश त्यागी उर्फ जॉली फ्रॉम मेरठ यानी अरशद वारसी का नाम पुकारा जाता है। इसके बाद अरशद वारसी स्कूटर पर सवार और फिर कोर्ट में दिखाई देते हैं। फिर एंट्री होती है एक बार फिर जज के किरदार में नजर आने वाले सौरभ शुक्ला की। इसके बाद डिफेंस के वकील के रूप में एंट्री होती है जगदेश्वर मिश्रा उर्फ जॉली फ्रॉम लखनऊ यानी अक्षय कुमार की।

टीवी मसाला



# कर्नल सोफिया ने बताया क्यों करना पड़ा ऑपरेशन सिंदूर

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17 के साथ धमाकेदार वापसी कर चुका है। इंडिपेंडेंस स्पेशल एपिसोड में ऑपरेशन सिंदूर की हीरो कर्लन सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कमांडर प्रेरणा देवस्थली होंगी। एपिसोड का प्रोमो आ चुका है। चैनल ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें कर्नल सोफिया कुरैशी बताती हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर क्यों करना पड़ा। क्लिप में दिखाई दे रहा है कि कर्नल सोफिया कुरैशी बोलती हैं, पाकिस्तान ये करता चला जा रहा है तो जवाब देना बनता था सर। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर प्लान किया गया। इसके बाद कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कमांडर प्रेरणा देवस्थली अपना परिचय देती हैं और बताती हैं कि वे तीनों केबीसी के स्वतंत्रता दिवस स्पेशल एपिसोड में आएंगी। उनकी एंट्री दिखाई देती है इसमें अमिताभ बच्चन भारत माता की जय का नारा लगता हैं। उनके साथ दर्शक भी जोश में दिखाई देते हैं। केबीसी 17 सीजन की शुरुआत 11 अगस्त को हो चुकी है। शो को फिर से अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। अब फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड 2 लोग जीतेंगे। फिर उनको आपस में कॉम्पीट करना होगा। जो जीतेगा वही हॉटसीट पर बैठेगा।


## कपिल ने खींची उदित नारायण की टांग

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा के शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में उदित नारायण समेत कई सिंगर्स बतौर गेस्ट बनकर आए। इस दौरान सभी ने कपिल के साथ खूब मस्ती की और वहीं उदित नारायण के फैन को किस करने वाले इंसिडेंट पर भी मजाक बनाया। अब अपकमिंग एपिसोड में म्यूजिक इंडस्ट्री के कई पॉपुलर सिंगर्स आने वाले हैं, जिसमें विशाल ददलानी, शेखर रवजियानी, शान और नीति मोहन शामिल हैं। सभी साथ में स्वतंत्रा दिवस सेलिब्रेट करेंगे। इस दौरान कपिल, उदित नारायण के किस वाले किस्से पर भी बात करते हैं। दरअसल, शो में शान अपनी जर्नी के बारे में बात करते हैं विशाल के साथ क्योंकि दोनों ने साथ में डेब्यू किया था। वहीं फिर कीकू शारदा, कृष्णा अभिषेक और सुनील ग्रोवर की परफॉर्मेंस सबको हंसा देती है। कपिल फिर उदित के फैन को किस करने वाले किस्से पर उनकी टांग खींचते हैं। कपिल बोलते हैं, 'शान भाई और उदित सर दोनों हंसते-हंसते गाते हैं।



# काजोल-ट्विंकल के शो में मेहमान बनकर आएंगे सलमान और आमिर

**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना साथ में मिलकर शो लेकर आ रहे हैं 'टू मच विद काजोल और ट्विंकल'। इस शो की गेस्ट लिस्ट को लेकर अब तक कोई जानकारी तो नहीं आई थी, लेकिन अब खबर आ रही है कि इस शो में बॉलीवुड के 2 बड़े स्टार्स आने वाले हैं और वो हैं सलमान खान-आमिर खान। सलमान और आमिर सेट पर मौजूद थे और दोनों ने एपिसोड की शूटिंग की। हालांकि, इस बारे में शो के मेकर्स की तरफ से कोई ऑफिशियल कमेंट नहीं आया है। बता दें कि सलमान और आमिर ने साथ में कल्ट क्लासिक फिल्म दी है और वो है अंदाज अपना अपना जो साल 1994 में रिलीज हुई थी। वहीं, शो टू मच विद काजोल और ट्विंकल की बात करें तो यह शो काफी कैंडिड और बोल्ड होने वाला है। रिपोर्ट्स आई थीं कि शाहरुख, सलमान, आमिर, अजय देवगन, अक्षय कुमार गेस्ट बनकर आएंगे। काजोल और ट्विंकल के ह्यूमर की बात करें तो दोनों हमेशा बेबाकी से बात करते हैं। दोनों काफी बातें करती हैं। जब शो की अनाउंसमेंट हुई थी तब अक्षय ने लिखा था, पहले ही डर गया हूं दोनों को साथ देखकर पोस्टर में, शो में पता नहीं क्या हंगामा होगा। वहीं अजय ने लिखा था, गेस्ट लोग, हमेशा स्ट्रॉन्ग रहना।



# बॉलीवुड के सबसे दमदार कैमियो रोल, थिएटर्स में जमकर बजीं सीटियां और तालियां...

*मुंबई। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म वॉर-2 कैमियो अपीयरेंस की वजह से सुर्खियों में है। अगर प्लेसमेंट सही हो तो, गेस्ट अपीयरेंस फिल्म को जबरदस्त बूस्ट दे जाते हैं।*

***पठान में सलमान खान :*** *फिल्म पठान में सलमान खान के कैमियो ने इस मूवी को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त बूस्ट दिया था। शाहरुख खान लंबे वक्त बाद एक्शन मूवी में लौटे थे, और टाइगर के किरदार में सलमान खान की एंट्री ने माहौल जमा दिया था।*

***टाइगर-3 में शाहरुख खान :*** *क्योंकि वीआरएफ ने स्पायवर्स में सलमान खान (टाइगर) के साथ शाहरुख खान (पठान) को जोड़ दिया था, इसलिए जब सलमान की टाइगर-3 आई, तो इसमें शाहरुख खान पठान के किरदार में नजर आए।*



***सिंबा में अजय देवगन :*** *रणवीर सिंह ने जब कॉप यूनिवर्स में बतौर सिंबा एंट्री ली, तो इस मूवी में अजय देवगन का दमदार कैमियो हिट हो गया। अजय देवगन की एंट्री पर फिल्म में खूब तालियां पड़ी थीं।*

***पीके मूवी में रणवीर सिंह :*** *फिल्म पीके'में रणवीर सिंह का कैमियो रोल था। फिल्म के आखिर में जब वह आमिर खान के साथ नजर आए तो लोगों का एक्साइटमेंट लेवल पीक पर पहुंच गया।*

***ये जवानी है दीवानी में माधुरी दीक्षित:*** *रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की फिल्म ये जवानी है दीवानी में माधुरी दीक्षित का कैमियो थिएटर्स में तालियां पड़वाने के लिए काफी था। फिल्म को इससे बॉक्स ऑफिस पर भी फायदा मिला।*

***डॉन-2 में ऋतिक रोशन :*** *फिल्म डॉन में ऋतिक रोशन का डॉन के अवतार में नजर आना सिनेमाघरों में तालियां पड़वाने के लिए काफी था। जब मास्क के पीछे ऋतिक रोशन नजर आते हैं तो यह सीन लोगों को काफी सरप्राइजिंग लगा था।*

***इंग्लिश विंग्लिश में अमिताभ बच्चन :*** *दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की फिल्म इंग्लिश विंग्लिश में जब अचानक अमिताभ बच्चन की एंट्री हुई तो यह काफी सुकून देने वाला सीन था, जो दर्शकों को काफी पसंद आया।*

## अंधेरे में देख कांप जाएगी रूह, द ईकोज ऑफ सर्वाइवर्स कर देगी सोचने पर मजबूर

# धमाकेदार होगा ये हफ्ता, रिलीज होंगे 9 फिल्में-सीरीज

*मुंबई। हमेशा की तरह इस बार दर्शकों को इस हफ्ते फिल्में और सीरीज के रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। इस बार भी नेटफ्लिक्स, सोनी लिव, जिओ हॉटस्टार, प्राइम वीडियो जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली हैं।*

**डॉग मैन :** डॉग मैन 2025 में रिलीज होने वाली एक अमेरिकी एनिमेटेड सुपरहीरो कॉमेडी फिल्म है, जो डेव पिल्की की बच्चों की ग्राफिक उपन्यास श्रृंखला पर आधारित है। यह कैप्टन अंडरपैंट्स: द फर्स्ट एपिक मूवी (2017) का स्पिन-ऑफ और कैप्टन अंडरपैंट्स फ्रैंचाइजी की दूसरी फिल्म है। इसे ड्रीमवर्क्स एनिमेशन ने प्रोड्यूस किया है।





**सारे जहां से अच्छा :** सारे जहां से अच्छा गौरव शुक्ला द्वारा निर्मित एक आगामी एक्शन थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस सीरीज को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। प्रतीक गांधी, सनी हिंदुजा, सुहैल नैयर, कृतिका कामरा, तिलोत्तमा शोम, रजत कपूर और अनूप सोनी अभिनीत यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर 13 अगस्त को रिलीज हो रही है।

**कोर्ट कचहरी :** पवन मल्होत्रा, आशीष वर्मा और पुनीत बत्रा अभिनीत, यह आगामी राजनीतिक ड्रामा सीरीज परम माथुर पर आधारित है। ये एक ऐसे युवक पर बनी है, जो अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाने और एक जर्जर जिला अदालत में वकालत करने के लिए मजबूर है, जहां सत्ता और पैसे के आगे कानून नतमस्तक है। इस सीरीज को मशहूर ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर 13 अगस्त 2025 को ऑनलाइन रिलीज होगी।

**एलियन: अर्थ :** एलियन: अर्थ,एलियन ब्रह्मांड पर आधारित नई साइंस फिक्शन सीरीज है। यह साइंस-फिक्शन हॉरर सीरीज रिडले स्कॉट की एलियन (1979) की घटनाओं से ठीक दो साल पहले की है। यह उस घटना के बाद की कहानी है जब एक अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। सिडनी चैंडलर और आदर्श गौरव अभिनीत, यह सीरीज जियो हॉस्टार पर 13 अगस्त को रिलीज होगी।

**क्वांटम लीप :** अगर टाइम ट्रेवल और क्वांटम फिजिक्स वाले कॉन्सेप्ट की फिल्में व सीरीज पसंद हैं तो 14 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर क्वांटम लीप का नया सीजन आने जा रहा है।

**तेहरान :** तेहरान, अरुण गोपालन द्वारा निर्देशित एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें जॉन अब्राहम, नीरू बाजवा और मानुषी छिल्लर मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 2012 में इजराइली पर हुए हमलों पर आधारित है। तेहरान 14 अगस्त को जी5 पर रिलीज होगी।

**लव इज ब्लाइंड :** लव इज ब्लाइंड का पहला सीजन को लोगों ने खूब पसंद किया। ऐसे में अब इसके दूसरे सीजन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। ये सीरीज 13 अगस्त को रिलीज होगा।

**द ईकोज ऑफ सर्वाइवर्स :** कोरिया में हुई कुछ सबसे भयावह घटनाओं में बच निकले लोगों के किस्से आपके रोंगटे खड़े कर देंगे। सच्ची घटनाओं पर आधारित यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज 15 अगस्त को रिलीज होगी जो आपको सोचने पर मजबूर कर देगी।

**अंधेरा :** हॉरर और सुपरनैचुरल कहानियों में दिलचस्पी रखने वालों के लिए प्रिया बापट, करणवीर मल्होत्रा, प्राजक्ता कोली और सुरवीन चावला की नई वेब सीरीज 'अंधेरा' में बहुत कुछ है। आठ एपिसोड की इस सीरीज में खौफ का कुआं है। पुलिस की जांच है और हत्याएं हैं। अंधेरा 14 अगस्त को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

# दलीप ट्रॉफी के इतिहास में इन बल्लेबाजों ने बनाए हैं 2,000 से अधिक रन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दलीप ट्रॉफी भारत का प्रतिष्ठित प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट है, जो जोनल प्रारूप में खेला जाता है। इस टूर्नामेंट में वेस्ट जोन की टीम अब तक सबसे सफल रही है, जिसने कुल 19 बार खिताब पर कब्जा जमाया है। उनके बाद नॉर्थ जोन की टीम 18 बार विजेता बनी है। इस टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक चुनिंदा बल्लेबाज ही 2,000 से अधिक रन बनाने में सफल हुए हैं।



### वसीम जाफर (2,545 रन)

दलीप ट्रॉफी में वसीम जाफर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वेस्ट जोन के इस पूर्व सलामी बल्लेबाज ने 30 मैचों की 54 पारियों में 55.32 की औसत के साथ 2,545 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 173* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 8 शतक और 13 अर्धशतक लगाए थे। बता दें कि जाफर ने अपने प्रथम श्रेणी करियर का अंत 50.67 की औसत से 19,410 रनों के साथ किया था।



### विक्रम राठौड़ (2,265 रन)

इस सूची में दूसरे पायदान पर विक्रम राठौड़ मौजूद है। नॉर्थ जोन की ओर से उन्होंने 25 मैच खेले थे, जिसमें 51.47 की औसत के साथ 2,265 रन बनाए थे। उन्होंने 6 शतक और 11 अर्धशतक भी लगाए थे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 6 टेस्ट में 44 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 131 रन बनाए थे। अपने प्रथम श्रेणी करियर में उन्होंने 49.66 की औसत से 11,473 रन अपने नाम किए थे।



### अंशुमान गायकवाड़ (2,004 रन)

अंशुमान गायकवाड़ भी इस विशेष सूची का हिस्सा हैं। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे पहले 2,000 रन का आंकड़ा छूने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने 26 मैचों की 42 पारियों में 52.73 की औसत के साथ 2,004 रन बनाए थे। वेस्ट जोन का ही प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने 216 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 9 शतक लगाए थे। गायकवाड़ ने भारत की ओर से 30.07 की औसत से 1,985 रन बनाए थे। गायकवाड़ के नाम हैं सर्वाधिक शतकों का रिकॉर्ड गायकवाड़ के नाम ही दलीप ट्रॉफी में सर्वाधिक शतक (9) लगाने का रिकॉर्ड दर्ज है।

## दलीप ट्रॉफी के इतिहास में सबसे ज्यादा 136 विकेट चटकाए हैं नरेंद्र हिरवानी ने

प्रथम श्रेणी क्रिकेट के अंतर्गत आने वाली दलीप ट्रॉफी के टूर्नामेंट में वसीम जाफर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह लाल गेंद से खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में 2,500 से अधिक रन बना चुके हैं। दूसरी तरफ नरेंद्र हिरवानी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची के बारे में जानते हैं।

**नरेंद्र हिरवानी (126 विकेट)**

पूर्व लेग स्पिनर हिरवानी ने दलीप ट्रॉफी में 29 मैच खेले थे, जिसमें 34.12 की औसत के साथ 126 विकेट लिए थे। इस बीच उन्होंने 8 पारियों में 5 विकेट हॉल लिए थे। पारी में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 129 रन देते हुए 7 विकेट लेना रहा था। वह सेंट्रल जोन से खेलते थे। हिरवानी ने भारत की ओर से 17



टेस्ट खेले थे, जिसमें 30.10 की औसत के साथ 66 विकेट लिए थे।

**सिराज बहुतुले (112 विकेट)**

पूर्व लेग स्पिनर सिराज बहुतुले दलीप ट्रॉफी के इतिहास में 100 से ज्यादा विकेट लेने वाले सिर्फ दूसरे ही गेंदबाज थे। वेस्ट जोन के लिए 30 मैचों में उन्होंने 26.76 की औसत से 112 विकेट लिए थे। उन्होंने 4 पारियों में 5 विकेट भी लिए थे। 2 दशकों से ज्यादा के लम्बे अपने प्रथम श्रेणी करियर में उन्होंने 26.00 की औसत से 630 विकेट लिए थे। बल्लेबाजी में उन्होंने 9 शतकों के साथ 6,176 रन भी बनाए थे।

**भगवत चंद्रशेखर (99 विकेट)**

साउथ जोन के भगवत चंद्रशेखर इस सूची में तीसरे स्थान पर मौजूद हैं। उन्होंने सिर्फ 24 टेस्ट में 24.30 की औसत के साथ 99 विकेट लिए थे। उन्होंने 7 पारियों में 5 विकेट लिए थे। अपने प्रथम श्रेणी करियर में इस लेग स्पिनर ने 246 मैच खेले थे, जिसमें 24.03 की औसत के साथ 1,063 विकेट लिए थे। उन्होंने 75 पारियों में 5 विकेट हॉल भी लिए थे।

---

**खबर संक्षेप**



### एटलेटिको मैड्रिड ने इटली के रास्पाडोरी संग किया करार

**मैड्रिड।** स्पेन के फुटबॉल क्लब एटलेटिको मैड्रिड ने इटली के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जियाकोमो रास्पाडोरी के साथ अनुबंध किया है जो अभी तक नेपोली की तरफ से खेल रहे थे। इस 25 वर्षीय फॉरवर्ड ने अपना मेडिकल परीक्षण पास कर लिया और उन्होंने स्पेनिश टीम के साथ पांच साल का अनुबंध किया है। एटलेटिको ने कहा, ''इटली का यह खिलाड़ी बहुमुखी प्रतिभा का धनी है। वह अग्रिम पंक्ति के अलावा मध्य पंक्ति में भी खेल सकता है।'' रास्पाडोरी ने 2022 में नेपोली के साथ करार किया और अपने पहले सत्र और फिर 2024-25 में क्लब के साथ सीरी ए खिताब जीता। उन्होंने नेपोली की तरफ से 109 मैच खेले और 18 गोल किए। उन्होंने 2021 में 21 साल की उम्र में इटली की सीनियर टीम की तरफ से अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण किया और वह उस यूरोपीय चैंपियनशिप में खेले, जिसे इटली ने जीता।

### डी गुकेश ने ओपेरिन-लिएम को दी करारी शिकस्त

**सेंट लुई।** सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में भारत के डी. गुकेश ने पहले दौर में अमेरिका के लेवोन अरोनियन से हारने के बाद शानदार वापसी की। उन्होंने ग्रिगोरी ओपेरिन और लिएम ले



क्वांग को हराकर चार अंक हासिल किए और वेस्ली सो के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंचे। अरोनियन छह अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि फैबियानो कारुआना पांच अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। गुकेश की रानी बलिदान चाल और दबाव में जीत ने दर्शकों को प्रभावित किया। आने वाले दिनों में उनके प्रदर्शन पर सबकी निगाहें रहेंगी। ग्रैंड चेस टूर के अंतर्गत चल रहे सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के पहले दिन भारत के शीर्ष युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने मिश्रित प्रदर्शन किया।

### वेस्टइंडीज क्रिकेट ने सुधार के लिए कसी कमर, हुई बैठक

**सेंट जोंस (एंटीगा)।** क्रिकेट वेस्टइंडीज ने अपने पूर्व खिलाड़ियों के साथ आपात बैठक के बाद 'लगभग सौ चीजों की पहचान की है' जिनमें सुधार की आवश्यकता है। इसमें युवा



खिलाड़ियों में गर्व की भावना पैदा करना, घरेलू टूर्नामेंटों का स्तर बेहतर करना और अधिक धन जुटाना शामिल है। क्षेत्र में खेल की बेहतरी के लिए त्रिनिदाद में आयोजित दो दिवसीय बैठक में विव रिचर्ड्स, ब्रायन लारा, क्लाइव लॉयड, डेसमंड हेन्स, शिवनारायण चंद्रपॉल और वर्तमान मुख्य कोच डैरन सैमी जैसे दिग्गजों ने हिस्सा लिया। यह बैठक हाल ही में किंगस्टन के सबीना पार्क में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेस्टइंडीज के 27 रन पर आउट होने के बाद हो रही है जो टेस्ट इतिहास का दूसरा सबसे कम और 1955 के बाद से सबसे कम स्कोर है।

---

**शुभमन ने बेन स्टोक्स और वियान मुल्डर को पीछे छोड़ा**

# गिल ने रचा इतिहास, प्लेयर ऑफ द मंथ का सम्मान चार बार हासिल कर बने पहले खिलाड़ी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने जुलाई 2025 के लिए उन्हें आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। शुभमन गिल को यह पुरस्कार चौथी बार मिला है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। गिल ने इस सम्मान की दौड़ में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर वियान मुल्डर को पीछे छोड़ा।

### कप्तान के रूप में छाए शुभमन

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद शुभमन गिल को पहली बार भारत की टेस्ट टीम की कप्तानी सौंपी गई। उन्होंने इंग्लैंड दौरे पर खेले गए पांच टेस्ट मैचों की सीरीज को 2-2 से ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाई। इस सीरीज में गिल ने चार शतक जड़े और कुल 754 रन बनाकर टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज साबित हुए।



### गावस्कर के रिकॉर्ड के करीब पहुंचे

गिल ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज़ में 754 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज़ का पुरस्कार भी अपने नाम किया। इस प्रदर्शन के साथ वे एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। वे केवल 20 रन पीछे रह गए सुनील गावस्कर के अब तक के रिकॉर्ड से।

### महिला खिलाड़ियों की बराबरी की

इस सम्मान को चार बार जीतकर शुभमन गिल ने ऑस्ट्रेलिया की ऐश गार्डनर और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज की बराबरी कर ली है, जो पहले ही यह उपलब्धि हासिल कर चुकी हैं। गिल अब तक के पहले पुरुष क्रिकेटर बन गए हैं, जिन्होंने यह कीर्तिमान रचा है।

### चौथी बार पुरस्कार जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी

शुभमन गिल को यह पुरस्कार चौथी बार मिला है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले उन्हें जनवरी और सितंबर 2023 और फिर फरवरी 2025 में यह सम्मान मिल चुका है। अब जुलाई 2025 में उन्हें यह खिताब मिलने के साथ ही वह इस पुरस्कार को चार बार जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं।

### गिल ने जाहिर की अपनी खुशी

*इस सम्मान को लेकर गिल ने कहा, जुलाई के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना जाना मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि यह मुझे कप्तान के रूप में अपनी पहली टेस्ट सीरीज में प्रदर्शन के लिए मिला है। बर्मिंघम में लगाया गया दोहरा शतक मेरे लिए इस दौरे का सबसे यादगार लम्हा रहेगा। उनका यह बयान इस बात को दर्शाता है कि वे केवल एक शानदार बल्लेबाज ही नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार कप्तान भी हैं।*

---

**मंधाना पिछड़ीं**

# दीप्ति टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर



एजेंसी ▸▸| दुबई

भारत की दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी20 की नवीनतम रैंकिंग में गेदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना बल्लेबाजों के बीच शीर्ष से दूसरे स्थान पर खिसक गईं। दीप्ति पाकिस्तान की सादिया इकबाल के साथ 732 रेटिंग अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। सादिया रैंकिंग में पहले स्थान से दूसरे स्थान पर खिसक गयी जबकि ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड चार रेटिंग अंकों की बढ़त के साथ पहली बार शीर्ष रैंकिंग की टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज बनने में सफल रही।

### सादिया ने गंवाए रेटिंग अंक

सादिया ने आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में सिर्फ़ तीन विकेट लेने के बाद रेटिंग अंक गवां दिये। पाकिस्तान महिला टीम इस श्रृंखला को 1-2 से हार गई थी। सदरलैंड ने मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ चार विकेट लेने के बाद से सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में कोई मैच नहीं खेला है। इससे उनके रेंटिंग अंक (736) में कोई बदलाव नहीं आया है।

### हरमनप्रीत कौर टॉप 10 के करीब पहुंचीं

टी20 अंतरराष्ट्रीय हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में दीप्ति 387 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। वह वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज (505) और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर (434) से पीछे हैं। कलात्मक खब्बू बल्लेबाज मंधाना (728 रेटिंग अंक) एक स्थान फिसल कर इंग्लैंड की नैट सिवर-ब्रंट (731) के बाद दूसरे पायदान पर आ गयी है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर 10 पायदान की छलांग लगाकर शीर्ष 10 बल्लेबाजों में शामिल होने के करीब पहुँच गई हैं। वह फिलहाल 11वें नंबर पर हैं।

---

# सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट 19 अगस्त से, चार विदेशी टीमों सहित 106 टीमें दिखाएंगी हुनर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

चार अंतराष्ट्रीय टीम सहित कुल 106 टीम 19 अगस्त से यहां शुरू हो रहे 64वें सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट में तीन आयु वर्ग में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयेजन जूनियर लड़कों (अंडर-17), जूनियर लड़कियों (अंडर-17) और सब जूनियर (अंडर-15) वर्ग में किया जाएगा।

वायु सेना खेल नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसइटी द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट का आयोजन दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु के विभिन्न स्थलों पर 25 सितंबर तक किया जाएगा। टूर्नामेंट के दौरान तीनों आयु वर्ग में 200 से अधिक मुकाबले खेले जाएंगे।

### टूर्नामेंट से निकलेंगे प्रतिभावान खिलाड़ी : शिवकुमार

एयर मार्शल एस शिवकुमार ने संवाददाताओं से कहा इसमें श्रीलंका और नेपाल की अंतरराष्ट्रीय टीम भाग लेंगी जो टूर्नामेंट की वैश्विक पहुंच और बढ़ते कद के बारे में बहुत कुछ कहता है। इंडियन टाइगर और टाइग्रेस' प्रतिभा खोज अभियान के हिस्से के रूप में टूर्नामेंट के दौरान जर्मनी में प्रशिक्षण के लिए सात खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

### हम सुनहरे भविष्य की ओर बढ़ रहे : दालिमा

भारतीय महिला फुटबॉलर दालिमा छिब्बर इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। दालिमा ने कहा, ''यहीं से 2011 में मेरी यात्रा शुरू हुई थी और मुझे इसका हिस्सा बनने का सौभाग्य मिला है। यहां बैठकर मेरे लिए जीवन का एक चक्र पूरा हो गया है।'' उन्होंने कहा, ''हम एक सुनहरे भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं।

### ऐसा रहेगा टूर्नामेंट का शेड्यूल

टूर्नामेंट की शुरुआत जूनियर लड़कियों के वर्ग के साथ 19 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर में होगी जिसके बाद सब जूनियर लड़कों के वर्ग के मुकाबले दो सितंबर से बेंगलुरु में शुरू होंगे। जूनियर लड़कों के वर्ग के मुकाबले 16 सितंबर से दिल्ली-एनसीआर में खेले जाएंगे।

## रोनाल्डो ने की जॉर्जिना से सगाई...



**वाशिंगटन।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लंबे समय से उनकी पार्टनर रही जॉर्जिना रोड्रिग्स ने सगाई कर ली है। जॉर्जिना 31 साल की हैं। उन्होंने सोमवार को इंस्टाग्राम पर अपनी उंगली में एक बड़ी हीरे की अंगूठी दिखाते हुए एक तस्वीर के साथ इस खुशखबरी की घोषणा की। जॉर्जिना और 40 वर्षीय रोनाल्डो की दो बेटियां हैं। उन्होंने रोनाल्डो के अन्य तीन बच्चों की परवरिश में भी मदद की है। रोनाल्डो की जॉर्जिना से 2016 में मुलाकात हुई थी जब वह मैड्रिड के एक स्टोर में काम करती थीं। रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर यूनाइटेड पूर्व स्टार रोनाल्डो अब सऊदी अरब में अल-नासर के लिए खेलते हैं।

## सितंबर तक बीसीसीआई अध्यक्ष रहेंगे बिन्नी

**बेंगलुरु।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर रोजर बिन्नी पिछले महीने 70 बरस के हो गए लेकिन संसद में राष्ट्रीय खेल विधेयक के पारित होने के बाद 1983 विश्व कप में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाला



यह दिग्गज कम से कम सितंबर में भारतीय क्रिकेट बोर्ड की वार्षिक आम बैठक तक बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में काम करता रहेगा। अगर बीसीसीआई की राज्य इकाइयों के सदस्य सहमत होते हैं तो बिन्नी 75 वर्ष की आयु तक पद पर बने रह सकते हैं जो अब राष्ट्रीय खेल महासंघों के पदाधिकारियों के लिए कट ऑफ आयु है। यह उन महासंघों के लिए है जिनकी वैश्विक संस्थाओं में आयु संबंधी कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद है।

---

# पंजाब एफसी की राज्य लीग के लिए 26 सदस्यीय टीम घोषित

एजेंसी ▸▸| मोहाली

इंडियन सुपर लीग की टीम पंजाब एफसी ने आगामी राज्य सुपर फुटबॉल लीग के लिए मंगलवार को 26 सदस्यीय रिजर्व टीम की घोषणा की, जिसमें नौ अंडर-19 खिलाड़ी शामिल हैं। पिछले सत्र की उपविजेता पंजाब एफसी शनिवार को न्यू चंडीगढ़ में दलबीर एफए के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। पंजाब एफसी में पंजाब के 16 खिलाड़ी हैं।

पंजाब के मुख्य कोच प्रवीण कुमार ने छह खिलाड़ियों को स्टैंडबाय पर भी रखा है। डूरंड कप के लिए सीनियर टीम में जगह बनाने वाले मानव सिंह को भी टीम में रखा गया है। प्रवीण ने एक विज्ञप्ति में कहा हमारे अधिकतर खिलाड़ियों को पिछले सत्र में पंजाब लीग में खेलने का अनुभव है। हमारी टीम संतुलित है और हमें पिछले सत्र से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

बिहार सरकार

**समाहरणालय, मुजफ्फरपुर**
(मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग)

**अधिहरित (Confiscated) वाहन नीलामी हेतु अति अल्पकालीन आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 (यथा संशोधित) के अधीन विभिन्न थाना कांडो/उत्पाद वादों में जब्त एवं माननीय अधिहरण न्यायालय द्वारा सुसंगत प्रावधानों के तहत् राज्यसात् किये गये अधोलिखित सारणी में अंकित वाहनों की सार्वजनिक नीलामी (Public Auction) "जहाँ है, जैसे है" उसी स्वरूप में गठित समिति (अध्यक्ष एवं सदस्यगण) के द्वारा **दिनांक–26.08.2025** को समय **पूर्वाह्न 11:30 बजे, स्थान–जिला परिषद भवन, मुजफ्फरपुर के सभाकक्ष** में की जाएगी। उक्त तिथि को किसी कारणवश नीलामी की प्रक्रिया अपूर्ण रहने की स्थिति में आवश्यकतानुसार उसके अगले कार्य दिवसों को संपन्न की जाएगी।

**मध्य प्रदेश**


| क्र० | वाहन निबंधन संख्या | वाहन का प्रकार | अधिहरण वाद संख्या/थाना कांड/पी0आर0 संख्या | वाहन का न्यूनतम निर्धारित मूल्य | सुरक्षित जमा राशि (20%) | वाहन स्थल संबंधित थाना/परिसर | वाहन स्वामी का नाम एवं पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | MP07M N-3185 | टी0वी0एस0 स्पोर्ट मोटरसाईकिल | अधिहरण वाद संख्या–150/2024–25 उत्पाद थाना कांड संख्या–1718/24, दिनांक–23.09.2024 | 7000 | 1400 | उत्पाद थाना | आशीष कुमार, पिता–विनय कुमार, सा0–कैलाश बिहार, सिटी सेन्टर, मध्य प्रदेश। | – |

उक्त नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी जिला के वेबसाईट www.muzaffarpur.bih.nic.in & state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, मुजफ्फरपुर।

PR- 011330 ( Excise ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।




"जब हम खादी खरीदते हैं, तो दिन-रात मेहनत करने वाले लाखों बुनकरों के जीवन को रोशन करते हैं।"
– नरेन्द्र मोदी

**स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर विशेष छूट**
दिनांक :12 अगस्त 2025 से 16 अगस्त 2025 तक
(भवन खुलने का समय : सुबह 11.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक)

**20% छूट सभी खादी उत्पादों पर**
सूती, रेशमी, पॉली वस्त्र एवं रेडिमेड शर्ट-पेन्ट, कुर्ता, पजामा, जैकेट, सिल्क साड़ीयां लेडीज एवं जेन्ट के लिए ड्रेस मटेरियल, दरी, गांधी टोपी इत्यादि।

**10% छूट सभी ग्रामोद्योग उत्पादों पर**
शुद्ध शहद, परफ्यूम, इत्र, अगरबत्ती, साबुन, शैम्पू, सरसों तेल, अचार, मुरब्बा मधुमेह उत्पाद, चंदन पावडर, चंदन माला, हेयर कलर आदि

VOCAL FOR local
स्वदेशी अपनाओ



खादी और ग्रामोद्योग आयोग

VISIT US

खादी ग्रामोद्योग भवन : सरस्वती नगर, जवाहर चौक भदभदा रोड, भोपाल (म.प्र.) 0755-3570637

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अपने निवास पर लगाया तिरंगा ध्वज, बैतूल भाजपा कार्यालय में की बैठक

# अपने घरों पर तिरंगा ध्वज लगाएं पार्टी कार्यकर्ता और नागरिक: हेमंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत बैतूल स्थित अपने निवास पर तिरंगा ध्वज लगाया। उन्होंने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर साझा भी किया।

इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के नागरिकों तथा पार्टी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने घरों पर तिरंगा ध्वज लगाने का आह्वान किया। इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने बैतूल जिला कार्यालय में 13 अगस्त को बैतूल में आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर बैतूल नगर के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और प्रबुद्धजनों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता और आमजन सहभागिता करें। खण्डेलवाल ने कहा कि तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं, बल्कि यह हमारी एकता, सम्मान और गर्व का अमर प्रतीक है। इसकी शान हमेशा ऊँची रखना हम सभी का पावन कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर 'हर घर तिरंगा' अभियान में आमजन जितने उत्साह, उमंग और जोश से सहभागिता कर रहे हैं, उससे यह सिद्ध हो गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह अभियान अब एक जन आंदोलन बन चुका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और प्रदेश के नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएं और तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी लेकर पर अवश्य साझा करें और इस प्रेरणादायी अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं।



# बाइक रैली के रूप में प्रदर्शित हुआ हर घर तिरंगा का भव्य अभियान

**भोपाल।** भारत सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 2022 में राष्ट्रीय व्यापी अभियान के रूप में हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में अविनाश शरण, उप महान निरीक्षक ग्रुप केंद्र के नेतृत्व में मंगलवार को भोपाल के कई स्थानों पर बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य आम जनमानस में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना के साथ ही 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा प्रदर्शित करने हेतु जागरुकता फैलाना भी है।

# किसानों के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत मंगलवार को बैतूल जिले के मुलताई में ट्रैक्टर के माध्यम से आयोजित 'तिरंगा यात्रा' में क्षेत्र के किसानों के साथ सम्मिलित हुए। खण्डेलवाल ने मुलताई में मां ताप्ति के उद्गम स्थल पर ताप्ति मैया का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लेकर नाव के जरिए तिरंगा रैली में सम्मिलित हुए। इस दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों के साथ पौधरोपण भी किया।




## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आज छिंदवाड़ा में तिरंगा यात्रा में होंगे शामिल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल 13 अगस्त को छिंदवाड़ा में आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल दोपहर 1 बजे छिंदवाडा के इमलीखेड़ा चौक से बस स्टेंड तक तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होंगे।

## प्रत्येक कार्यकर्ता घरों प्रतिष्ठानों पर शान से तिरंगा लगाएं: यति

भाजपा के अटल भवन पर जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को तिरंगा लगाया। जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने कहा कि तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं, बल्कि यह हमारी एकता, सम्मान और गर्व का अमर प्रतीक है। इसकी शान हमेशा ऊँची रखना हम सभी का पावन कर्तव्य है। यति ने आह्वान करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होकर अपने घरों और प्रतिष्ठानों में तिरंगा लगाएं। देशभक्ति के गानों के बीच तिरंगा यात्रा विभिन्न स्थानों से होते हुए निकाली जाए। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र गुप्ता, जिला मंत्री राजकुमार विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत बच्चों ने सजाई आकर्षक रंगोली

**भोपाल।** हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता कार्यक्रम के तहत केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में निदेशक प्रो. रमाकान्त पाण्डेय और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता थीम पर लगभग 35 रंगोलियों का निर्माण किया। परिसर निदेशक ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्रों में जन जागरुकता तथा देश के प्रति भावना को विकसित करना है।



## भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत केस दर्ज

# बाल संप्रेषण गृह के अधीक्षक को चार हजार की रिश्वत लेते किया ट्रैप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकायुक्त पुलिस की इंदौर युनिट ने मंगलवार को खंडवा के बाल संप्रेषण गृह के अधीक्षक हरजिंदर सिंह अरोरा को 4000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी ने बाल संप्रेषण गृह में कुक के पद पर पदस्थ ज्योति पाल नाम की महिला से जून और जुलाई की सैलरी के लिए 4000 रुपए की रिश्वत मांगी थी। साथ ही अरोरा ने ज्योति को धमकाते हुए कहा था कि पैसे न देने पर उसे नौकरी से भी निकाल दिया जाएगा। शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त टीम ने मंगलवार को ट्रैप लान के अनुसार ज्योति को रिश्वत की राशि के साथ हरजिंदर के पास भेजा। यहां जैसे ही उसने रिश्वत के नोट अपनी जेब में रखे वैसे ही टीम ने उसे पकड़ लिया। अरोरा के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

### *प्रधान आरक्षक के साथ मिलकर 4500 की रिश्वत लेते होमगार्ड ट्रैप*

*लोकायुक्त पुलिस की रीवा इकाई ने मंगलवार को मैहर जिले के देहात थाने में पदस्थ होमगार्ड को 4500 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। होमगार्ड और थाने के प्रधान आरक्षक ने शिकायतकर्ता से 10 हजार रुपए की डिमांड की थी। लोकायुक्त पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आनंद कुशवाहा ने लोकायुक्त को शिकायत में आरोप लगाया था कि उसके खिलाफ दर्ज केस में धाराएं न बढ़ाने के एवज में थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक श्यामलाल चौधरी और नगर सैनिक बृजेंद्र कुमार मिश्रा ने 10 हजार की घूस मांगी थी।*

# तिरंगा थामे भारत माता के जयकारे लगाते निकाली तिरंगा यात्रा, पुष्प वर्षा से स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नरेला विधानसभा क्षेत्र में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने किया। तिरंगा यात्रा अशोका गार्डन स्थित नर्मदा परिक्रमा पार्क से होते हुए वार्ड क्रमांक 69 के विभिन्न मार्गों से होते हुए आगे बढ़ी। रक्षाबंधन महोत्सव से पूर्व कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों के साथ निकली तिरंगा यात्रा में देशभक्ति का अद्भुत उत्साह देखने को मिला। स्थानीय रहवासियों ने तिरंगा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा में हर वर्ग, हर आयु के नागरिकों ने भाग लिया और हाथों में तिरंगा थामकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष से वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। मंत्री सारंग ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान देशभक्ति की भावना को और प्रगाढ़ कर रहा है। उन्होंने नरेला विधानसभा के सभी नागरिकों से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों, संस्थानों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया।

## नरेला रक्षाबंधन महोत्सव: दूसरे दिन 18 हजार 546 बहनों ने बांधी मंत्री सारंग को राखी



**भोपाल।** मंत्री विश्वास कैलाश सारंग मंगलवार को नरेला विधानसभा के वार्ड 78 एवं 69 में आयोजित नरेला रक्षाबंधन उत्सव में सम्मिलित हुए। विश्व के सबसे बड़े रक्षाबंधन उत्सव के दूसरे दिन 18 हजार 546 बहनों ने मंत्री श्री सारंग को रक्षा सूत्र बांधा। इस मौके पर मंत्री श्री सारंग ने बहनों को लव जिहाद और नशे के खिलाफ लड़ाई की शपथ दिलाई। उन्होंने बहनों के लिये गीत भी गाया। लव जिहाद और नशे के कुचक्र में नहीं फंसने देंगे इस अवसर पर मंत्री श्री सारंग ने कहा कि हिन्दू बहन-बेटियों को लव जिहाद और नशे के कुचक्र में नहीं फंसने देंगे। यह केवल सांस्कृतिक संरक्षण ही नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा का संकल्प है। इसके लिये विश्वास विजय वाहिनी के माध्यम से घर-घर जनजागरण किया जायेगा।

## रवींद्र भवन के हंसध्वनि सभागार में आज सुबह 11:30 बजे होगा गरिमामय आयोजन

# राज्य स्तरीय नशामुक्ति शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम डॉ. यादव बुधवार आज राज्य स्तरीय वृहद् नशामुक्ति शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में सुबह 11.30 बजे से होगा। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह भी मौजूद रहेंगे। नशामुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर होने वाले इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरुकता बढ़ाना और समाज को नशामुक्त बनाने के संकल्प को सशक्त करना है। सरकार ने नागरिकों से आह्वान किया है कि वे इस मुहिम में सक्रिय भागीदारी निभाएं और नशे को पहली बार ना और हर बार ना का संदेश अपने परिवार और समुदाय तक पहुंचाएं। कार्यक्रम में वर्ष 2023-24 के विवेकानंद नशामुक्ति पुरस्कार का वितरण एवं सिंगल क्लिक के माध्यम से पेंशन राशि का वितरण किया जाएगा।

## बरकतउल्ला परिसर में एल्यूमीनियम की खिड़की उखाड़ ले गए चोर

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्व विद्यालय परिसर में अज्ञात चोर एल्यूमीनियम की दर्जन भर खिडकियों उखाड़ ले गए। प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक सुरक्षा इंचार्ज राघवेन्द्र शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होने बताया कि बीयू परिसर स्थित हास्टल से अज्ञात चोर दिन में दर्जन भर खिड़कियां उखाड़कर ले गए। एल्यूमीनियम की खिड़कियों की कीमत 36 हजार करीब है। अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

## राहुल गांधी की लड़ाई सिर्फ कांग्रेस की नहीं भारत के लोकतंत्र को बचाने की: पटवारी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि राहुल गांधी देश की संस्थाओं को बचाने के लिए लड़ रहे हैं। उनकी लड़ाई सिर्फ कांग्रेस की नहीं, पूरे भारत के लोकतंत्र को बचाने की है। वे रीवा में कांग्रेस के न्याय सत्याग्रह आंदोलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार अली बाबा 40 चोर की सरकार है। सत्याग्रह को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि राहुल गांधी वोट चोरी के अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं और जनता के न्याय के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों पर 70 लाख से अधिक पुलिस केस दर्ज कर सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया है। सत्याग्रह के बाद नेता प्रतिपक्ष, प्रदेश अध्यक्ष और अन्य नेताओं ने रीवा में फैली अराजकता, स्थानीय भाजपा नेताओं की साज़िश के तहत कांग्रेस विधायक पर लगाए गए फर्जी मुकदमे, किसानों की बदतर हालत, महिलाओं की असुरक्षा और क्षेत्र की अव्यवस्था के खिलाफ रीवा कमिश्नर को इन तमाम समस्याओं के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा।

## स्टांप वेंडरों के बोर्ड को लेकर आदेश किए गए जारी

**भोपाल।** स्टांप वेंडरों द्वारा दस्तावेज तैयार किए जाने के बोर्ड लगाने का विरोध दर्ज कराते हुए जिला नोटरी अधिकारी प्रकोष्ठ कल्याण भोपाल के द्वारा ज्ञापन सौंपने के बाद कलेक्टर ऑफ स्टाम्प के स्वप्नेश शर्मा द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि सभी वरिष्ठ उप पंजीयक, उप पंजीयक को निर्देश किया है कि वह मुद्रांक विक्रेताओं, सेवा प्रदाताओं को किसी भी प्रकार के दस्तावेज तैयार नहीं किए जाने संबंधी एवं स्वयं के बोर्ड के अतिरिक्त अनाधिकृत रूप से किसी नोटरी अधिवक्ता के नाम से उल्लेख न करे। इस संबंध में भोपाल जिले में कार्यरत सभी मुद्रांक विक्रेताओं, सेवाप्रदाताओं के विक्रय स्थल का निरीक्षण कर प्रतिवेदन भेजा जाए।

## प्रतिभागियों को टाइम डेटा एनालिसिस के गुर सिखाए

# पीसीसी में दो दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यशाला की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी में मंगलवार को दो दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कार्यशाला की शुरूआत हुई। इस कार्यशाला में प्रदेशभर से कांग्रेस के सभी प्रवक्ता, मीडिया विभाग के पदाधिकारी एवं तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हुए। यह आयोजन कांग्रेस पार्टी के तकनीकी सशक्तिकरण और आधुनिक डिजिटल युग में प्रभावी संवाद कौशल विकसित करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यशाला के प्रथम दिन प्रवक्ताओं को एआई तकनीक के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि कैसे एआई का उपयोग राजनीतिक संदेशों को जन-जन तक पहुँचाने, तथ्यात्मक जानकारी प्रस्तुत करने, गलत सूचनाओं का खंडन करने और सोशल मीडिया पर प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराने में किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को एआई आधारित कंटेंट निर्माण, डिजिटल पोस्टर एवं वीडियो तैयार करने, प्रेस विज्ञप्ति लिखने और रियल-टाइम डेटा एनालिसिस के तरीके सिखाए गए। मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने अपने संबोधन में कहा कि राजनीतिक कार्यकतार्ओं के लिए समय के साथ खुद को अपडेट करना बेहद आवश्यक है। एआई जैसी तकनीक केवल भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान की जरूरत है। कांग्रेस पार्टी चाहती है कि उसका हर प्रवक्ता डिजिटल दुनिया में भी उतना ही सक्षम और सशक्त हो, जितना वह मंच पर होता है। कार्यशाला में चर्चा हुई कि आने वाले समय में चुनाव प्रचार, नीति निर्माण, और जनसंपर्क में एआई का उपयोग कैसे गेम-चेंजर साबित हो सकता है। साथ ही प्रतिभागियों को तकनीक का जिम्मेदारीपूर्वक और नैतिक तरीके से इस्तेमाल करने पर विशेष बल दिया गया।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930